धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
सुप्रभात
रांची, रविवार
14.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 04




हाउसफुल 5 में काम करेंगे संजय दत्त

## न्यूज डायरी

### धनबाद सड़क हादस में तीन की मौत, 6 घायल

धनबाद। तोपचांची थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर शनिवार को सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। छह लोग घायल हो गये। मृतकों में एक बच्ची (8) और दो महिलाएं शामिल हैं। बाइक को तेज रफ्तार बोलेरो ने जबरस्त टक्कर मार दी, जिसमें ये हादसा हुआ।

### झारखंड में जदयू 15 सीटों पर लड़ने की तैयारी में

रांची। झारखंड में जदयू, एनडीए के भरोसे 10 से 15 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में है। शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस आशय पर सहमति बनी।

### नेपाल में ओली आज लेंगे पीएम पद की शपथ

काठमांडू। नेपाल में पूर्व पीएम और सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली रविवार को फिर पद की शपथ लेंगे। शनिवार को उन्होंने देश में नयी सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत किया।




## सोनिया से मिले सीएम हेमंत, कहा- केंद्र की तानाशाही के खिलाफ हमसब एकजुट

# जनता समय पर सबक सिखा देती है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ शनिवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। जेल से रिहा होने के बाद हेमंत सोरेन की ये सोनिया गांधी से पहली मुलाकात है। इस मुलाकात में चुनाव समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। केंद्र सरकार की ओर से आपातकाल संविधान हत्या दिवस घोषित करने की जमकर आलोचना की। सोनिया से भेंट के बाद हेमंत ने पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने बड़े ही तार्किक अंदाज में भाजपा पर तंज कसा, कहा कि वो क्या करेगी, क्या कहेगी, ये तो वहीं जानती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल भी शीघ्र ही जेल से रिहा होंगे। इंडिया गठबंधन इस तानाशाही के खिलाफ एकजुट है।



### जनता को पैसे से नहीं खरीदा जा सकता

केंद्र सरकार द्वारा आपातकाल 1975 की याद में 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने पर झारखंड के सीएम ने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि जनता अब वो नहीं रही, जो इनको लगता है। जनता को अब पैसों से नहीं खरीदा जा सकता। लोकतंत्र और इस देश की खूबसूरती है कि लोग काफी संवेदनशील होते हैं। बर्दाश्त करने की भी क्षमता रखते हैं लेकिन जब जनता अपने पर आती है तो वोट से उसका जवाब देती है। सीएम ने पत्रकारों से कहा, जेल से बाहर आने के बाद अब तक उनकी, सोनिया गांधी से मुलाकात नहीं हुई थी। इसलिए उनसे मिलने आया हूं। । इस मुलाकात की जानकारी श्री सोरेन ने अपने ट्विटर हैंडल पर साझा की है। उन्होंने एक तस्वीर भी पोस्ट की है जिसमें वह कल्पना सोरेन के साथ श्रीमती गांधी के आवास पर उनसे मुलाकात कर रहे हैं।

## सुनीता से मिले, हालचाल जाना

हेमंत बाद में दिल्ली के सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से उनके आवास पर जा कर मिले। अपने आवास पर सुनीता केजरीवाल ने सीएम हेमंत और कल्पना का गर्मजोशी से अभिवादन किया। सुनीता केजरीवाल के साथ आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह भी थे। इनके बीच कई मुद्दों पर लंबी बातें हुईं। हेमंत सोरेन ने भी केंद्र सरकार द्वारा इडी के दुरुपयोग को लेकर बातें साझा कीं। हेमंत जब जेल में थे और अरविंद केजरीवाल बाहर, तब उन्होंने हेमंत की पत्नी कल्पना से फोन पर बात कर उनका हालचाल लिया था। यह पहला अवसर है जब अरविंद केजरीवाल जेल में हैं और हेमंत सोरेन उनके परिवार का हालचाल लेने उनके निवास पर पहुंचे।

### केजरीवाल शीघ्र रिहा होंगे

सीएम हेमंत सोरेन ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के मसले पर कहा कि हम सबको पता है कि पिछले दिनों क्या ड्रामा हुआ है। न्यायपालिका का भी मजाक उड़ाने का षडयंत्र करने का प्रयास किया गया। वो बाहर नहीं निकल पाये, इसका दुख है लेकिन वह जल्द ही जेल से बाहर निकलेंगे।

---

एसडीएलएससी गढ़वा के उद्घाटन पर बोले चीफ जस्टिस

## समय पर गरीबों तक न्याय पहुंचाना जरूरी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर सारंगी ने कहा कि आखिरी गरीब व्यक्ति तक न्याय पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। लीगल सर्विस अथॉरिटी का काम है अंतिम पायदान पर पहुंचे हुए गरीब व्यक्ति तक पहुंचाना और उन्हें कानूनी सहायता देना। चीफ जस्टिस शनिवार को राज्य में राष्ट्रीय लोक अदालत और अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति (एसडीएलएससी) नगर ऊंटरी गढ़वा के उद्घाटन के समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, लोगों को न्याय मिले यह काफी जरूरी है। न्याय में देरी से न्यायिक व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगते **है।** **(शेष 11 पर)**

## जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हरा भारत ने सीरीज जीती

**नयी दिल्ली।** शनिवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला गया भारत-जिम्बाब्वे के बीच पांच मैचों की सीरीज का चौथा मैच भारत ने 10 विकेट से अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत ने सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमाया। सीरीज का आखिरी मैच 14 जुलाई को होगा। टास जीत भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहले गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बावे ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 152 रन बनाये। जवाब में यशस्वी जायसवाल के 53 गेंदों पर नाबाद 93 रन और कप्तान शुभमन गिल के 39 गेंदों पर नाबाद 58 रन के दम पर भारत ने 15.2 ओवर में बिना कोई विकेट खोये लक्ष्य हासिल कर लिया।

# उपचुनाव में भाजपा को झटका

## नतीजों पर बोले राहुल, भाजपा का 'भय और भ्रम का जाल टूटा

- 13 में से 10 इंडिया को
- बिहार में निर्दलीय को मिली जीत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सात राज्यों के 13 विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। इंडिया ब्लॉक के खाते में 10 सीटें गयीं, जबकि भाजपा को सिर्फ दो सीट पर संतोष करना पड़ा। बिहार में रुपौली में एक निर्दलीय उम्मीदवार जीता। पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला में जीत हासिल की। उत्तराखंड के बद्रीनाथ सीट पर भी भाजपा का झटका लगा। बद्रीनाथ के साथ-साथ मंगलौर सीट भी कांग्रेस के खाते में गयी। हिमाचल में कांग्रेस ने देहरा और नालागढ़ जबकि भाजपा ने हमीरपुर में जीत हासिल की। एमपी में भाजपा ने अमरवाड़ा में जीत दर्ज की। पंजाब की जालंधर पश्चिम सीट आप ने जीती। उत्तराखंड में भाजपा दोनों सीटें हार गयी। सबसे अधिक चार-चार सीटों पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। नतीजों से उत्साहित राहुल गांधी ने कहा, 'जनता भाजपा की राजनीति में अहंकार देखती है। **(शेष 11 पर)**

### 10 जुलाई को हुआ था मतदान

शनिवार को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों के नतीजे घोषित हुए। इन सीटों पर 10 जुलाई को मतदान हुआ था। जिन सीटों पर मतदान हुआ था उनमें बिहार की रूपौली, पश्चिम बंगाल में रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला, तमिलनाडु में विक्रवंडी, एमपी में अमरवाड़ा, उत्तराखंड में बद्रीनाथ और मंगलौर, पंजाब में जालंधर पश्चिम और हिमाचल में देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ की सीट शामिल थी।

## सरयू राय ने कोर्ट जाने की धमकी दी

**स्वास्थ्य विभाग घोटाला**

**रांची।** विधायक सरयू राय ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग के घोटालों पर सरकारी स्तर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वह कोर्ट जायेंगे, ताकि मामलों की जांच हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और विभाग के अधिकारियों पर करोड़ों रुपये के घोटाले के आरोप लगाये हैं। उन्होंने शनिवार को कहा कि स्वास्थ्य विभाग में दवा खरीद घोटाला, कोविड प्रोत्साहन राशि घोटाला, अवैध स्थानांतरण घोटाला हुआ है। इन घोटालों को लेकर उन्होंने विधानसभा में भी सवाल उठाये हैं। उनके सवालों पर विधानसभा अध्यक्ष का नियमन भी है। इसके बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



## रांची में झारखंड प्रदेश जदयू कार्य समिति की बैठक आयोजित

# एनडीए फोल्डर में रहते हुए झारखंड में 10 से 15 सीटों पर चुनाव लड़ेगा जदयू

**विधानसभा चुनाव लड़नेवाले संभावित प्रत्याशियों के नामों को लेकर किया गया मंथन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड जनता दल (यू) एनडीए के भरोसे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा। झारखंड में संगठनात्मक रूप से कमजोर जदयू विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही संगठन को मजबूत करने में जुट गया है। झारखंड जदयू इकाई ने 15 जुलाई तक अपने केंद्रीय नेतृत्व को चुनाव लड़ने योग्य विधानसभा क्षेत्र की सूची भेजने का निर्णय लिया है।



शनिवार को सहजानंद चौक स्थित स्वागतम हॉल में आयोजित झारखंड प्रदेश जदयू कार्य समिति की बैठक में विधानसभा चुनाव लड़नेवाले संभावित प्रत्याशियों के नामों को लेकर मंथन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जिला अध्यक्ष सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में दो प्रस्ताव पारित किये गए। पहला- गत राष्ट्रीय कार्यसमिति, दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के सीएम नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा सांसद संजय झा को जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का झारखण्ड जदयू ने स्वागत किया। इसके अलावा आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार के चयन, सीट का चयन, झारखण्ड में एनडीए गठबंधन और जदयू के शीर्ष नेताओं से वार्ता करने और समन्वय स्थापित कर चुनावों को संपन्न करने को प्रदेश कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो को अधिकृत किया।

### दो-तीन दिनों के अंदर सीटों का होगा चयन

झारखंड के एनडीए फोल्डर में चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटा जदयू 10 से 15 सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने इस संबंध में मीडिया कर्मियों के द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि दो-तीन दिनों के अंदर सीटों का चयन कर जानकारी दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एनडीए फोल्डर में जितनी सीटें मिलेंगी उस हिसाब से चुनाव लड़ा जाएगा। अभी सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हम आकलन करने में जुटे हैं की कितनी सीटों पर चुनाव लड़ने में हम सक्षम हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अक्टूबर-नवंबर में चुनाव कराने के बजाय दिसंबर में चुनाव हो तो बेहतर होगा। हालांकि चुनाव आयोग का जो निर्णय होगा उसका हम पालन करेंगे।

## संविधान हत्या दिवस पर झामुमो ने उठाए सवाल

# संविधान हत्या दिवस मनाने के केंद्र के निर्णय को रद्द करें राष्ट्रपति : झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार ने आपातकाल का हवाला देते हुए 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया है, अब इस पर राजनीति शुरू हो गई है। इंडिया गठबंधन के घटक और झारखंड में सरकार का नेतृत्व कर रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा ने केंद्र के इस फैसले पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर निशाना साधा है। पार्टी ने राष्ट्रपति से केंद्र सरकार के इस फैसले से जुड़ी अधिसूचना को निरस्त करने की मांग की है।

पार्टी महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा है कि संविधान हमारे देश का धर्म ग्रंथ है। लेकिन भारत सरकार अब उसकी हत्या का दिवस मनाएगी। कुछ समय पूर्व हुए लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान बदलने की भाजपा की नीयत जब




सामने आई तो लोग बेचैन हो उठे। लिहाजा, 400 पार का नारा 303 से नीचे उतरकर 240 पर आ गया। इसी बौखलाहट में भाजपा के नेतृत्व में चल रही भारत सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की घोषणा कर दी।

झामुमो की दलील है कि 25 जून 1975 को संविधान की धारा 352 के तहत आपातकाल लगाया गया था। तब दो वर्षों के लिए लोगों के संवैधानिक अधिकार को सस्पेंड कर दिया गया था। फैसला संवैधानिक रूप से लिया गया था।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव ने कि वह कालखंड देश के लोकतांत्रिक इतिहास का काला अध्याय था। झामुमो का कहना है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ था, इससे पूर्व 1962 में चीन के साथ युद्ध के दौरान और 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान भी आपातकाल लगाया गया था। भाजपा ने संविधान के अनुच्छेद 365 का उपयोग करते हुए कई बार राष्ट्रपति शासन भी लगाया है, वह भी एक तरह का आपातकाल ही है।

# जेबीवीएनएल अब खुद करेगा राजस्व वसूली

## बिलिंग एजेंसी एचसीएल की सेवा की समाप्त

**राजस्व वसूली की प्रक्रिया को किया जा रहा दुरूस्त**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम अब राजस्व वसूली या बिलिंग के सारे काम अपने हाथों में ले रहा है। इसके साथ ही बिलिंग के लिये कार्यरत एजेंसी एचसीएल की सेवा निगम ने समाप्त कर दी है और बिलिंग अपने हाथों में लेने के साथ ही निगम राजस्व वसूली को दुरूस्त करने की योजना बना रहा है। इसके लिये राजधानी रांची और धनबाद जैसे जिलों में स्मार्ट मीटर का उपयोग किया जायेगा। जहां स्मार्ट मीटर प्रीपेड मोड पर शुरू किया जायेगा। जिससे उपभोक्ता मीटर उपयोग के पहले रिचार्ज करेंगे। इससे निगम के राजस्व में वृद्धि होगी। इसके लिए जेबीवीएनएल 21 जुलाई से स्मार्ट मीटर प्रीपेड मोड पर शुरू करेगा। इसे डिवीजन वाइज अलग-अलग चरणों में किया जायेगा। निगम की ओर से उपभोक्ताओं से अपील की गयी है कि उपभोक्ता अपने नजदीकी बिजली कार्यालय में जाकर कंज्यूमर आईडी के साथ मोबाइल नंबर टैग कर ले। इससे उपभोक्ताओं को वाट्सएप पर भी सेवा मिल सकेगी। रांची में अब तक 2.5 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं।

लक्ष्य 3 लाख 50 हजार घरों का है। अबतक 25 हजार उपभोक्ताओं के मीटर प्रीपेड किये जा चुके हैं। अगस्त तक सबका मीटर प्रीपेड किया जाना है। जानकारी हो स्मार्ट मीटर लगा रही एजेंसी जीनस सेक्योर को सिंतबर तक राजधानी में स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरा करना है। ऐसे में निगम अधिक से अधिक बिलिंग वूसली के लिये स्मार्ट मीटर को प्रोत्साहित कर रहा है।

# उपचुनाव के नतीजे से सीख ले भाजपा : शशि भूषण राय

## उपचुनाव में इंडी एलाइंस को मिला जनता का समर्थन

**क्या कहा : विधानसभा के चुनाव में झारखंड एवं अन्य राज्यों में भी इंडी गठबंधन शानदार प्रदर्शन दोहरायेगा और भाजपा हारेगी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने शनिवार को आए उपचुनाव के नतीजों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सर्वप्रथम हर्ष जताया है एवं उन्होंने कहा है कि आज भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों की गिरती लोकप्रियता के कारण एवं हमारे नेता राहुल गांधी, मलिकार्जुन खरगे एवं हमारे स्थानीय नेतृत्व की मेहनत से हम यह चुनाव जीत पाए हैं। सबसे पहले तो जीते गए सभी हमारे नवनिर्वाचित विधायकों को शुभकामनाएं। उन्होंने कहा है कि बतौर नेता विपक्ष राहुल गांधी ने संसद में जनता से जुड़े मुद्दों को उठाया, चाहे वह अग्निवीर का मुद्दा हो, मणिपुर पर हो रही हिंसा का मुद्दा हो या नीट के परीक्षा में हुई धांधली की बात हो। उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि



उपचुनाव में इंडी गठगबंधन ने अधिक से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की।

श्री राय ने कहा है कि जिस तरह से पिछले एक महीने में भाजपा ने जनता के मुद्दों से हटकर सिर्फ और सिर्फ अपने आप को बचाने का काम किया है उनके द्वारा ना तो नीट पर जवाबदेही तय हुई ना ही जनता से जुड़े किसी मुद्दों पर उन्होंने कोई स्टैंड लिया, जिसके परिणाम स्वरुप जनता ने भाजपा के विरोध में वोट किया और हमारे उम्मीदवारों को जिताया।

श्री राय ने कहा है कि उपचुनाव के नतीजों ने इंडी गठबंधन का मनोबल बढ़ाया है। मुझे विश्वास है कि अगामी विधानसभा के चुनाव में झारखंड एवं अन्य राज्यों में भी इसी तरह का प्रदर्शन इंडिया गठबंधन दोहरायेगा और भाजपा बुरी तरह हारेगी।

## कार्मिक विभाग ने तैयार की सूची

# राज्य में बड़े पैमाने पर बदले जायेंगे आइएएस

- सरकार से हरी झंडी मिलते ही सचिवालय से लेकर जिला मुख्यालय तक के अफसर बदले जायेंगे

**रांची।** राज्य में बड़े पैमाने पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादले की तैयारी चल रही है। कार्मिक विभाग ने तबादले की सूची तैयार कर ली है। सरकार से हरी झंडी मिलते ही सचिवालय से लेकर जिला मुख्यालय तक के अफसर बदले जायेंगे। इस बार सचिवालय में सचिव स्तर के अधिकारियों का भी ट्रांसफर होगा। कई प्रमुख विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव सहित विभागाध्यक्ष बदलने की तैयारी की जा रही है। सचिवालय में इसको लेकर प्रशासनिक हलचल तेज है। राज्य में फिर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार बनने और नये कैबिनेट मंत्रियों के पद पर काबिज होने के बाद तबादले की सरगर्मी काफी बढ़ी हुई है। सचिवालय के गलियारों में भी इसकी चर्चा चल रही है। राज्य में विधानसभा चुनाव नजदीक है, ऐसे में इसके पहले सरकार के स्तर पर अधिकारियों के तबादले पर मंथन चल रहा है। सितंबर-अक्टूबर तक आचार संहिता लग जाने के बाद चुनाव आयोग की सहमति के बाद ही ट्रांसफर हो पायेगा। ऐसे में जुलाई माह में बड़े पैमाने पर तबादले किये जायेंगे। आइएएस अधिकारियों के तबादले एक-दो दिनों में किये जाने की संभावना जतायी जा रही है।

# मॉब लिंचिंग में मारे गये अख्तर अंसारी के परिवार वालों से मिले शमशेर आलम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल शनिवार को कटमकुली बस्ती में विगत दिनों मॉब लिंचिंग में मारे गये अख्तर अंसारी के परिवारजनों से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने पीड़ित परिवारों को संत्वना देते हुए अपने निजी कोष से 21000 रूपये की आर्थिक सहायता देते हुए भविष्य में मदद करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने पीड़ित परिवार के घर से ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को फोन लगाकर पीड़ित परिवार को अबुआ आवास देने को कहा जिसे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि यथाशीघ पीड़ित परिवार को आवास उपलब्ध करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मॉब लिंचिंग जैसी घटना पर सरकार पूरी तरह गंभीर है जिसका नतीजा है कि पुलिस प्रशासन विशेष कर वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन सिन्हा ने तत्परता दिखाते हुए इस घटना में चार लोगों को गिरफतार कर जेल भेजा। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मॉब लिंचिंग पर कानून बनाने का आग्रह करेंगे। इस अवसर पर युनाईटेड मिली फॉरम के अफजल अनीस, जमील अख्तर, फिरोज अहमद आदि थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla**

**Very Short E-Quotation No. 01/2024-25 2nd call**

Rate through e-quatation are invited for supplying, Installation and Commissioning of motor pump sets, stabilizers with all accessories and all allied works for the Rural Water Supply Pumping Plant BASIA for the year 2024-25 under D.W. & S. Mech. Division, Gumla. under D.W.&. S. Mech. Division. Gumla. work to drinking Water supply from reputed Manufacturers /experience /Authorized Dealers/ Registered departmental contractor having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Division. Gumla, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 16.07.2024 at 3.30 hrs. to 22.07.2024 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 23.07.2024 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,Gumla

PR 329517 Water Resource(24-25).D



**जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला**

**"आम सूचना"**

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड रांची के 14 रा0(वि0) दिनांक 01.07.2024 के आलोक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत् ग्रामीण स्तर पर युवाओं/महिलाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित/लाभुक अंशदान पर संचालन हेतु गव्य प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन भरकर सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र0 | योजना का नाम | योजना का लागत राशि | लक्ष्य | | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 50 प्रतिशत अनुदान | 75 प्रतिशत अनुदान | 90 प्रतिशत अनुदान | |
| 1 | 02 गाय/भैंस वितरण की योजना | 135050/- | 0 | 45 | 40 | |
| 2 | 05 गाय/भैंस वितरण की योजना | 337625/- | 15 | 18 | 0 | |
| 3 | 10 गाय/भैंस वितरण की योजना | 675250/- | 05 | 02 | 0 | |
| 4 | हस्तचालित चैफ कटर | 8000/- | 0 | 38 | 43 | |
| 5 | विद्युतचालित चैफ कटर | 20000/- | 0 | 0 | 26 | |
| 6 | मिल्कींग मशीन (4 बकेट) | 120000/- | 0 | 0 | 01 | |
| 7 | पनीर एवं खोवा मेकिंग यूनिट (1 सेट) | 100000/- | 0 | 0 | 01 | |
| 8 | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट 3 M × 2M × 1M | 25000/- | 0 | 0 | 75 | |
| 9 | डीप बोरिंग यूनिट | 100000/- | 0 | 0 | 17 | |
| 10 | काउ मैट 6.5"X4.0' | 5200/- | 0 | 0 | 06 | |

**चयन हेतु अर्हताएं एवं प्रक्रिया :-**
- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोपरांत दिया जाएगा।
- पशुपालक झारखण्ड राज्य के गुमला जिला का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
- जिला के लाभुकों का चयन ग्राम सभा द्वारा किया जायेगा।
- योजनावार/प्रखण्डवार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- जिला स्तरीय चयन समिति से अनुमोदन उपरांत लाभुक अंशदान की राशि एक माह के अंदर संबंधित खाता में जमा कराना होगा।
- सभी योजनाओं का अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुकों के Escrow Account में हस्तांरित की जायेगी।
- विगत पाँच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- योजनान्तर्गत दुधारू पशु के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा अभिसरण के तहत् की जाएगी।

**02 गाय की योजना :-**
- इस योजना में सिर्फ महिलाओं को आच्छादित किया जाना है।
- 90% के अनुदान की योजना सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्त से प्रभावित सभी ग्रामीण महिला को दिया जायेगा। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)
- 75% के अनुदान की योजना सभी ग्रामीण महिला लाभुकों को लाभ दिया जायेगा।

**05/10 गाय की योजना :-**
- 50% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला-पुरूष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- 75% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

**अन्य योजनाएं (पशुआहार एवं चारा विकास/प्रगतिशील डेयरी कृषकों की सहायता योजना) :-**
- 75 % के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला-पुरूष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- 90% के अनुदान की योजना अनुसूचित जातियों के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

नोट :- उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने एवं अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला से सम्पर्क करेंगे।

PR 329513 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गुमल


# नॉर्मलाइजेशन की आड़ में भ्रष्टाचार इस बार गयी हेमंत सरकार : बाउरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने लैब असिस्टेंट नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी और अभ्यर्थियों के बीच पक्षपात का आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा है कि मामला बेहद गंभीर है। विभाग अपना स्पष्टीकरण दे। सीबीआई जांच आवश्यक है। हेमंत राज में जेएलएसीइ-2023 में अनारक्षित कैटेगरी में 150 में 80 अंक लाने वाले अभ्यर्थी का चयन हो गया। साथ ही होम टाउन तो छोड़िए होम विलेज के होम स्कूल में ज्वाइन करवा दिया, लेकिन बीसी वन और टू (आईआईटी के विद्यार्थी) को 130 प्लस सही करने के बावजूद भी चयन तक नहीं हुआ। 50 प्रश्न अधिक सही करने वाले आईआईटी में पढ़े ओबीसी विद्यार्थी का चयन न होना, 50 सवाल कम सही करने वाले विद्यार्थी का चयन होना सवाल



खड़ा करता है।

**100 नंबर का अंतर भी :** बाउरी ने ट्वीट में लिखा है कि हर प्रश्न का 2 अंक अर्थात यह सिर्फ 50 प्रश्नों अंतर नहीं, बल्कि पूरे 100 नंबर का अंतर है। 100 अंकों का नॉर्मलाइजेशन वाह! अभ्यर्थियों से लगातार मिल रही जानकारी के मुताबिक ये तो महज एक ट्रेलर है, ऐसा कई अभ्यर्थियों के साथ हुआ है। यह दिखता है कि किस प्रकार हेमंत सरकार झारखंड के हमारे बच्चों का भविष्य को रौंद रही है। नॉर्मलाइजेशन की आड़ में भ्रष्टाचार? हेमंत सरकार, गई इस बार।

## पूर्व आइएएस अधिकारी राजीव कुमार आजसू पार्टी में शामिल

# हेमंत सरकार पर विश्वास करने का समय खत्म, अब जवाब देने की बारी : सुदेश महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार ने राज्यवासियों का विश्वास तोड़ा है। जनादेश के साथ धोखाधड़ी की है। सरकार पर विश्वास करने का समय अब खत्म हो गया और मतलब भी नहीं। यह समय और मौका इन्हें इनकी वादाखिलाफी का जवाब देने का है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कांके रोड, रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कुमार ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि स्थापित सरकार ने यूथ को धोखा दिया है। धोखा खाए हुए नौजवान सड़कों पर भटक रहे हैं और अपने



भविष्य के लिए चिंतित हैं। सरकार ने रोजगार मेला लगाकर जिन युवाओं को नौकरी दी वो युवा अब कहाँ हैं इसका हिसाब सरकार को देना चाहिए। नियोजन नीति को लेकर झारखंडी युवा छले गए हैं। सरकार की नीयत उजागर है। इसके बाद भी कभी 30 हजार कभी 40 हजार नौकरियां देने के वादे किए जा रहे हैं।

पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कुमार का पार्टी में स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार परिणाम नहीं देती है तो जनता को निराशा होती है। समाज के हर वर्ग के लोग हमारे साथ जुड़ रहे हैं।

पार्टी में शामिल पूर्व आईएएस राजीव कुमार ने कहा कि आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के विकास के प्रति सोच और झारखंडी विचारों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहा हूं। इस अवसर पर मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, आशुतोष तिवारी, आदिल अजीम, हरिश कुमार उपस्थित थे।

## जामताड़ा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम एवं विजय संकल्प सभा में बाबूलाल बोले-

# प्रदेश की भ्रष्ट सरकार को हटाने का संकल्प लें कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को जामताड़ा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम एवं विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। श्री मरांडी ने बूथ से लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी हैं। पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को लेकर घर घर तक कार्यकर्ता ही जाता है। चुनाव के दिन बूथों पर परिश्रम करता है। पसीना बहाता है। तब पार्टी जीत का जश्न मनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही आज विश्व की सबसे बड़ी



राजनीतिक पार्टी है। तीन बार से लगातार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सरकार बन रही है। इसलिए कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा करने के बाद हम सब को चैन से तबतक नहीं बैठना है, जबतक राज्य से भ्रष्ट, निकम्मी और लुटेरी सरकार को उखाड़ नही फेंके।

**बदतर होती जा रही है राज्य की स्थिति :** बाबूलाल ने कहा कि आज राज्य की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। 24 वर्षों के युवा झारखंड में राज्य के लाखों बेरोजगार युवा दर-दर की ठोकरें खाने को विवश हैं। पांच लाख प्रतिवर्ष नौकरी का वादा पूरी तरह फेल हो गया। बेरोजगारी भत्ता का कोई अता पता नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त है। अपराध चरम पर हो गया है। पुलिस वसूली में लगी है। खान खनिज जमीन की लूट हो रही। अब तो नौकरी देने के नाम पर नौकरियां भी लूटी जा रही।

### आज संथाल परगना की बदल चुकी है डेमोग्राफी

श्री मरांडी ने कहा कि आज राज्य में जो विकास कार्य दिखाई दे रहा है वह सब भाजपा सरकार की देन है। राज्य गठन के साथ राज्य के विकास के लिए भाजपा संकल्पित है।जब भी भाजपा एनडीए की सरकारें बनी विकास की लंबी लकीर खींची गई है। राज्य में सड़क, पूल, पुलिया, अस्पताल, विद्यालय भवन, एम्स, हवाई अड्डे सभी भाजपा और डबल इंजन सरकार की देन है। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में जनता ने अपना इरादा बता दिया है। जनता भाजपा और एनडीए को राज्य की सत्ता सौंपने का मिजाज बना चुकी है। राज्य की जनता लूट, भ्रष्टाचार से ऊब चुकी है और परिवर्तन चाहती है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना की स्थिति और भयावह है। तुष्टिकरण के नाम पर यह सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। आज संथाल परगना की डेमोग्राफी बदल चुकी है। आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है। उन्होंने कहा कि राज्य में सुशासन और विकास केलिए विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार, डबल इंजन सरकार बनाने का संकल्प लें।

स्पीड न्यूज

## विधायक सविता महतो ने की समीक्षा बैठक

**चांडिल।** ईचागढ़ प्रखंड सभागार में गुरुवार को विधायक सविता महतो की अध्यक्षता में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का बैठक हुई। बैठक में सभी विभागों का बारी बारी से समीक्षा की गयी। साथ ही प्रखंड स्तर पर चल रहे सभी विकास योजनाओं का भी समीक्षा किया गया। बैठक में ग्रामीणों के समस्याओं को भी रखा गया व समाधान का निर्देश भी विधायक ने विभागीय अधिकारियों को दिया।

## एनएच पर सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**जमशेदपुर।** उलीडीह थाना अंतर्गत एनएच 33 पर डिमना चौक के पास शुक्रवार तड़के सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। सुबह स्थानीय लोगों ने शव देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव को पोस्टमार्टम के शव गृह में रखवा दिया है। इधर, पुलिस मृतक की पहचान में जुट गयी है। मृतक की उम्र 30-35 वर्ष बतायी जा रही है।

## नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ चला अभियान

**गम्हरिया।** गम्हरिया-कांड्रा मेन रोड में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना रोकने के लिए जिले के यातायात थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को नो पार्किंग जोन में खड़ी वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग कंपनी में माल लेकर आये 11 गाड़ियों से गलत साइड में पार्किंग किए जाने के एवज में 5500 रुपये दंड की वसूली की।

## छात्रों ने सदर अस्पताल के डॉक्टरों को किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय के एसडीयू स्कूल ऑफ फामेर्सी के छात्रों, संकाय सदस्यों और अन्य कर्मचारियों ने आज सदर अस्पताल, घाटशिला में हमारे उद्धारकर्ता डॉक्टरों के योगदान को मान्यता दी। मौके पर डॉ राजेंद्र नाथ सोरेन, उपाधीक्षक सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (घाटशिला), डॉ कुमुदिनी सरदार (एमओ), डॉ विकास मार्डी (एमओ), डॉ आरएन टुडू (एमओ) को सम्मानित किया गया।

## निखिल एकेडमी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** शनिवार को द इंस्टीच्यूट ऑफ कास्ट अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा जारी किये गये फाउंडेशन परीक्षा के परिणाम में एनएसी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। हर साल की तरह इस साल भी छात्रों ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की। सीएमए फाउंडेशन की परीक्षा में पास होने वाले छात्रों में सुमित, अनिस, फैजल, राहुल, रीति, उषा, दीपांशु, सांभवी, संजना, लक्ष्मी, मलाइका, मौसमी, श्रुती, लक्ष्मी एवं सुमन शामिल हैं।

## स्कूटी सवार महिला से छिनतई का प्रयास

**गम्हरिया।** गुरुवार की शाम करीब पांच बजे टाटा-कांड्रा मार्ग पर पेप्सी कंपनी के समीप एक स्कूटी सवार महिला से बाइक सवार बदमाशों ने पर्स छिनतई का प्रयास किया। हालांकि बदमाश अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। इस दौरान बदमाशों के हरकत से बचने के क्रम में महिला स्कूटी से बीच सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। स्थानीय लोगों के सहयोग से महिला को इलाज के लिए गंगोत्री नर्सिंग होम ले जाया गया। बताया जाता है कि आरआईटी थाना अंतर्गत इच्छापुर की रहने वाली पूर्णिमा गोप अपने बच्चों को नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल लाने जा रही थी।

## राजनगर में तीसरी बार रक्तदान शिविर 15 को

**जमशेदपुर।** टाइगर आर्ट्स एंड कल्चर सोसायटी, गामदेसाई और सामाजिक संस्था नयी जिंदगी परिवार जमशेदपुर ने राजनगर के गामदेसाई क्लब भवन में 15 जुलाई को तीसरी बार रक्तदान शिविर लगायेगा। बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर ब्लड सेंटर की टीम रक्त संग्रह करेगी। यह शिविर सुबह 9 से अपराह्न 4 बजे तक चलेगा। यह जानकारी राजनगर क्षेत्र के समाजसेवी संजीव टुडु और ट्राईबल ब्लड मैन के नाम से चर्चित राजेश मार्डी ने प्रेस वार्ता में दी।

# मुहर्रम जुलूस के रूट में बदलाव की अनुमति नहीं : डीसी

- असामाजिक तत्वों एवं सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की कड़ी निगरानी
- विधि व्यवस्था संधारण को लेकर केन्द्रीय शांति समिति के साथ डीसी,एसएसपी ने की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बैठक को संबोधित करते डीसी अनन्य मित्तल और



बैठक में उपस्थित डीसी अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी ऋषभ गर्ग। साथ में डीडीसी मनीष कुमार।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने मुहर्रम-2024 के अवसर पर शांति एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर रविन्द्र भवन, साक्ची के सभागार में केंद्रीय शांति समिति सदस्यों, विभिन्न मुहर्रम समिति के लाइसेंसधारी के साथ बैठक की। जिसमें विभिन्न थाना क्षेत्रों में संपन्न शांति समिति बैठकों के फीडबैक पर चर्चा की गयी तथा मुहर्रम समिति के लाइसेंस धारियों द्वारा पेयजल, बिजली तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को सहानुभूतिपूर्वक सुनते हुए उचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया गया। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी सह ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, एसडीएम घाटशिला, एलआरडीसी, जिला स्तरीय अन्य विभागीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी बैठक में मौजूद रहे।

जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा सभी मुहर्रम समितियों को निदेशित किया गया कि जुलूस मार्ग का विचलन नहीं करें, जिस मार्ग से जुलूस निकलता रहा है उसी से निकालें। प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जिस मार्ग से मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा, उसका पूर्व में सत्यापन कर लें। जिले में शांति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी।

शांति एवं सांप्रदायिक सद्भाव के वातावरण में त्यौहार मनाये जाने हेतु सभी उपस्थिति मुहर्रम समिति से अनुरोध किया गया। साथ ही जुलूस निकाले जाने के दिशा-निर्देशों एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं से सभी को अवगत कराया गया। सभी मुहर्रम समितियों को अपने 20-20 वॉलंटियर की सूची संबंधित थाना प्रभारी से साझा करने, असामाजिक तत्वों पर निगरानी को लेकर सक्रिय कमिटी मेंबर को दायित्व दिए जाने की बात कही गयी।

### भ्रामक सूचना की जानकारी प्रशासन को दें

सोशल मीडिया पर यदि किसी तरह की झूठी खबर या अफवाह फैलाई जाती है तो अविलंब इसकी सूचना नजदीकी थाना या प्रशासनिक पदाधिकारियों को देने की अपील की गई। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, साथ ही सोशल मीडिया पर विशेष टीम नजर रखेगी ताकि किसी भी प्रकार से सामाजिक सौहार्द्र के वातावरण को कोई शरारती तत्व बिगाड़ नहीं पायें। बाइकर्स गैंग तथा नशापान कर हुड़दंग मचाने वालों के विरूद्ध भी सख्ती का निर्देश दिया गया।

जमशेदपुर पश्चिम को मिली 5.81 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

# क्षेत्रीय विधायक सह मंत्री बन्ना गुप्ता ने 40 योजनाओं का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री बन्ना गुप्ता के कर कमलों द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा अमृत 20 की निधि से क्रियान्यक्ति विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम किया गया। मंत्री ने प्राक्कलित राशि 5 करोड़ 81 लाख 17 हजार 1 सौ 78 रुपये की कुल योजना 40 योजनाओं का शिलान्यास किया।

इन योजनाओं में नागरिक सुविधा मद अन्तर्गत कुल योजनाओं की संख्या 15 कुल प्राक्कलित राशि-2.25,73, 641.00 है जबकि सड़क परिवहन मद अन्तर्गत कुल योजनाओं की संख्या 24 कुल प्राक्कलित राशि - 2,87,53,168.00 है। अमृत 20 मद अन्तर्गत कुल योजनाओं की संख्या 01 कुल प्राक्कलित राशि 67,90,369.00 है।





शिलान्यास कार्यक्रम में मंत्री बन्ना गुप्ता का स्वागत करते जेएनएसी के कार्यकारी पदाधिकारी कृष्ण कुमार और खाद्य आपूर्ति मंत्री के रूप में बन्ना गुप्ता साकची जेएसएफसी/ एसएफसी के गोदाम का औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो कर्मचारी गायब थे। तभी भूख लगने पर मंत्री ने वहां भोजन भी किया।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि विकास कार्य न रुका था न रुकेगा। मैं व्यक्तिगत रूप से अपने विस क्षेत्र के प्रत्येक मोहल्ले एवं सोसायटी का निरीक्षण कर लोगों से मिलता भी हूं और ऑन स्पॉट समस्या को सुनकर समाधान करने का प्रयास करता हूं। आज कई योजनाओं का शिलान्यास कर जनता को समर्पित किया हूं ताकि क्षेत्र में विकास की गंगा अनवरत बहती रहे।

कार्यक्रम में इरशाद हैदर, अमित प्रसाद, बिनोद रजक, राजेश रजक, भोला गोस्वामी, सूरज कुमार, राजकुमार दास, जयप्रकाश साहू, अनिल सिंह, जीतेन्द्र सिंह, मनोज झा, राकेश दास, ईश्वर सिंह, माजिद अख्तर, संजय तिवारी, प्रभात ठाकुर, रवि दुबे, मो इरशाद समेत अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

| मुख्य योजनाओं का विवरण |
|---|
| मुख्य योजनाओं का विवरण |
| 1. सामुदायिक भवन का निर्माण। |
| 2. सामुदायिक भवन का सौंदर्यीकरण। |
| 3. छठ घाट निर्माण। |
| 4. तालाब निर्माण. |
| 5. सड़क निर्माण. |
| 6. नाली निर्माण |

टाटा वर्कर्स यूनियन: डिलीवरी मैनेजमेंट के

## निर्विरोध असीम रॉय को मिला प्रमाण पत्र



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को टाटा वर्कर्स यूनियन के उप-चुनाव कार्यक्रम के अनुसार विजयी प्रत्याशियों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण निर्धारित था। प्रमाण-पत्र वितरण हेतु यूनियन के कांफ्रेंस हाल में एक कार्यक्रम चुनाव संचालन समिति ने आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता चुनाव संचालन समिति के निर्वाची पदाधिकारी शाहनवाज आलम ने की। इस कार्यक्रम में विजयी प्रत्याशी, चुनाव संचालन समिति के सदस्य अजय चौधरी, श्याम बाबु एवं टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, महासचिव सतीश सिंह, सह अध्यक्ष शैलेश सिंह, उपाध्यक्ष राजीव चौधरी, चुनाव संचालन समिति के सहयोगी धर्मबीर सिंह एवं डिलीवरी मैनेजमेंट (सेंट्रल प्रोक्योरेमेंट) के इसी निर्वाचन क्षेत्र के वर्तमान कार्यकारिणी समिति सदस्य उमेश सिंह आदि भी उपस्थित थे।

## 70 इसाई तीर्थ यात्रियों का दल गोवा रवाना

- उप विकास आयुक्त ने समाहरणालय से बस को दिखायी हरी झंडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



तीर्थ यात्रियों को बिदाई देते वक्त बस में सवार डीडीसी मनीष कुमार।

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के तत्वाधान में पूर्वी सिंहभूम के 70 सदस्यीय ईसाई धर्मावलंबियों (अटेंडर सहित) के जत्थे को गोवा तीर्थ यात्रा हेतु पूर्वाह्न 9 बजे समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। इस मौके पर डीडीसी मनीष कुमार ने तीर्थ यात्रियों के सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामना देते हुए हरी झंडी दिखाकर रांची स्थित हटिया रेलवे स्टेशन के लिए दो बसों को रवाना किया। रांची से तीर्थ यात्रियों का दल रेल मार्ग द्वारा गोवा प्रस्थान करेगी। सात दिवसीय तीर्थ यात्रा 13 जुलाई से प्रारंभ होकर 19 जुलाई 2024 को समाप्त होगी। झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित तीर्थ स्थल दर्शन हेतु ऐसे नागरिकों को शामिल किया गया है जो झारखंड के निवासी हैं, उनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है, वे बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आते हैं तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं। इस तीर्थ यात्रा में तीर्थ यात्रियों के लिए झारखंड टूरिज्म डिपार्टमेंट कॉर्पोरेशन और जिला प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किये थे।

# जमशेदपुर एफसी ने निखिल बारला के साथ 4 साल के लिए किया करार

›› जानें कैसा रहा अब तक का सफर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** निखिल बारला को जमशेदपुर एफसी ने मई 2028 तक के लिए साइन किया है। खूंटी के रहने वाले 20 वर्षीय विंगर ने जमशेदपुर एफसी यूथ सेटअप में रैंकों के माध्यम से पहली टीम में तेजी से प्रगति की है। वह मैदान पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा, गति और कौशल से प्रशंसकों और कोचों को प्रभावित कर रहे हैं। राइट विंग पर अलग अलग पोजिशन पर खेलने में सक्षम, बारला ने पिछले इंडियन सुपर लीग सीजन में तीन असिस्ट के साथ में अपनी झलक दिखाई थी। अपने अनुबंध विस्तार के साथ निखिल बारला जुलाई से प्री-सीजन में जर्सी नंबर 77 पहनने के लिए तैयार हैं। वह एक बार फिर मैदान पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं और फैंस प्रतिभाशाली लोकल बॉय से और अधिक रोमांचक प्रदर्शन की उम्मीद कर सकते हैं। अमृत गोप और मोबाशिर रहमान के बाद निखिल जमशेदपुर में झारखंड के तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्हें जमशेदपुर एफसी ने कंटीन्यू किया है।




खूंटी निवासी निखिल बारला।

## भाजपा नेताओं का नेचर और सिग्नेचर जल्दी नहीं बदलता : डॉ अजय कुमार

- ओडिसा राजभवन में स्टाफ के साथ राज्यपाल पुत्र ललित दास पर मारपीट करने का आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक पुरानी कहावत है की किसी व्यक्ति का नेचर और सिग्नेचर जल्दी नहीं बदलता । यह कहावत ओडिसा के राजपाल रघुवर दास के बेटे ललित कुमार के लिए सही साबित हुआ है। उक्त बातें पूर्व सांसद सह कांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य डॉ अजय कुमार ने शनिवार को परिसदन में मीडिया से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जिस प्रकार ओडिसा के राज्यपाल के बेटे ललित कुमार ने राजभवन कर्मचारी के साथ गाली गलौज एवं मारपीट की, वह निंदनीय है, बेहद शर्मनाक है। भाजपा के नेताओं और उनके बेटों की करतूत कोई नयी बात नहीं है।



सर्किट हाउस में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व सांसद और वर्तमान में वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ अजय कुमार। साथ में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी।

# त्वरित समाधान का प्रभावी जरिया है लोक अदालत : अनिल मिश्रा

- जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन
- 218919 केस का निष्पादन और 42. 35 करोड़ की राजस्व प्राप्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नालसा और झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर ने 13 जुलाई शनिवार को व्यवहार न्यायालय के लोक अदालत हॉल में नेशनल लोक अदालत लगायी। जिसमें कुल 218919 मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान 42 करोड़ 35 लाख 88 हजार 111 रुपये की राजस्व भी प्राप्त हुआ।



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल मिश्रा एक लाभुक को चेक सौंपते हुए। साथ में झारखंड बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ला व अन्य।

नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन ऑनलाइन रुप से झारखंड हाई कोर्ट रांची के चीफ जस्टिस माननीय न्यायमूर्ति डॉ बी आर सारंगी के कर कमलों ने विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात उनके संबोधन के बाद जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का श्री गणेश किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने मोटर वाहन दुर्घटना में मरने वाले मृतक के आश्रित को 11 लाख रुपये का चेक दिया। इस दौरान प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश के साथ अन्य विशिष्ट अतिथियों में न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय माननीय श्री अजीत कुमार सिंह , स्टेट बार कौंशिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, जिला बार एसोसिएशन तदर्थ कमेटी के अध्यक्ष लाला अजित अंबष्ट, तदर्थ कमेटी के सदस्य जयप्रकाश, डालसा के सचिव राजेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद थे। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि नेशनल लोक अदालत में अपने मामले का त्वरित समाधान पाकर समय और पैसा दोनों की बचत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नालसा, झालसा एवम डालसा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में काफी मददगार साबित हुईं हैं।

एक नजर में

## मजदूरों के मसीहा थे रतिलाल महतो : चंपई सोरेन



**गम्हरिया।** प्रसिद्ध मजदूर नेता शहीद रतिलाल महतो के 25वें शहादत दिवस पर गम्हरिया के ऊपरबेड़ा मैदान में श्रद्धांजलि सभा की गयी। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने ऊपरबेड़ा मैदान स्थित उनकी प्रतिमा पर फूलमाला पहना कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहीद रतिलाल महतो स्मृति समिति के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन तथा विशिष्ट अतिथि ईचागढ़ विधायक सविता महतो थीं। उन्होंने समाधि स्थल पर स्थित रतिलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व सीएम ने कहा कि शहीद रतिलाल महतो मजदूरों के मशीहा थे। वे मजदूरों के हक और अधिकार के लिए हमेशा आवाज उठाते थे। मौके पर पूर्व सीएम के पुत्र बबलू सोरेन, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष छायाकांत गोराई, झामुमो जिला अध्यक्ष शुभेंदु महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत प्रधान, अमृत महतो, राम हांसदा, जगदीश महतो, मनदीप महतो, मनिल महतो, राजेश महतो, चंदन महतो, वीरेन महतो समेत कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक मंगल ने किया पार्टी कार्यालय का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** पश्चिमी घोड़ाबंधा पंचायत के खड़ंगाझार में झामुमो के कार्यालय का उद्घाटन जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय का उद्घाटन क्षेत्र में पार्टी को पूर्ण रूप से सशक्त व मजबूत बनाने के लिए खोला गया है। क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं को यहां रख सकते हैं, जिसका समाधान कार्यालय करायेगा। जुगसलाई विस में विकास को गति मिली है सड़कों का जाल बिछाया गया है डिग्री कॉलेज का निर्माण हो रहा है, स्टेडियम का निर्माण हो रहा है यह सब जनता के आशीर्वाद से ही संभव हो पा रहा है। मौके पर झामुमो नेता प्रकाश सहाय, शाहिद परवेज, राजु राणा, विक्रम सिंह, बिनीत जायसवाल, मनीष तिवारी, बुलेट महतो, उमा शंकर सिंह, अतिश महाराज, गोवेर्धन सरकार, पुजा महतो, सपना महतो, रिया प्रसाद, अमित सिंह, सक्षम श्रीवास्तव, गुलशन ठाकुर सहित झामुमो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## राइजिंग पाइप लिकेज दुरुस्त करने का काम जारी



**जमशेदपुर।** गोविंदपुर जलापूर्ति योजना अंतर्गत आने वाले 22 पंचायत के लगभग 20000 घरों में मरम्मत कार्य हेतु जलापूर्ति ठप है। गोविंदपुर थाना के समीप समीप मुख्य सड़क पर लगभग चार-पांच जगह मुख्य पाइप लाइन में लीकेज को दुरुस्त किया जा रहा है। जिसकी मांग विगत वर्षों से स्थानीय जनप्रतिनिधियों व स्थानीय जन विभिन्न फोरम में कर रहे हैं। जिप सदस्य डॉ परितोष ने मरम्मत कार्य का जायजा लेकर जल्द कार्य पूर्ण करने का अनुरोध किया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के विभागीय इंजीनियर आकाश जायसवाल से बात कर दो-तीन दिनों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## पटना की प्रो प्रीति, गीता सिंह और रीना सिंह को वीरांगना फाउंडेशन ने किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन की झारखंड प्रदेश इकाई ने पटना से जमशेदपुर पधारी पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी की हेड प्रो डॉ प्रीति कश्यप, बिहार प्रदेश वीरांगना की वरीय पदाधिकारी गीता सिंह और रीना सिंह को सम्मानित किया गया। जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित होटल रामाडा में यह सम्मान दिया गया। मौके पर झारखंड प्रदेश वीरांगना की प्रदेश पदाधिकारी सरोज सिंह, अधिवक्ता सेल की अध्यक्ष एड्वोकेट दीपा सिंह, जिलाध्यक्ष सुनंदा सिंह, कार्यकारी महासचिव माधवी सिंह और नीलम सिंह उपस्थित थी।

## इनरव्हील क्लब ने स्कूल ऑफ होप में लगाये पौधे



**जमशेदपुर।** इनरव्हील क्लब जमशेदपुर ईस्ट के सदस्यों ने स्कूल ऑफ होप के 40 विशेष बच्चों के साथ आज कुछ बेहतरीन समय बिताया। क्लब की सदस्यों ने उनके साथ कुछ मजेदार गतिविधियां कीं। उन्होंने खूब डांस किया, हंसे और इसका भरपूर आनंद लिया। हमने बच्चों को फलों का जूस और बिस्किट दिये। मौके पर क्लब ने स्कूल ऑफ होप की प्रिंसिपल श्रीमती मिताली मुखर्जी और सभी कर्मचारियों को उनके सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद दिया। इस छोटी सी पहल ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान ला दी और वास्तव में क्लब की सदस्यों ने उनके साथ बहुत ही खुशी का समय बिताया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ होप के बच्चों ने अपने स्कूल के परिसर में 60 अलग-अलग फूलों के पौधे लगाए। विशेष बच्चों ने इस वृक्षारोपण में उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब अध्यक्ष मधुमिता सान्याल, पीपी रेखा झा और क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## माता शबरी का रूप सज्जा प्रतियोगिता संपन्न



**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन / तुलसी भवन द्वारा आयोजित तुलसी जयंती समारोह के अन्तर्गत कक्षा 1 से 3 तथा 4 से 6 तक की छात्राओं के लिये दो वर्गो में शनिवार, 13 जुलाई को माता शबरी रुप सज्जा प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। जिसमें नगर के 27 विद्यालयों के कुल 142 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरंभ में संस्थान के मानद महासचिव डॉ० प्रसेनजित तिवारी ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुये पुरे कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी।

## स्पीड न्यूज



### प्रमंडलस्तरीय पशुपालन के कार्यों को लेकर की गयी समीक्षा बैठक

**मेदिनीनगर।** क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर में प्रमंडल स्तरीय समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसका मूल विषय पदोन्नति सोपान पशु चिकित्सकों के कार्य जैसे चिकित्सा, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना जैसी महत्वपूर्ण कार्यों पर क्षेत्रीय निदेशक पलामू ने पशु चिकित्सकों को निर्देश दिया। साथ ही क्षेत्रीय निदेशक ने पशु चिकित्सकों की सुविधा को देख क्षेत्रीय निदेशक कार्यालय में ही दो कमरों तथा गेस्ट रूम एवं सीक रूम का उद्घाटन क्षेत्रीय निदेशक पलामू डॉ कुलदीप तिर्की एवं झारखंड पशु चिकित्सा सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ संजय सैमसन टोप्पो ने किया। बैठक में पलामू प्रमंडल के तीनों जिले के जिला पशुपालन पदाधिकारी, पशु शल्य चिकित्सक एवं सभी पशु चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीएवी के दो छात्र सीए परीक्षा में सफल

**मेदिनीनगर।** चियांकी स्थित एमके डीएवी स्कूल के छात्र लगातार सफलता के नये आयाम गढ़ रहे हैं। इसी क्रम में सत्र 2017-18 के दो छात्र सौरभ दारूका पुत्र राजेश दारूका एवं सचिन अग्रवाल पुत्र सुनील अग्रवाल ने भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। सौरभ का ऑल इंडिया रैंक 48वां रहा। प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी झारखंड जोन आई डॉ जीएन खान ने दोनों सफल छात्रों को प्रार्थना सभा में स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया तथा उनकी इस सफलता पर बधाई दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक आलोक कुमार, नीरज श्रीवास्तव , एके पांडे, चंदन कुमार एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### चौकीदार बहाली में एससी आरक्षण नहीं मिला, तो आंदोलन : शेर अली



**हुसैनाबाद पलामू।** चौकीदार बहाली में झारखंड सरकार अनूसूचित जाति के साथ अन्याय कर रही है इससे साफ जाहिर है कि सरकार दलितों को हक और अधिकारों से वंचित रखना चाहती है। उक्त बातें बसपा के पूर्व प्रत्याशी सह बसपा के वरिष्ठ नेता शेर अली ने कही। उन्होंने चौकीदार बहाली के विज्ञापन को निरस्त कर अनूसूचित जाति को भी शामिल कर नये सिरे से विज्ञापन प्रकाशित करने की मांग की है। अगर सरकार आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं की तो बसपा पूरे जिला में सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने को सड़क पर उतरेगी।

### दुर्घटना में चालक और वृद्ध गंभीर, रेफर



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला छतरपुर मुख्य सड़क के नहर मोड़ के समीप शनिवार को सुबह बाइक सवार राजा सिंह (22), पिता अरुण सिंह, टिकरी ने पैदल जा रही एक वृद्ध महिला किस्मतिया कुंवर (70), पति स्व दशरथ राम, बैराव को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार और वृद्ध महिला दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया। जहां से दोनों को एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया।

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**उंटारी रोड पलामू।** थाना परिसर में शनिवार को मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान ने किया। वहीं इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान ने दोनों समुदाय के लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार के अफवाह से बचें। सोशल मीडिया पर पुलिस की निगरानी रहेगी। जुलूस में कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में नहीं रहेंगे। थाना प्रभारी दीपक सिंह ने कहा कि दूसरों की भावना को आहत करने से परहेज करें। त्योहार आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। बैठक में सीआई खिरोधर रविदास, जिला पार्षद अरविंद सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मुखिया रामबच्चन राम, सदर अलीहुसैन अंसारी, सेक्रेट्री मंसूर अंसारी, डॉ योगेंद्र सिंह थे।

### बलि बिगहा में करंट से मां-बेटे की मौत

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के देवरी ओपी क्षेत्र के बलिबिगहा गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बलि बिगहा गांव के ओमप्रकाश प्रजापति की पत्नी किरण कुमारी (24) अपने मकान में घरेलू कार्य कर रही थी। इसी क्रम में घर में लगे स्टैंड पंखे में नंगे बिजली तार होने से करंट की चपेट में आ गयी। मां को तड़पता देख पुत्र आदर्श (3) भी मां के पास चला गया, जिससे करंट से उसकी भी मौत हो गयी।

### छतरपुर में अभिनंदन सह संकल्प सभा 16 को

**पाटन पलामू।** होटल विजय तारा ब्लॉक रोड छतरपुर में अभिनंदन विजय सह संकल्प सभा 16 जुलाई को रखी गयी है। जिसमें लोकसभा चुनाव में छतरपुर विधानसभा के बूथों पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जायेगा। इसकी जानकारी भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी। कार्यक्रम प्रात: 10 :30 बजे से प्रारंभ होगा।

### विश्रामपुर : शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम का जुलूस निकालने का निर्णय



**विश्रामपुर (पलामू)।** मुहर्रम को लेकर विश्रामपुर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सौरभ चौबे और संचालन मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदर शमशेर आलम ने किया। बैठक में मुहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकालने का निर्णय लिया गया। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने कहा कि मिल-जुलकर मनाने से पर्व का महत्व बढ़ जाता है। इसलिए सभी लोग मिल-जुलकर भाईचारगी के बीच मुहर्रम का जुलूस निकालें, पुलिस सबके साथ खड़ी मिलेगी। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि पुलिस शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी।

## अटल स्मृति के बगल का पार्क बाबा चौहरमल पार्क के नाम से जाना जायेगा : डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता



बाबा चौहरमल पार्क का अनावरण करते पांकी विधायक व उपस्थित अन्य।

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के अटल स्मृति भवन के बगल में शनिवार को नामाकरण किया गया। बाबा चौहरमल पार्क आज से जाना जायेगा, यह पार्क सुंदरीकरण भी करेंगे। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वीर बाबा चौहरमल की वीरता की गाथा को इतिहास के पन्नों में दर्ज करने की जरूरत है। उन्होंने कई सामाजिक यातनाएं झेल कर अपने पराक्रम को बरकरार रखा। बाबा चौहरमल एक वीर योद्धा थे। वे अपने कर्तव्य के प्रति सदैव अडिग रहे। समाज को वीरतापूर्वक जीने का संदेश दिया था। आज उनकी वीरता और बताएं मार्ग को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, समाजसेवी कमेश यादव, निर्मल मेहता, संजय चंद्रवंशी, अजीत प्रसाद गुप्ता, सुनील कुशवाहा, संतोष वर्मा, वीर चौहरमल संगठन के प्रमंडलीय अध्यक्ष संदीप पासवान, पत्रकार विधान चंद्र पासवान, सुनील पासवान, जितेंद्र पासवान, अजय पासवान, रविंद्र पासवान, मिथिलेश पासवान, इंदल पासवान समेत काफी संख्या लोग उपस्थित थे।

## गांधी चौक के पास सड़क पर गड्ढे में पानी जमा होने से राहगीर थे परेशान

- पांकी विधायक ने तत्काल संज्ञान लेकर सड़क पर गड्ढा भरवाया

खबर मन्त्र संवाददाता


सड़क पर जमा पानी से परेशानी झेलते लोग।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** निलांबर पितांबरपुर प्रखंड के गांधी चौक के पास बने गड्ढे में पानी जमा रहने से सड़क पर चलने वाले राहगीरों को काफी परेशानी हो रही थी। लोगों ने इस बाबत क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को जानकारी दी। सूचना मिलने पर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने तत्काल संज्ञान लिया और उक्त स्थल का जायजा लिया। विधायक डॉ मेहता ने को तुरंत पहल करते हुए सड़क पर गड्ढा भरवाने के लिए काम शुरू कराया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि यह गड्ढा पूर्व के जनप्रतिनिधि व ठेकेदारों की लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संबंधित ठेकेदार ने यहां पर सड़क लेवल नहीं किया इसके चलते पानी जमा हो जाता था सिर्फ ठेकेदारी कर घटिया काम करके लूटने का काम किया। विधायक ने कहा कि सड़क पर गड्ढा होने से पानी भर रहा था इससे आवागमन में परेशानी हो रही थी। पथ पर बने गड्ढा भरवाया जा रहा है ताकि लोगों का आवागमन सुलभ हो सके।

ओबीसी को मंत्रिमंडल में उचित भागीदारी नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त की, ब्रह्मदेव प्रसाद बोले

## पलामू में लूट, चोरी व रंगदारी पर रोक लगाने में सरकार विफल है

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में एकजुटता दिखाते ओबीसी समाज के लोग।

**मेदिनीनगर।** ओ.बी.सी. एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद ने प्रमंडलीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में नवगठित हेमंत सोरेन की सरकार व उनके मंत्रिमंडल के लोगों को बधाई दिया परंतु इस सरकार के मंत्रिमंडल में ओबीसी की उचित भागीदारी नहीं दिया गया, इस पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में स्वर्णकार व्यवसायियों को निशाना बनाकर लूटपाट व जेवर दुकान में लगातार चोरी की घटना हो रही है। जिसे रोकने में जिला प्रशासन विफल साबित हो रहा है। व्यवसायियों के साथ अन्याय, चोरी, लूटपाट गोली चालन की घटना पलामू प्रमंडल में आम बात हो गई है। जिसे ओबीसी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। जिला मुख्यालय में भाजपा नेत्री लवली गुप्ता के घर में चोरी की घटना जिला प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। हरिहरगंज में युवा व्यवसायी शुभम गुप्ता के हत्यारा 6 माह बाद भी कोई हत्यारे का गिरफ्तारी नहीं होना जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार की विफलता के दर्शाता है। यदि इस तरह जिला के पुलिस अधीक्षक का रवैया रहा तो ओबीसी एकता अधिकार मंच जिला प्रशासन का घेराव करेगा। पलामू जिला में चौकीदार बहाली के एससी समाज के लोगों का आरक्षण शून्य करना दर्शाता है कि यह सरकार अनुसूचित जाति विरोधी मानसिकता का है। प्रेस वार्ता में प्रो जुगल किशोर प्रसाद, विजय चंद्रवंशी, बिहारी साव, पिंटू यादव, अमर प्रसाद व अन्य लोग मौजूद थे।

## बच्चों को सिखायें अनुशासन व स्वच्छता के गुर : उपायुक्त

- जिला स्तरीय स्कूल रूआर-2024 कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू के तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में स्कूल रूआर-2024 का जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त पलामू शशिरंजन, विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा व जिला शिक्षा अधीक्षक रणधीर कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। संचालन शिक्षक परशुराम ने किया। विषय प्रवेश अशोक रजक ने कराया।



**खास बातें :** उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि कार्य ऐसा हो कि वह आंकड़ों व कागजों से बाहर निकलकर जमीन पर दिखाई दे। शिक्षा बच्चों का मौलिक व अनिवार्य अधिकार है और यह उसे हर हाल में मिलना चाहिए। यह तभी संभव होगा जब हर भागीदार अपना योगदान ईमानदारी दे। कहा कि बच्चों को अनुशासन व स्वच्छता के गुर अवश्य सिखायें। यही बात उन्हें जीवन में सफल बनायेगा। विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा शिक्षा के लिए प्रत्येक स्तर पर जागरूकता की जरूरत है। इसमें जन प्रतिनिधि होने की भूमिका मैं बखूबी निभाऊंगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि 5 से 18 वर्ष तक के बच्चों की माध्यमिक शिक्षा पूरी कराना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अभियान के दौरान जिला में छीजित व अनामांकित 1169 बच्चों को विद्यालय से जोड़ना एवं सभी को बेहतर शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता है। धन्यवाद ज्ञापन जिला शिक्षा अधीक्षक रणधीर कुजूर ने किया। कार्यशाला को सफल बनाने में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह, एडीपीओ उदय सिंह, एपीओ जौन मुथू, विकास दुबे, शादाब हुसैन, रोहित कुमार, सुनील कुमार, श्याम किशोर सिंह, आमोद सिन्हा, रामसरेख पांडेय, वीरेंद्र तिवारी आदि लगे थे।

## बैठक कर प्रत्येक बूथ पर दस दस युवाओं को जोड़ने का लिया संकल्प

- एनसीपी व टीम सूर्या की हैदरनगर में संपन्न
- एक बूथ दस यूथ कार्यक्रम की शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** पुराना थाना के समीप युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह थे। बैठक की अध्यक्षता युवा एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक उर्फ हरि सिंह ने की। संचालन युवा एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष रविरंजन सिंह ने किया। मुख्य अतिथि बीनू सिंह ने युवा एनसीपी के संगठन पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के बाद प्रत्येक बूथ स्तर पर दस दस युवाओं को जोड़ने का सभी ने संकल्प लिया। बैठक में बीनू सिंह ने कहा कि इसकी शुरुआत हुसैनाबाद प्रखंड से की गयी है। उन्होंने कहा कि युवा एनसीपी व टीम सूर्या के युवा कार्यकर्ता युवा प्रखंड अध्यक्ष रविरंजन सिंह व वरीय कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में सभी 12 पंचायतों में क्रमवार बैठक कर इस अभियान को आगे बढ़ायेंगे।

## कार्यपालक पदाधिकारी से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार, गया जेल

- पहले से भी आरोपी पर दर्ज है तीन मामला, नौ माह से था फरार

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दानिस हुसैन से रंगदारी मांगने वाला आरिफ चुड़ीफारोस को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरिफ चुड़ीफारोस का अपराधिक पृष्ठभूमि है। इसपर विश्रामपुर थाना में तीन अन्य मामला भी पूर्व से दर्ज है, जिसमे वह लगभग नौ माह से फरार चल रहा था। कार्यपालक पदाधिकारी ने विश्रामपुर थाना में एक जुलाई को प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जिसमे उन्होंने बताया था कि आरिफ चुड़ीफारोस ने वाट्सएप कॉल कर के दो लाख रुपए रंगदारी मांगी है। इससे पहले भी नगर प्रबंधकों और कनीय अभियंताओं से आरिफ ने रंगदारी मांगी थी। इसके अलावा उसने कई अन्य ब्यावसाइयों को भी फोन कर पैसा मांगा था। आरिफ की गिरफ्तारी हेतु पलामू एसपी के निर्देशानुसार एक विशेष टीम गठित किया गया था।

### समाजसेवी अभिमन्यु ने मृतक के परिजनों को बंधाया ढाढ़स, हरसंभव मदद का भरोसा जताया



**विश्रामपुर (पलामू)।** वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह आज विश्रामपुर नप मुख्यालय के बहेलिया टोला स्थित जितेंद्र बहेलिया के घर गये और उनकी माता के निधन पर दुख व्यक्त किया। बताते चलें कि पिछले दिनों जितेंद्र बहेलिया की मां का निधन हो गया था। श्री सिंह ने शोकाकुल परिवार जनों को ढाढ़स बंधाया। परिजनों को हरसंभव मदद देने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, प्रवीण सिंह, राहुल दुबे, उस्मान अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### भाजपा का अभिनंदन सह संकल्प सभा आज : सोमेश



**मेदिनीनगर।** टाउन हॉल मेदिनीनगर में 14 जुलाई दिन रविवार को भाजपा का अभिनंदन विजय सह संकल्प सभा होगी। जिसमें लोकसभा चुनाव में डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा के बूथों पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्षो को सम्मानित किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने बताया कि भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक वोट प्राप्त किये गये वहां के बूथ अध्यक्ष को सम्मानित किया जायेगा। प्रत्येक मंडल से तीन-तीन एवं विधानसभा से 27 बूथों को शामिल किया जायेगा। कहा कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के विधायक चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह होंगे।

### हुसैनाबाद प्रखंड शिक्षा संसाधन कार्यालय में दिव्यांग बच्चों को बांटा गया ट्राई साइकिल



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड संसाधन केंद्र हुसैनाबाद शनिवार को समावेशी शिक्षा अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान के तहत 3 वर्ष से 18 आयु वर्ग के दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उपकरण वितरण सह जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड हुसैनाबाद के सभी विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों की जांच कर उपकरण बांटा गया। साथ ही पूर्व से जांच किए गए छात्र छात्राओं को उपकरण बांटा गया। इस शिविर में 153 बच्चे शामिल हुए जिसमें 43 सीमित किये गये और 15 बच्चों को उपकरण बांटा गया। इसमें जिला समावेशी शिक्षा प्रभारी, पलामू राजीव चौबे, भुवनेश्वर के विशेषज्ञ दीपक मंडल आदि थे।

## बच्चों के भविष्य पर लगा ताला हमेशा बंद रहता है आंगनबाड़ी

- नहीं आती सेविका और सहायिका, जिम्मेदार अधिकारी मौन
- जांच के दौरान केंद्र से सभी सेविका मिली नदारद

रंजीत पाण्डेय



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरांव पंचायत के गिधा टोला के आंगनबाड़ी केंद्र गिधा का प्रमुख गायत्री देवी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला लटका मिला जिसपर प्रमुख गायत्री देवी ने मौके पर आसपास के लोगों से आंगनबाड़ी केंद्र खुलता है की नहीं इसकी जानकारी ली, तो स्थानीय निवासी अजय चौधरी, राजेंद्र चौधरी, सुरतिया देवी, प्यारी चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, विजय चौधरी, नंदू चौधरी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र कभी खुलता नहीं है और कभी मन हुआ तो मनमौजी। सेविका शीला देवी व सहायिका ललिता देवी लगभग 10 बजे से 12 बजे तक ही केंद्र पर रहते हैं।

### एक सितंबर को रांची में आयोजित सम्मेलन में भाग लेंगे पशुपालन कर्मी

**मेदिनीनगर।** झारखंड पशु चिकित्सा सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ संजय सैमसन टोप्पो, महासचिव डॉच शिवानंद काशी खजांची, डॉ विनय कुमार एवं प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप विलियम लकड़ा ने कहा कि 1 सितंबर को कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन रांची में होना है। जिसमें पलामू प्रमंडल से सभी संवर्ग के कर्मचारी उपस्थित होंगे जिसमें पशुपालन विभाग से ज्यादा भागीदारी होगी। महासम्मेलन के जरिए पशुपालनकर्मी अपने हक व अधिकार के लिए सरकार पर दबाव बनायेंगे।

## आम लोगों के लिए पांडू प्रखंड कार्यालय में नहीं है शौचालय और पेयजल की व्यवस्था

राजकुमार सिंह



**पांडू पलामू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय का हाल देशभर में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन अभियान की पोल खोलती नजर आ रही है। एक तरफ जहां स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए गरीबों को घर-घर शौचालय बनवाए जा रहे हैं। गांव-गांव में खुले में शौच मुक्त गांव की बोर्ड लगाये जा रहे हैं, हर घर को नलजल योजना से पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। इसे सफल बनाने में पूरा तंत्र जुटा हुआ है परंतु पांडू प्रखंड सह अंचल कार्यालय में स्वच्छता को लेकर बेपरवाह दिख रहा है। यही वजह है कि प्रखंड कार्यालय में शौचालय भी बेकार पड़ा है। प्रखंड कार्यालय के अंदर देख कर घिनौना प्रतीत होता है। प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय में आम लोगों के लिए सार्वजनिक शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

रामगढ़ : शांति समिति की बैठक में बोले थाना प्रभारी

## सोशल मीडिया से रहें सावधान

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित लोग।

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश रंजन ने की। बैठक में रामगढ़ थाना प्रभारी राजेश रंजन ने कहा कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जायेगा। कहा कि सोशल मीडिया में अफवाह की खबरों पर ध्यान न दें। किसी भी तरह की सूचना लोग रामगढ़ थाना को दें ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी, उपाध्यक्ष उदय कुमार यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू राम, रामगढ़ मुखिया उमाशंकर प्रसाद, चोरहट मुखिया मोतीलाल मुंडा, दीप नारायण प्रसाद, इम्तियाज अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, मुबारक अंसारी, हदीस अंसारी मुखिया पति फारूक अंसारी, एएसआई शिव शंकर प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### संविधान के खिलाफ किसी को काम नहीं करने दूंगा : विधायक



**मेदिनीनगर।** चौकीदार भर्ती में अनुसूचित जाति के अभ्यार्थियों के साथ आरक्षण में हुए खिलवाड़ से आहत होकर वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति ने स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया को ज्ञापन सौंपा। जिसमें चौकीदार भर्ती में अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों की शून्य भर्ती की शिकायत की गई है। इस गंभीर मुद्दे पर समिति के सदस्यों ने विधायक को विस्तार से जानकारी दी और अपने आक्रोश और चिंता को व्यक्त किया। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि विश्वास दिलाते हैं कि अनुसूचित जाति के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने देंगे। इस भर्ती प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं की जांच करायी जायेगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना : विश्रामपुर की लाभुक पूनम को मिला सुकर पालन का लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रशिक्षण के बाद सुकर के साथ लाभुक व पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार की महत्त्व कांक्षी योजना मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के द्वारा गरीब जनता की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए मुख्यमंत्री पशु धन विकास योजना का लाभ दिया जाता है। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत जिला पशुपालन कार्यालय परिसर पलामू में विश्रामपुर की लाभुक पूनम देवी को सुकर पालन योजना का लाभ देते हुवे 4 मादा एवं 1 नर सुकर दिया गया। पूनम देवी को क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन पलामू प्रमंडल डॉ कुलदीप तिर्की, झारखंड पशु चिकित्सा सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ संजय सैमसंग टोप्पो, महामंत्री डा शिवानंद काशी, कोषाध्यक्ष डा विनय कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी पलामू डा प्रभाकर सिन्हा ने संयुक्त रूप से स्वावलंबी बनने के लिए सुकर प्रदान किया। कार्यक्रम में पशु शल्य चिकित्सक डा दीनबंधु गुप्ता, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी मोबाइल डॉ आलोक कुमार सिंह, प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी पांकी डा संतोष रवानी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी निलंबर पीतांबर डा दिलीप महतो, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी बरवाडीह लातेहार डॉ अनिल केरकेट्टा एवं प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर सह संगरोध पदाधिकारी डा अनुप विलियम लकड़ा उपस्थित थे। डॉ अनुप ने लाभुक को बताया कि आपके पशु का एक वर्ष के लिए बीमा किया हुआ है, किसी तरह की अनहोनी होने से अगर आपका पशु मर जाता है तो आपको बीमा का लाभ मिलेगा। इसके लिए विश्रामपुर के प्रखण्ड पशु पालन पदाधिकारी को सूचना देनी होगी। टैग सहित मरे हुए पशु के साथ लाभुक का फोटो होनाचाहिए।

# दुमका : राष्ट्रीय लोक अदालत में 12,269 वादों का निपटारा करते हुए करीब 9 करोड़ की हुई वसूली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लाभुक को चेक प्रदान करते प्रधान जज एवं अन्य।

**दुमका।** राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौता से 12,269 वादों का निष्पादन करते हुए करीब 9 करोड़ रुपए की वसूली हुई। लोक अदालत नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय परिसर के न्याय सदन में आयोजित हुई। जिसमें प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज संजय कुमार चन्द्धरियावी ने भू-अर्जन वाद से संबंधित लाभुकों को कुल 32,15,921 रुपये का चेक प्रदान किया। इस बावत प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि लोक अदालत में वादों के निष्पादन के लिए कुल सात बेंचों का गठन किया गया है। जिसमें बेंच नंबर 1 से फैमली जज संजय कुमार सिंह, अधिवक्ता नीरज कुमार दीक्षित एवं संगीता कुमारी उपस्थित हुए। बेंच नंबर 2 में डीजे वन रमेश चंद्रा, अधिवक्ता ओमियो कुमार मांझी एवं राधे मंत्री उपस्थित हुए। बेंच नंबर 3 से डीजे टू प्रकाश झा, अधिवक्ता रजनीश कुमार एवं विक्रमादित्य पांडे उपस्थित हुए। बेंच नंबर 4 से सीजेएम अनूप तिर्की, अधिवक्ता अरुणादित्य पांडे एवं नित्यानंद यादव उपस्थित हुए। बेंच नंबर 5 से जेएम वन मो जावेद खान, अधिवक्ता मो राजा खान एवं दिनेश कुमार मेहरिया उपस्थित हुए। बेंच नंबर 6 से जेएम वन आदित्य, कार्यपालक दंडाधिकारी विनीत कुमार एवं अधिवक्ता सूर्य प्रकाश उपस्थित हुए। बेंच नंबर 7 में जिला उपभोक्ता फोरम, अध्यक्ष सुरेश चंद्र जायसवाल, सदस्य नीलमणि मरांडी एवं चंदन बनर्जी उपस्थित हुए। लोक अदालत में मुख्य रूप से परिवारिक वाद, दुर्घटना वाद, लैंड एक्विजिशन, एमएसीटी, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, बैंक रिकवरी, क्रिमिनल केस, माइनिंग केस, पुलिस एक्ट, सर्टिफिकेट केसेस, कंज्यूमर फोरम केसेस आदि का निष्पादन किया गया। इस प्रकार कुल सात बेंचों से 12,269 वादों का समझौते के आधार पर निष्पादन करते हुए कुल 8,94,17,777 रुपए की राशि का समझौता किया गया। इसके अलावे 1,21,142 लाभूको को विभिन्न योजनाओं का लाभ भी दिया गया।

# जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने डीसी के माध्यम से पीएम को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बोकारो नगर के कैंप 2 स्थित उपायुक्त कार्यालय के समीप जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के तत्वाधान में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संवैधानिक प्रक्रिया के तहत अभिलंब स्थाई कदम उठाते हुए समुचित समाधान हेतु आवश्यक हो तो कानून बनाएं और उपलब्ध कानून के पूरी तरह लागू करने का निर्धारण करना। कार्यक्रम का संचालन फाऊंडेशन के बोकारो जिला महासचिव विक्रम कुमार महतो ने एवं अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय कुमार मोदक ने किया। धरना के पश्चात भारत के प्रधानमंत्री को 11 सूत्रीय मांग पत्र उपायुक्त बोकारो के माध्यम से फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा। कार्यक्रम में साध्वी झा विनोद महतो परिंदा सिंह अशोक जगनानी, अविनाश कुमार, गोपाल साह करमचंद गोप गौरीशंकर सिंह महिला जिला अध्यक्ष सीमा कुमारी जीवधन मांझी महादेव मरांडी दिनेश्वर प्रसाद सिंह राजेश दुबे शिबू बाउरी गणेश दत्ता माधव रजवार मंजू देवी मीना देवी मनभूल सिंह, धीरज झा धर्मेंद्र माहथा ऋषभ राज विकास, विशाल, राकेश मिश्रा, चंद्रनाथ हेंब्रम आमिर हेंब्रम सुबोध सिंह संजय सिंह भुवनेश्वर प्रसाद मुर्मू जीत लाल मांझी मुक्तेश्वर मांझी मुन्ना ओझा रॉबिन मोदक जवाहरलाल सिंह चौधरी मनोज कुमार राकेश कुमार मधु प्रदीप सिंह साधन मंडल दिलीप कुमार सिंह दीपक कुंभकार शंकर चौधरी गणेश ओझा आदि मौजूद थे।

# साहिबगंज : नाबालिक लड़की का विवाह रुकवाया गया

साहिबगंज। सदर प्रखंड के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मंथन संस्था के सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता महताब अंसारी के द्वारा शनिवार को एक नाबालिक लड़की का बाल विवाह होने से रुकवाया गया। सदर प्रखंड अंतर्गत रामपुर पोस्ट के किशन प्रसाद दियारा में एक नाबालिक लड़की का बाल विवाह होने से रुकवाया गया। इससे पूर्व इसकी सूचना बीडीओ सुबोध कुमार को दी गई। बीडीओ के निर्देश पर टीम गठित कर मंथन संस्था के समन्वयक एवं कार्यकर्ता द्वारा मुफस्सिल पुलिस की सहयोग से उक्त नाबालिक के घर पहुंच कर कागजात की जांच पड़ताल किए गए, जिसमें लड़की नाबालिक पाई गई। इसके बाद नाबालिक को उसके परिवार वालों के साथ साहिबगंज लाया गया और बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई की गई।


## शपथ पत्र

मैं, रेणु यादव, पत्नी श्री नवल किशोर यादव, वर्तमान निवासी फ्लैट नंबर ए-2/5, साईं कल्पना सोसाइटी, धीरजगंज, पी.ओ. गम्हरिया, पी.एस.- आदित्यपुर, जिला- सरायकेला खरसावां, झारखंड, झारखंड सरकार शपथ पत्र एसआर. क्रमांक- 315 (जीआरएन क्रमांक- 2402744095) दिनांक 02-07-2024 के माध्यम से घोषणा करती हूं, कि शादी से पहले मैं रेणु कुमारी के नाम से जानी जाती थी और शादी के बाद ससुराल वालों से मुझे रेणु यादव नाम मिला। कि रेणु कुमारी और रेणु यादव एक ही व्यक्ति हैं, यानी कि मैं और कोई दूसरा नही।



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

(मृत अज्ञात महिला के शव का फोटो, उम्र करीब–35 वर्ष)



भण्डरिया थाना कांड सं0–35/2024 दिनांक–24.04.24, धारा–302, 201, भा0द0वि0 में भण्डरिया थाना के द्वारा दिनांक–24.04.2024 को समय करीब–13:30 बजे भण्डरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुटकु जंगल से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। उक्त महिला के सिर पर पत्थर से कुचल कर हत्या कर शव को छिपाने के उद्देश्य से कुटकु जंगल में फेंकने की बात प्रकाश में आई है। उक्त महिला के शव का पहचान कराने हेतु काफी प्रयास किया गया परन्तु शव का पहचान अबतक नहीं हो पाया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात महिला के शव के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की जानकारी या पहचान हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–गोरा, शरीर–मोटी, उंचाई–करीब 04 फिट 06 इंच,
बाल–काला लम्बा, चेहरा–समान्य, पहनावा–नारंगी रंग का साड़ी,
नारंगी रंग का ब्लाउज एवं पैर में काला रंग का हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 329547 Police (24-25)_D


## स्पीड न्यूज

### गोड्डा : नगर थाना में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



गोड्डा। नगर थाना गोड्डा में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई बैठक में डीएसपी बिनेश लाल गोड्डा, सीओ गोड्डा अनिल रविदास, नगर थाना प्रभारी दिनेश मोहली, पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक आदि पुलिस प्रशासन की ओर से शामिल हुए। बैठक में नागरिकों की ओर से मु मुजीब सरदार, राजेश अंसारी के साथ और भी कई प्रबुद्धजन हुए शामिल हुए। बैठक में पुलिस प्रसासन की ओर से कुछ हिदायत देते हुए सुझाव भी मांगे गए और यथासंभव उन समस्याओं को समाधान करने का आश्वासन भी दिया गया। मुहर्रम के अवसर पर शांति ब्यवस्था प्रेम और सौहार्दपूर्ण वतावरण में मनाये जाने का निर्देश दिया गया।

### इंस्ट्राग्राम में ब्लैकमेल के प्रयास में मुंबई पुलिस ने की पूछताछ

सरैयाहाट। एक केंद्रीय मंत्री के नजदीकी के नाबालिक पुत्री का सोशल साइट्स इंस्ट्राग्राम में एडिट वीडियो डालकर आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग मामलें में शनिवार को मुंबई पुलिस सरैयाहाट पहुंची। मुंबई पुलिस ने सरैयाहाट उच्च विद्यालय में पढ़ने वाले दो भाई बहनों से सम्बंधित मामलें में पूछताछ कर वापस लौट गई। जानकारी के अनुसार मामला एक केंद्रीय मंत्री के नजदीकी का है। मुंबई पुलिस से उक्त नाबालिक लड़की के पिता ने लिखित शिकायत कर बताया था की कोई उसकी बेटी का वीडियो एडिट कर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। जिसके बाद पुलिस अनुसन्धान में यह पता चला की सरैयाहाट के गुरुनाथ पहाड़ी के पास रहने वाला दो भाई बहन उक्त इंस्टाग्राम आईडी को क्रिएट किया है। जिसके बाद मुंबई पुलिस सरैयाहाट पहुंची। हालांकि पूछताछ में दोनों भाई बहन ने यह बताया की आईडी उसी की है किसी ने उनकी इंस्टाग्राम आईडी को हैक कर लिया है।

### स्नेहा अग्रवाल ने सी ए परीक्षा में लहराया परचम



बेरमो। बेरमो कोलायांचल के जरीडीह बाजार निवासी सौरभ अग्रवाल अन्नू अग्रवाल के पुत्रबहु स्नेहा अग्रवाल ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। वही अपनी सफलता पर स्नेहा अग्रवाल ने बताया कि उनकी प्रेरणा उनकी माता पिता समस्त परिवार का सहयोग रहा है।

### मोहर्रम को लेकर गांधीनगर थाना मे शांति समिति की बैठक

बेरमो। मोहर्रम को लेकर शनिवार देर शाम गांधीनगर थाना प्रभारी पिंटू महथा की अध्यक्षता में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमे बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार मुख्य रूप से शामिल थे। इस बैठक में आसपास के तमाम पंचायतों के प्रतिनिधियों के अलावे लगभग सभी समुदायों और अमन पसंद लोग उपस्थित दिखे। बैठक में थाना प्रभारी महथा ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे को बढ़ावा देती है इस लिए मोहर्रम का त्योहार भी शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि उदंडियो को किया भी किमत पर बख्शा नही जायेगा।

# बोकारो : वेदांता ईएसएल ने नियोजन पाने वाले सफल छात्रों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल ने अब तक 521 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया जिनमें अब तक 377 छात्रों को सोलर पावर गारमेंट्स उत्पादन आदि अग्रणी फर्मों में प्लेसमेंट मिला है। एक कार्यक्रम में नाबार्ड के डीडीएम फिलमून बिलुंग तथा ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर उप प्रमुख राकेश कुमार मिश्रा ने 35 वैसे छात्रों को सम्मानित किया जिन्होंने अपना पाठ्यक्रम पूरा कर सफलतापूर्वक प्लेसमेंट प्राप्त किया है। ये सभी युवा ईएसएल स्टील लिमिटेड सीएसआर के परिचालन क्षेत्र चंदनकियारी और चास प्रखंड के 27 गांवों से हैं। इन 35 छात्रों ने न केवल सफलतापूर्वक अपना कोर्स पूरा किया है, बल्कि उन सभी ने हैदराबाद स्थित प्रीमियर एनर्जीज के साथ प्लेसमेंट भी हासिल किया है जो अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है जिसका औसत सीटीसी 2,00,000 रुपये प्रति वर्ष है। मौके पर सीएसआर ईएसएल स्टील लिमिटेड के उप प्रमुख राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि वेदांता संगठन अपने परिचालन क्षेत्र के गांवों से युवा प्रतिभाओं के कौशल विकास के प्रति न सिर्फ प्रतिबद्ध है बल्कि यह कंपनी की एक रणनीतिक अनिवार्यता है। वेदांता ईएसएल कौशल विकास परियोजना के माध्यम से हम न केवल उज्जवल भविष्य को आकार दे रहे हैं बल्कि निरंतर विकास और प्रगति के लिए एक मजबूत व सशक्त समुदाय का निर्माण भी कर रहे हैं। सीड्स की ओर से सोलर पीवी इंस्टॉलेशन और सिलाई मशीन ऑपरेशन जैसे ट्रेडों में छात्रों को प्रशिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान ने छात्रों की बहुत मदद की है। प्रदान किए गए सभी पाठ्यक्रम एन.एस.डी.सी. से प्रमाणित हैं जो उद्योग मानक प्रशिक्षण सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा परियोजना प्रशिक्षित उम्मीदवारों में से कम से कम 70% की नियुक्ति का आश्वासन देती है।

# साहिबगंज : शराबी बाइक चालकों से हर पल दुर्घटना होने का भय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** राजमहल के सड़को पर चलना हुआ मुश्किल कारण कि एक तो सड़को पर गर्मी में धुल कण से परेशान रहे राहगीर और अब बरसात में सड़कों पर तालाब नुमा गड्ढे से।

अब एक नये कारणों से राहगीरों को भय सताने लगा है।शहर में शराब पीकर बाइक चलाने वाले की रफ्तार दिन पर दिन संख्या बढ़ती जा रही है। आये दिन दुर्घटना की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही। अगर इसे नहीं रोका गया तो सड़क दुघर्टना बिकराल रूप लेने वाला है। राजमहल प्रशासन और डी टी ओ के तरफ से कभी कभी चेकिंग होती है फिर जैसे का तैसा वाले हाल हो जाता है। प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करने की जरुरत है ताकि बड़ी दुर्घटना से राहगीरों को बचाया जा सके। सिर्फ पुलिस ही नहीं हम जनता को भी आगे आना चाहिए ताकि हमारे समाज के युवा जो नशे के दुनिया में खोते जा रहे हैं उसे सही मार्ग पर लाया जा सके। राजमहल जनता को बहुत उम्मीद है पुलिस प्रशासन पर कि त्वरित कार्रवाई करते हुए शराबियों को बाइक (कोई भी वाहन) चलाने पर रोक लगे और उसपर सख्त कार्रवाई हो।

# जिला खनन टास्क फोर्स ने दर्जनों कोयला खदान को किया डोजरिंग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला खनन टास्क फोर्स टीम की बड़ी कार्रवाई की है। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बादलपाड़ा में आज शनिवार को जिला टास्क फोर्स के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए दर्जनों अवैध रूप से चल रहे सुरंगनुमा अवैध कोयला खदानो को जेसीबी मशीन की सहायता से डोजरिंग कर बंद किया गया। इस कार्रवाई से कोयला माफिया में हड़कंप मच गया है। इस बारे मे एसडीओ कौशल कुमार ने बताया की लगातार जिला टास्क फोर्स के द्वारा कार्रवाई की जाती है और आगे भी कार्रवाई की जायेगी। किसी भी स्थिति में कोयला का अवैध खनन या कारोबार चलने नहीं दिया जायेगा। बादलपाड़ा में जिला खनन टास्क फोर्स टीम के द्वारा लगातार ऐसी कार्रवाई की तो जाती है, लेकीन कोयला माफिया पर इस कार्रवाई का कोई असर नहीं होता है। कार्रवाई करने के बाद भी कोयला माफियाओं के द्वारा पुनः खनन कार्य चालू कर दिया जाता है। इस मौके पर एसडीओ कौशल कुमार, डीएमओ नाजिश राणा, एसडीपीओ विजय कुमार महतो, सीओ कपिल देव ठाकुर, थाना प्रभारी शिकारीपाड़ा हरिप्रसाद साह, वन विभाग की टीम के साथ-साथ भारी संख्या पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# गोड्डा भाजपा ने कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** शनिवार को विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान सह विजय संकल्प सभा का आयोजन, महागामा ऊर्जा नगर स्थित स्टाफ क्लब में भाजपा के जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा की अध्यक्षता में एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजमहल विधानसभा के विधायक अनंत ओझा की उपस्थिति में हुई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक कुमार भगत भी उपस्थित रहे। अनंत ओझा ने उपस्थित सभी बूथ के बूथ अध्यक्षों सभी शक्ति केंद्र के अध्यक्ष एवं सभी मंडल के मंडल अध्यक्षों का आभार प्रकट करते हुए साधुवाद दिया। ओझा ने कहा की आप जैसे कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत और लगन का यह परिणाम हुआ की गोड्डा लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी कमल फूल को जिताया। जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने उपस्थित सभी बूथ अध्यक्षों सभी मंडल अध्यक्षों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता खासकर बूथ के कार्यकर्ता पार्टी की रीड होती है, आप लोगों के कड़ी मेहनत एवं लगन का परिणाम है की हम लोग 2024 का गोड्डा लोकसभा सीट जीते हैं। पूर्व विधायक अशोक कुमार ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी और लगन के साथ अपना कार्य करते हैं जिसका परिणाम है कि गोड्डा लोकसभा की जीत। आगे विधानसभा का चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ता आज से और अभी से लग जाएं। इस कार्यक्रम में प्रबोध सोरेन, आलोक पासवान अभिषेक मंडल, गोपाल यादव, दिनेश सिंह, उमेश पासवान, नवल किशोर यादव, नीतीश ओझा, अशोक कुमार सिंह, निरंजन सिंह, बद्री भगत सुरेंद्र मोहन केसरी, निक्की राय अशोक यादव एवं पवन सहा, अरुण राम पप्पू ठाकुर, पुर्तिल झा, हरिनारायण महतो मुन्ना झा पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोषसिंह, रामचंद्र निराला नवीन महतो केसरी यादव व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गोमिया : रंजीत के आरा मिल पर छापा

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया के सवांग स्थित बंद पड़े रंजीत अग्रवाल के आरा मिल पर डीएफओ ने छापेमारी की। इस दौरान कई ट्रैक्टर अवैध लकड़ी को जब्त कर गोमिया स्थित वन विभाग के कार्यालय परिसर ले जाया गया। इस संबंध में बोकारो के प्रभारी डीएफओ संदीप शिन्दे ने बताया कि शनिवार को रूटीन जांच में गोमिया के स्वांग स्थित रंजीत आरा मिल का जायजा लेने पहुंचा था। जांच के दौरान आरा मिल के मालिक रंजीत अग्रवाल मौजूद थे। उनका स्टॉक रजिस्टर का जांच किया गया तो उसमें लकड़ी का स्टॉक शून्य था, लेकिन गोदाम में लकड़ी का भंडारण मौजूद था। इसके बाद जब्ती की कार्रवाई शुरू की गई। उन्होंने बताया कि सात ट्रैक्टर लकड़ी जब्त किया गया है, जिसे वन विभाग के कार्यालय में ले जाया गया।


## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी ,हजारीबाग

**–: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :–**

सरकार के सचिव ,कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश संख्या 09रा0 (विभाग) दिनांक 24.06.2024 के आलोक मे वित्तीय वर्ष 2024–25 के तहत् जोडा बैल वितरण की योजना जिले के छोटे एवं सीमान्त किसानों को कम लागत में खेती कार्य में सहयोग के उद्देश्य से ग्रामीण पशुपालकों / कृषकों को अनुदानित / लाभुक अंशदान (स्वंय या बैंक ऋण) पर जोडा बैल की योजना से लाभान्वित होने हेतु इच्छुक पशुपालक / कृषकों को विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

योजना का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना का लागत राशि | भौतिक लक्ष्य 90 % अनुदानपर OSP | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जोडा बैल वितरण की योजना | 40000/– | 50 | 50 |

लाभुकों का चयन हेतु अर्हता एवं प्रक्रिया :–

- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोपरांत दिया जाएगा।
- पशुपालक झारखण्ड राज्य के हजारीबाग जिला का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
- लाभुकों के पास खेती योग्य भूमि हो एवं BPL कोटि की श्रेणी में हो ।
- लाभुक अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / आदिम जनजाति एवं दिव्यांग जनो को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
- लाभुकों का चयन ग्राम स्तर पर ग्राम सभा के द्वारा किया जायेगा , जिसका अनुमोदन पूर्व से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए निर्गत संकल्प सं0–452 दिनांक 18.06.2021 द्वारा गठित प्रखण्ड स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति से प्राप्त की जायेगी ।
- जोडा बैल का दर बाजार समिति अंतर्गत क्रय / विक्रय हेतु निर्धारित दर के आधार पर या अधिकतम रू0 20000.00 तक प्रति बैल निर्धारित की जायेगी।
- उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी / भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी से प्राप्त करेंगे।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,हजारीबाग

PR 329505 Animal Husbandry(24-25).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01RI/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

दिनांक–12.07.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTON GANJ/ STPKG/ 16/24-25 | तरहसी | 1 | सिलदिलिया बाजार से कोसियारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.20कि0मी0 | 1372.872 | तेरह करोड़ बहत्तर लाख सतासी हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| | | तरहसी | 2 | पी0डब्लू0डी0 पथ से रहेया भाया नावाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.80कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 3 | पाठक पगार मोहन बैठा के घर से नहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.00कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 4 | कसमार से परपेन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.70कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 5 | भालोगाढ़ी से टरिया भाया छेछानी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 7.20कि0मी0 | | | | |
| | | तरहसी | 6 | बी0टी0 रोड से सिकनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.20कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 7 | पी0डब्लू0डी0 पथ जगराहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 6.40कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 8 | बी0टी0 पथ से सुरगुजा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 6.50कि0मी0 | | | | |
| 2 | RWD/DALTON GANJ/ STPKG/ 19/24-25 | सतबरवा | 1 | प्रभु यादव के घर से हलुमाड़ सिवान तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.75कि0मी0 | 1248.732 | बारह करोड़ अड़तालीस लाख तिहत्तर हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| | | डालटनगंज सदर | 2 | एन0एच0–75 से गणके तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.10कि0मी0 | | | | |
| | | सतबरवा | 3 | एन0एच0 से मुक्ता तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.42कि0मी0 | | | | |
| | | सतबरवा | 4 | सतबरवा मेन रोड से मुक्ता तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.90कि0मी0 | | | | |
| | | डालटनगंज सदर | 5 | सुआ नगीनीया पत्थर से वीर कुवंर देव स्थान बैजनाथ सिंह घर होते हुए मोहराम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.67कि0मी0 | | | | |
| | | सतबरवा | 6 | बारी से दुबा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.40 | | | | |
| | | डालटनगंज सदर | 7 | कौड़िया तिनकोनिया चौक (रूपन उरांव के घर) से तेलियाबांध तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.10कि0मी0 | | | | |
| | | डालटनगंज सदर | 8 | कसियाडीह सुरेश प्रसाद के घर से जगधन साव के घर होते हुए कमारू प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.70कि0मी0 | | | | |
| | | डालटनगंज सदर | 9 | ग्राम पंचायत सुआ से सुदर्षन ठाकुर के घर से बर गाछ होते हुए योगेन्द्र ठाकुर के घर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.30कि0मी0 | | | | |
| 3 | RWD/DALTON GANJ/ STP KG/ 20/24-25 | मनातु | 1 | कुसरी से सिकनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.90कि0मी0 | 1737.529 | सतरह करोड़ सैतीस लाख बावन हजार नौ सौ रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| | | मनातु | 2 | सेमरी से करेला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.00कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 3 | तेलडीहा से तिरोंधा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.50कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 4 | पचरूखिया से लालगढ़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.50कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 5 | सेमरी से बंषीखूर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.50कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 6 | पदमा पाटन पी0डब्लू0डी0 रोड से रबदा मनातू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 11.00कि0मी0 | | | | |
| | | मनातु | 7 | गवही रोड पतिला से मझौली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.20कि0मी0 | | | | |
| 4 | RWD/DALTON GANJ/ STPKG/ 21/24-25 | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 1 | पी0डब्लू0डी0 पथ राजगढ़ी से बांसदोहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.56कि0मी0 | 1520.577 | पन्द्रह करोड़ बीस लाख सतावन हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 2 | पी0डब्लू0डी0 पथ परसिया मोड़ से बाउराखांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.32कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 3 | दारूडीह मेन रोड लोहरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.10कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 4 | अम्बेदकर चौक से जुरू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.20कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 5 | पी0डब्लू0डी0 रोड से सोनेसराय तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.25कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 6 | साहद से ओरियाकला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.50कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 7 | राजोगाढ़ी रोड से खैरात तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.20कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 8 | पी0डब्लू0डी0 पथ मुरूमुत्ती से बनुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 6.50कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 9 | पी0डब्लू0डी0 रोड रामसागर से फुलांग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.00कि0मी0 | | | | |
| | | निलाम्बर पिताम्बरपुर | 10 | दिदरी सांगबार से गोराडीह मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.00कि0मी0 | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 16.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 29.07.2024up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 31.07.2024 पूर्वाहन 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
डालटनगंज।

PR 329498 (Rural Development) 24-25 (D)

# रानी रंगा देवी और बारह हजार स्त्री बच्चों ने ली जल \अग्नि समाधि

**समय संवाद**

उन्होंने 16 दिसंबर 1282 को रणथंबोर की सत्ता संभाली थी । पर उनका पूरा कार्यकाल युद्ध में बीता । दिल्ली के शासक जलालुद्दीन ने 1290 से 1296 के बीच रणथंबोर पर तीन बड़े हमले किये पर सफलता नहीं मिली । अलाउद्दीन उसका भतीजा था जो 1296 में चाचा की हत्या करके गद्दी पर बैठा । गद्दी संभालते ही अलाउद्दीन ने राजस्थान और गुजरात पर अनेक धावे बोले । पर रणथंबोर अजेय किला था । वह अपने चाचा के साथ रणथंबोर में पराजय का स्वाद चख चुका था इसलिए उसने यह किला छोड़ रखा था।

-रमेश शर्मा

भारत पर हुये मध्यकाल के आक्रमण साधारण नहीं थे । हमलावरों का उद्देश्य धन संपत्ति के साथ स्त्री और बच्चों का हरण भी रहा । जिन्हें वे भारी अत्याचार के साथ गुलामों के बाजार में बेचते थे । इससे बचने के लिये भारत की हजारों वीरांगनाओं ने अपने बच्चों के साथ जल और अग्नि में कूदकर अपने स्वत्व और स्वाभिमान की रक्षा की । ऐसा ही एक जौहर रणथंबोर में 9 जुलाई 1301 से आरंभ हुआ, जो तीन दिन चला । इस जौहर में राणा हमीर देव की रानी रंगा देवी ने अपनी पुत्री पद्मा के साथ जौहर किया था । उनके साथ बारह हजार अन्य स्त्री एवं बच्चों ने जल और अग्नि में कूदकर अपने प्राणों का बलिदान दे दिया ।

रानी रंगादेवी चित्तौड़ की राजकुमारी थीं और रणथंबोर के इतिहास प्रसिद्ध राजा हमीरदेव को ब्याहीं थीं । रणथंबोर का यह राज परिवार पृथ्वीराज चौहान का वंशज माना जाता है । मोहम्मद गौरी के हमले से दिल्ली के पतन के बाद उनके एक पुत्र ने रणथंबोर में राज स्थापित कर लिया था । इसी वंश में आगे चलकर 7 जुलाई 1272 को हमीरदेव चौहान का जन्म हुआ था । उनके पिता राजा जेत्रसिंह चौहान ने भी दिल्ली सल्तन के अनेक आक्रमण झेले थे । लेकिन रणथंबोर किले की रचना ऐसी थी कि हमलावर सफल न हो पाये । लगातार हमलों से राजपूताने की महिलाएं भी आत्म रक्षा के लिये शस्त्र संचालन सीखती थीं। हमीरदेव की की माता हीरा देवी भी युद्ध कला में प्रवीण थीं। परिवार की पृष्ठभूमि ही कुछ ऐसी थी कि हमीर देव ने कभी स्वाभिमान से समझौता नहीं किया । उन्होंने अपने जीवन में कुल 17 युद्ध लड़े थे और 16 युद्ध जीते । जिस अंतिम युद्ध में उनकी पराजय हुई उसी में उनका बलिदान हुआ ।

उन्होंने 16 दिसंबर 1282 को रणथंबोर की सत्ता संभाली थी । पर उनका पूरा कार्यकाल युद्ध में बीता । दिल्ली के शासक जलालुद्दीन ने 1290 से 1296 के बीच रणथंबोर पर तीन बड़े हमले किये पर सफलता नहीं मिली । अलाउद्दीन उसका भतीजा था जो 1296 में चाचा की हत्या करके गद्दी पर बैठा । गद्दी संभालते ही अलाउद्दीन ने राजस्थान और गुजरात पर अनेक धावे बोले । पर रणथंबोर अजेय किला था । वह अपने चाचा के साथ रणथंबोर में पराजय का स्वाद चख चुका था इसलिए उसने यह किला छोड़ रखा था तभी 1299 में एक घटना घटी । अलाउद्दीन की सेना गुजरात से लौट रही थी । उसके दो मंगोल सरदार मोहम्मद खान और केबरु खान रास्ते में रुक गये और रणथंबोर में राजा हमीर देव के पास पहुँचे। दोनों ने अलाउद्दीन के विरुद्ध शरण माँगी । हमीर देव ने विश्वास करके दोनों को न केवल शरण दी अपितु जगाना की जागीर भी दे दी थी । इस घटना के लगभग दो वर्ष बाद अलाउद्दीन ने रणथंबोर पर धावा बोला । यह कहा जाता है कि अलाउद्दीन इन दोनों को शरण देने से नाराज था । इसलिए धावा बोला पर कुछ इतिहास कारों का मानना है कि यह अलाउद्दीन खिलजी की रणनीति थी । इन दोनों ने न केवल किले के कयी भेद दिये अपितु हमीर देव की सेना में भेद पैदा करदी इससे हमीर देव के दो अति विश्वस्त सेनापति रणमत और रतिपाल अलाउद्दीन से मिल गये ।

इतना करने के बाद 1301 में अलाउद्दीन ने रणथंबोर पर धावा बोला तब हमीर देव एक धार्मिक आयोजन में व्यस्त थे और उन्होंने अपने इन्ही दोनों सेनापतियों को युद्ध में भेजा । लेकिन दोनों के मन में विश्वासघात आ गया था । इनके अलाउद्दीन से मिल जाने से रणथंबोर की सेना कमजोर हुई । तब किले के दरबाजे बंद कर लिये गये । पर किले के भीतर गद्दार थे रसद सामग्री में विष मिला दिया गया । किले के भीतर भोजन की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई । इस विष मिलाने के संदर्भ में अलग-अलग इतिहासकारों के मत अलग हैं। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि मोहम्मद खान और कुबलू खान की कारस्तानी थी जबकि कुछ रणमत और रतिपाल का विश्वासघात मानते हैं। विवश होकर हमीरदेव ने केशरिया बाना पहन कर साका करने का निर्णय लिया । और किले के भीतर सभी महिलाओ ने रानी रंगा देवी के नेतृत्व जौहर करने का निर्णय हुआ । यह जौहर 9 जुलाई से आरंभ हुआ जो तीन दिन चला । यह जौहर दोनों प्रकार का हुआ अग्नि जौहर भी और जल जौहर भी । तीसरे दिन 11 जुलाई 1301 को रानी रंगादेवी ने अपनी बेटी पद्मला के साथ जल समाधि ली । राजा हमीर देव 11 जुलाई को केशरिया बाना पहनकर निकले और बलिदान हुये । इस जौहर में कुल बारह हजार वीरांगनाओं ने अपने स्वत्व रक्षा के लिये प्राण न्यौछावर कर दिये । यह राजस्थान का पहला बड़ा जौहर माना जाता है ।

# संतों की वाणी को समझें

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस



जड़ और चेतन के इस संसार में जड़ के बंधन काटने वाले तत्व ज्ञानियों, सदगुरु नानक देव, कबीर, धरनीदास, दरियादास, रैदास गुरु ग्रंथ हीं हैं। गुरु ग्रंथ में इनकी ही वाणी सुरक्षित है। गुरुग्रंथ को जानिए प्रकट गुरु की देह। वर्तमान समय में जीव ग्रंथियों में उलझकर अपने मूल कर्त्तव्य से विमुख हो रहा है। साहित्यकार जयशंकर प्रसाद की रचना कामायनी की पंक्तियां- एक तत्व की है प्रधानता उपर ही जल है, नीचे एक तरल है एक सघन। कहां जड़ या कहां चेतन। मनुष्य का शरीर या गुरु दरबार जड़ है। गुरु चेतन है और चेतन का ही महत्व है। जीवन में व्यक्ति और स्थान का बड़ा महत्व है। परमहंस दयाल जी ने छपरा से अपनी भक्ति यात्रा आंरभ की, लेकिन टेरी जो अब पाकिस्तान में है वहां जाकर ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम स्थापित किया। इस कार्य में उन्हें 20 वर्षों का समय लगा। संत आनंदपुर से मिले तो दरबार बना। प्रकृति नहीं मिलाती तब तक पुरुष निद्रा में होता है। उन्होंने जो भक्ति की चेतना जगाई वह आज भी गढ़वा घाट काशी और राजपुर होते फिर से छपरा पहुंचा। 1846 में इनका जन्म छपरा में हुआ था। स्वामी जी की स्वरचित भजन ज्ञान पद करहुं मैं भक्ति सिंगार नाथ महारानी हूं जी। अपने आप में भक्ति की ऊंचाई तक स्पर्श करने वाली संसार की श्रेष्ठ रचना है। हमको द्वैत दृष्टि नहीं आती, जहां देखो तहां वहीं आत्मा पिता पुत्र और नाती। जैसी प्रार्थना भक्ति का पद दूसरा कोई नहीं है। उनकी बहाई भक्ति धारा गढ़वा घाट काशी के बाद जाकर 1949 में राजपुर बक्सर आयी। सद्गुरु गढ़वा घाट के महाराज के आदेश पर स्वामी शिवर्धमानंद जी वह कार्य किया जो सतयुग में हनुमान भी नहीं कर पाये थे। राम की भक्ति के लिये हनुमान को गुरु अगस्त ने भेजा था। राम की भक्ति के क्रम में हनुमान को अयोध्या में ही रह गये जैसा राम ने आदेश दिया और उनका काम था राम सहित उनके भाइयों के आठ संतानों को भक्ति से जोड़े रखना। उन्हें कार्य के लिये अयोध्या जैसा नगर मिला। लेकिन स्वामी शिवर्धमानंद ने वगैर किसी व्यक्ति को जाने सदगुरु के आदेश पर आये और राजपुर नामक स्थान पर ज्ञान और भक्ति को स्थापित किया। गढ़वा घाट के स्वामी जी के आदेश पर इस क्षेत्र में आये और उन्होंने पांच पीढ़ियों के बीच भक्ति, ज्ञान योग और प्रेम को स्थापित किया।

भक्ति का यह प्रवाह जिस प्रकार गंगा यमुना के संमानातर चलता रहा ऐसा कही और देखने के लिये नहीं मिलता है। छपरा से लेकर टेरी तक जो अब पाकिस्तान में है वहां तक स्वामी परमहंस अद्धैतानंदजी महाराज ने जो भक्ति गंगा प्रवाहित की वह आज वट वृक्ष बन गया है। आज समाधि सरकार के अति प्रत्यन और प्रभाव का प्रतिफल है कि टेरी की भक्ति जो छपरा से गयी वह फिर से छपरा लौटी और ब्रह्म विद्यालय का आश्रम छपरा में तो स्थापित हुआ ही साथ ही नंद पुर जो समाधि सरकार का ननिहाल था वहां भी तत्व ज्ञान के प्रचार प्रसार के लिये आश्रम कुटी की स्थापना की गयी। छपरा जैसे देवभूमि को पुर्नजाग्रत करने का जो कार्य समाधि सरकार करना चाहते थे वह आज अपना स्वरुप ले रहा है वहां हजारों भक्त आ रहें हैं।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार)

# गिलोय है निरोगी काया का वरदान

कोरोना काल के बाद से इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए हर्बल प्रोडक्ट की मांग खूब तेज हुई है। बड़ी संख्या में लोगों ने आयुर्वेदिक औषधियों में इस्तेमाल होने वाले हर्बल प्रोडक्ट का घरेलू नुस्खे के तौर पर खूब इस्तेमाल किया लेकिन इन प्रोडक्ट का अधिक इस्तेमाल अब खतरनाक साबित हुआ है। एक अध्ययन में पाया गया है कि ज्यादा मात्रा में गिलोय जैसे आयुर्वेदिक उपचारों का प्रयोग करने वाले लोगों में लिवर में गंभीर चोटें पाई गई हैं। गिलोय सेवन करने वालों में लिवर का खतरा इसे लेकर किए गए अध्ययन को जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंड एक्सपेरिमेंटल हेपेटोलॉजी में प्रकाशित किया गया है जिसमें कहा गया है कि कोविड-19 के दौरान हर्बल इम्यून बूस्टर लीवर में चोट को बढ़ावा दे सकती है जो जड़ी-बूटियों के मेटाबोलाइट्स या दूषित पदार्थों के दूसरी दवाओं के साथ उनके संपर्क में आने से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तंत्र से उत्पन्न हो सकती है। शोधकताओं का कहना है कि उन्होंने सितंबर 2020 से दिसंबर 2020 तक हर्बल इम्यून बूस्टर के चलते लिवर की चोट वाले छह रोगियों के अनुभव का रिकॉर्ड रखा और उसका अध्ययन किया। शोध के दौरान एक 40 वर्षीय व्यक्ति का अध्ययन किया गया था जिसे 15 दिनों से पीलिया था। अध्ययन में पाया गया कि तीन महीने पहले से वह दो दिन में एक बार आधा गिलास पानी में दालचीनी और लौंग के साथ 10-12 गिलोय की टहनियों के टुकड़े उबालकर पीता था। एक अन्य टाइप-2 डायबिटीज वाली 54 वर्षीय महिला को एक सप्ताह से पीलिया की शिकायत थी। जब महिला की हिस्ट्री पर नजर डाली गई तो वह पिछले 7 महीने से रोजाना एक गिलोय की टहनी का उबालकर सेवन कर रही थी। इसी तरह से अन्य मरीजों में भी पाया गया कि वे नियमित तौर पर गिलोय का किसी न किसी रूप में सेवन कर रहे थे। क्या ये कोरोना की तीसरी लहर के संकेत हैं? केरल में 10 दिन में 12000 से अधिक मामले विशेषज्ञों का क्या है कहना?

रोग प्रतिरोधी के तौर पर गिलोय का इस्तेमाल जड़ी-बूटी के शौकीनों में काफी पसंद किया जाता है। लेकिन दुर्भाग्य से जब इसे लंबे समय तक लिया जाता है तो इसके कारण लिवर को विषाक्तता का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोग जो इसे 2 से 3 महीने से ज्यादा समय तक लेते हैं उनमें लिवर का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे मरीज जो डायबिटीज या शराब के कारण बेसलाइन लिवर की क्षति वाले रोगी हैं वे अधिक संवेदनशील होते हैं। एक लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन, जो कि इस अध्ययन में शामिल नहीं हैं।

# आत्मबल से जीते जिंदगी का जंग



निधि सिंह

चिकित्सा विज्ञान की सभी शाखाएं इस बात पर सहमत हैं कि भयभीत व्यक्तियों पर दवाओं का प्रभाव ऊंचे आत्मबल वाले लोगों के मुकाबले कम होता है। जो व्यक्ति जीवन में आशावादी, सकारात्मक और ऊंचे मनोबल वाले होते हैं, वे जल्दी स्वस्थ हो जाते हैं। दरअसल, मनुष्य के इस आचरण में भय की बड़ी भूमिका होती है। पूरी दुनिया में सांप के काटने से जहर से कम व उसके भय से ज्यादा लोग मर जाते हैं। परमहंस योगानन्द लिखते हैं कि भय एक प्रकार की गतिहीनता है जो आपके मस्तिष्कीय रेडियो को प्रभावित करता है। हालांकि, वे मानते हैं कि भय हमारी आदतों के अनुसार ही अच्छा और बुरा भी हो सकता है। स्नेहपूर्ण भय सृजनात्मक भी हो सकता है,जैसे सख्त अभिभावक का भय बच्चे को अच्छे नंबर लाने को प्रेरित करे। दरअसल,भय हमारे हृदय से उत्पन्न होता है। पीड़ा की चेतना से हमारे मन में चिंताएं पैदा होती हैं। कह सकते हैं कि भय हमारे अतीत के अनुभवों पर आधारित है। जीवन में किसी व्यक्ति के



साथ दुर्घटना हुई हो तो उसके अनुभव से भय का अनुभव किया हो। जब हम उसके बारे में सोचते हैं, आशंकित होते हैं तो हमारी इच्छाशक्ति दुर्बल हो जाती है। हमारे स्नायुतंत्र पर इसका असर होता है। हो सकता है उस बात के हमारे मन-मस्तिष्क पर प्रभाव के चलते हम फिर से किसी चोट आदि के शिकार हो जायें। यह अनुभवजनित सत्य है कि जब भय से हमारा हृदय निर्बल हो जाता है तो हमारी जीवन शक्ति भी क्षीण हो जाती है। इसके चलते आशंका बन जाती है कि हम बैठ-बैठे रोगाणुओं को अपने शरीर पर आक्रमण करने का अवसर दे दें। हालांकि, अभी कोराना काल के अनुभव के वैज्ञानिक अध्ययन उपलब्ध नहीं हैं लेकिन बाद में पता चलेगा कि बहुत से स्वस्थ लोग अच्छी इम्यूनिटी के बावजूद कोरोना के शिकार हो गये। यही वजह कि कई लोग वैक्सीन लगाने और तमाम सुरक्षा उपायों के बावजूद कोरोना के बार-बार शिकार हो गये। यह प्रवृत्ति हम तमाम गरीब मुल्कों में देख सकते हैं जहां उपचार की बेहद कमी थी और उन्हें वैक्सीन की सुविधा भी उपलब्ध नहीं थी, फिर भी वे कोरोना महामारी से बच गये। दुनिया का सबसे शक्तिशाली, संपन्न और तमाम चिकित्सा सुविधाओं से लैस देश अमेरिका इसका उदाहरण है जहां आंकड़ों के हिसाब से कोरोना से मरने वालों की सबसे अधिक संख्या रही। साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा भी सबसे ऊंचा रहा।

परमहंस योगानंद लिखते हैं कि दरअसल, भय हमारे हृदय से उत्पन्न होता है। जैसे कि एक बच्चा जो आग के खतरे के बारे में नहीं जानता वह आग की लौ से खेलना चाहता है। जहरीले सांप को पकड़ना चाहता है। लेकिन जिस व्यक्ति के अवचेतन में आग के खतरे और सांप के जहर का प्रभाव अंकित है वह भयभीत हो जाता है।

ऐसे में मन की शक्ति से हम भय से मुक्त हो जाते हैं। यदि हम किसी महामारी, बीमारी व दुर्घटना के भय से बचना चाहते हैं तो अपने मन को मजबूत करना होगा। जब कोई मुसीबत सामने हो तो आप गहरे से धीरे-धीरे तथा लय के साथ कई बार सांस लें और सांस छोड़ें।

# आखों की रोशनी बचाने वाले योगासन



स्वामी मुक्तरथ

आंखें हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में शामिल हैं लेकिन अक्सर हम अपनी आंखों को स्वस्थ रखने के लिए सबसे कम उपाय करते हैं। आजकल युवाओं यहां तक कि बच्चों की भी आंखें कमजोर हो रही हैं। त्राटक अभ्यास आपको अंधेपन से दूर रखने में सहायक होता है। हम आंखों के लिए ऐसे ही कुछ आसन के बारे में बता रहे हैं। हलासन पीठ के बल पर लेट जाइए। अपनी हथेलियों को शरीर के साथ फर्श पर रखिए। अब अपने पैरों को 90 डिग्री पर ऊपर की तरफ उठाएं। अपनी हथेलियों को फर्श पर टिकाए रखें और अपने पैरों को सिर के पीछे की तरफ ले जाएं। अपनी कमर को भी ऊपर उठाते हुए पैर से सिर के पीछे फर्श को छूने की कोशिश करें। इस प्रक्रिया में हाथों से अपनी कमर को सहारा देते हुए कम्फर्ट बनाए रखें और कुछ क्षण तक इस मुद्रा में रहें। कूल्हों को ऊपर उठाएं, घुटनों और कोहनियों को सीधा करें और शरीर को अंग्रेजी के 'ए' की मुद्रा में बनाएं।अपनी हथेलियों पर दबाव डालें और अपने कंधे के ब्लेड खोलें। अपनी एड़ी को फर्श पर धकेलने की कोशिश करें। 8 से 10 बार सांस लेने तक रुकें।



अपने दाहिनी नाक को अपने अंगूठे से धीरे से बंद करें, अपने बाईं नाक में सांस लें और इसे बंद करें। सांस को दाहिने नथुने से बाहर निकालें। फिर अपने दाएं से सांस लें और इसे बंद करके केवल अपने बाएं से सांस छोड़ें। इसे कई बार करें। त्राटक ध्यान अपने सामने एक कोई दीपक या लौ जलाएं। इसे आंख की सीध में रखें। उदाहण के लिए आप 5 फीट के हैं तो 5 फीट की दूरी पर बैठें। बैठने के लिए कोई भी आरामदायक मुद्रा चुन सकते हैं। अब लौ की तरफ देखना शुरू करें और सारा ध्यान उस पर केंद्रित करें। **(लेखक सत्यानंद योग मिशन रांची से जुड़ें हैं।)**

# लैंगिक समानता और मानवाधिकारों का प्रश्न

सोनम लववंशी

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं के लिए गर्भपात कानून में बदलाव करने का निर्णय लिया है। इसके तहत पांच दशक पुराने गर्भपात कानून पर रोक लगा दी गई। अब अमेरिका में 50 साल पुराना संवैधानिक संरक्षण समाप्त हो गया। साथ ही अमेरिका के सभी राज्य गर्भपात को लेकर अपने नियम खुद बना सकेंगे। इस फैसले के बाद सम्भवतः अमेरिका के कुछ राज्यों में गर्भपात पर पूरी तरह से प्रतिबंध लग जाएगा। देखा जाए तो यह फैसला कहीं न कहीं महिलाओं के लैंगिक समानता और मानवाधिकार के खिलाफ है।

अमेरिका में 1973 के रो बनाम वेड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात को संवैधानिक अधिकार का दर्जा दिया था। अमेरिका गर्भपात का अधिकार वापस लेने वाला पहला देश बन गया है। पिछले 25 साल में अमेरिका ने गर्भपात को लेकर कानूनों में कई बदलाव किए। लेकिन, तीन देश ही ऐसे हैं जहां गर्भपात को कठिन बनाने के लिए कड़े नियम कानून बनाए गए हैं। दुनिया में आज भी 67 देश ऐसे हैं जहां गर्भपात कराना बहुत ही आसान है। इन देशों में बिना वजह बताए सरलता से गर्भपात कराया जा सकता है। दुनिया के अधिकतर देशों में शुरूआती तीन महीनों में गर्भपात कराना गैर-कानूनी नहीं माना गया। जबकि, 26 देश तो ऐसे हैं, जहां गर्भपात कराना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। फिर चाहे मां या बच्चे की जान पर ही बात क्यों न आ जाए।

बात भारत की करें तो हमारे देश में गर्भपात को लेकर कोई सख्त नियम नहीं है। भारत में सुरक्षित गर्भपात कराना कानूनी अधिकार है। हमारे देश में गर्भपात के लिए ह्यमेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट 1971ह्न में बना था। इसके बाद 2021 में इस एक्ट में कुछ सुधार किए गए। इसके साथ ही कुछ विशेष परिस्थितियों में महिलाओं को मेडिकल गर्भपात का प्रावधान 20 सप्ताह से बढ़ाकर 24 सप्ताह कर दिया गया है। संशोधित कानून के तहत दुष्कर्म पीड़िता या नाबालिग लड़की 24 हफ्ते तक गर्भपात करा सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, हर साल 2.5 करोड़ असुरक्षित गर्भपात होते हैं, जिसमें करीब 37 हजार महिलाओं की मौत तक हो जाती है। वैसे गर्भपात पर प्रतिबंध लगा देने मात्र से गर्भपात के आकंड़े कम नहीं होंगे, बल्कि गैरकानूनी तरीके से गर्भपात कराने के आंकड़े जरूर बढ़ जाएंगे।

एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के पहले साल ही 14 लाख महिलाएं अनचाहे गर्भ का शिकार हो गई थीं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक रिपोर्ट में भी इस बात का खुलासा हुआ कि दुनिया में हर साल 12.1 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को अनचाहे गर्भधारण का सामना करना पड़ता है। यहां अनचाहे गर्भधारण से आशय है, महिलाओं को उनकी मर्जी के बिना गर्भवती कर दिया जाना। कई बार जबरदस्ती, कई बार वे मजबूरी में शिकार बन जाती हैं तो कई बार युद्धकाल की भेंट चढ़ना पड़ता है। ऐसे में देखा जाए तो गर्भपात पर प्रतिबंध लगना जायज नहीं ठहराया जा सकता।

बात अगर भारत के बारे में की जाए, तो आज भी हमारे समाज में महिलाओं के पास अपनी इच्छा से गर्भवती होने या न होने का कोई विकल्प नहीं है। वे इतने सामाजिक और आर्थिक बंधनों में जकड़ी हैं कि इस दिशा में वे सोच ही नहीं पातीं। इस बात के पक्ष में कभी कोई महिला आंदोलन भी खड़ा नहीं हुआ।

ऐसे में सवाल उठता है कि अनचाहे गर्भ के लिए क्या महिलाएं ही जिम्मेदार हैं! क्या पुरुषों की कोई जवाबदेही नहीं बनती। वैसे हमारे पुरुष प्रधान समाज में अनचाहे गर्भ के लिए महिलाओं को ही क्यों जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। अगर कोई लड़की गर्भवती हो जाए, तो समाज उसे हीनभावना से देखता है। जबकि, कोई उस लड़के को गलत नहीं समझता, जो इस कृत्य में सबसे बड़ा भागीदार होता है। ऐसे में यह दोयम दर्जे की मानसिकता कब तक पल्लवित होती रहेगी! अनचाहे गर्भधारण की वजह से अनगिनत समस्याओं का सामना महिलाएं तो करती ही हैं। अगर उन्हें ही इसके लिए कसूरवार हर बार ठहराया जाता रहा तो यह कतई उचित नहीं कहा जा सकता। ऐसी परिस्थितियों में गर्भपात करने का अधिकार महिलाओं से नहीं छीना जाना चाहिए। ये सच है कि गर्भपात कराने का सीधा असर महिलाओं के स्वास्थ्य पर ही पड़ता है। ऐसी स्थिति में अनचाहे गर्भ को रोकने के लिए महिलाओं को जागरूक करना जरूरी है।

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों की मानें तो दुनिया में 64 देशों में 23 प्रतिशत महिलाएं यौन संबंध बनाने के लिए अपने साथी को इंकार तक नहीं कर पातीं!

इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि 21वीं सदी में महिलाओं की स्थिति क्या है! वर्तमान दौर में हमारे समाज में महिलाओं को यौन हिंसा, लैंगिक असमानता व गरीबी की वजह से भी अनचाहे गर्भ का सामना करना पड़ता है। बात अनचाहे गर्भधारण की करें तो इसकी सबसे बड़ी वजह जानकारी का अभाव होना है। 21वीं सदी में भी महिलाओं को यौन सम्बधों की सही जानकारी नहीं होना, आधुनिक समाज के लिए दुखदाई है। भले ही कहने को दुनिया में यौन शिक्षा का प्रचलन बढ़ रहा है, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि इसके लिए हमें अभी लम्बा सफर तय करना होगा।

# अध्यात्म के आनंद ने बदला विराट कोहली को

आर.के. सिन्हा

**अभी** कुछ दिन पहले खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन और उसके बाद इस फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद सारा देश विराट कोहली की उपलब्धियों पर चर्चा कर रहा है। हालांकि, इस बहस के दौरान एक पक्ष नजरअंदाज सा हो रहा है कि कुछ साल पहले तक बात-बात पर आवेश में आने वाले विराट कोहली अब इतने शांत कैसे हो गए हैं? विराट कोहली की पर्सनेल्टी में आखिरकार इतना आमूलचूल बदलाव कैसे आ गया? उन्हें वृंदावन जाना खास पसंद है।

विराट कोहली वृंदावन में श्री परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वो पिछले साल जनवरी में भगवान कृष्ण की नगरी वृंदावन में अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ बाबा नीम करौली की समाधि के दर्शन करने के लिए गए थे। पहले दोनों बाबा नीम करौली की समाधि पर गए और फिर आनंदमयी आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने कई संतों से मुलाकात की। साथ ही दोनों ने बांके बिहारी मंदिर के साथ कई अन्य प्रमुख मंदिरों के भी दर्शन किए। वे ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। दयानंद गिरि आश्रम की विराट और उनकी पत्नी अनुष्का कई बार यात्रा कर चुके हैं। विराट और अनुष्का ने यहां पहुंचकर ब्रह्मलीन दयानंद सरस्वती की समाधि के भी दर्शन किए और गंगा घाट पर संत-पंडितों के साथ आरती में भी शामिल हुए।

विराट कोहली ने यहां योग करने के बाद पूजा-अर्चना की थी और फिर सार्वजनिक धार्मिक अनुष्ठान कर भंडारे का आयोजन करवाया था। स्वामी दयानंद गिरि का सितंबर, 2015 में निधन हो गया था। वो ऋषिकेश में दयानंद सरस्वती आश्रम और कोयंबटूर में अर्श विद्धा गुरुकुलम के शिक्षक थे। उन्होंने करीब 50 साल तक देश और विदेश में वेदांत की शिक्षा दी थी। इस बीच, विराट कोहली अपनी पत्नी के साथ पिछले साल उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने सुबह चार बजे भस्म आरती की और भगवान का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली ने आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह में जाकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया। विराट कोहली ने गले में रुद्राक्ष की माला भी धारण की। शायद ही विराट कोहली के कद का कोई अन्य खिलाड़ी इतनी तीर्थ यात्राएं करता हो।

एक समय था जब विराट कोहली की शख्सियत का एक श्याम पक्ष उनका मैदान के अंदर और बाहर बेहद उग्र होना भी था। वो फौरन आवेश में आकर झगड़ा करने लगते थे। उनका मैदान के भीतर भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी गौतम गंभीर से कई बार झगड़ा हुआ। विराट कोहली के गुस्से का शिकार आस्ट्रेलिया में एक पत्रकार भी हुआ था। विराट कोहली ने एक बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक मैच में अंपायर कुमार धर्मसेना को अपशब्द कहने शुरू कर दिए थे। धर्मसेना श्रीलंका के टेस्ट खिलाड़ी थे। उनके इस तरह के व्यवहार के कारण विराट कोहली की छवि बहुत खराब बन रही थी। पर अब वो अपनी उस खराब छवि को बहुत पीछे छोड़ चुके हैं। वो अपने क्रोध पर काबू पा चुके हैं। वो मैदान के अंदर-बाहर शांत रहते हैं। क्रोध का न होना मन को शांत रखने का सबसे प्रभावशाली उपाय है। क्रोध की उत्पत्ति केवल अधूरी इच्छाओं से होती है। जो इंसान दूसरों से कोई अपेक्षा नहीं रखता, वह अपने संगी-साथियों से नाराज नहीं हो सकता। विराट कोहली अध्यात्म के रास्ते पर चलने से विनम्र भी हुए हैं। वो बिशन सिंह बेदी के सार्वजनिक रूप से चरण स्पर्श करते थे। दिल्ली क्रिकेट के गढ़ फिरोजशाह कोटला मैदान में होने वाले कार्यक्रमों में विराट कोहली बेदी पाजी के चरण स्पर्श करते हुए कई बार देखे गए थे। आप बता दीजिए कि विराट कोहली के अलावा कितने खिलाड़ी गुजरे दौर के खिलाड़ियों के चरण स्पर्श करते हैं। तो बहुत साफ है कि उन्होंने अपने में सकारात्मक बदलाव किए। इससे वो एक बेहतर मनुष्य के रूप में सामने आए हैं। अपनी जीवनशैली को बदलते हुए विराट कोहली अब शाकाहारी भी हो चुके हैं। उनका शाकाहारी हो जाना आश्चर्यजनक है क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी मांसाहारी और शाकाहारी खाद्य पदार्थों के मिश्रण को ही भोजन में पसंद करते हैं। विराट कोहली अपनी फिटनेस का श्रेय शाकाहारी भोजन को देते हैं। इसके अलावा, वो मुख्य रूप से उबले हुए खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं, जिनमें किसी प्रकार के तेल का प्रयोग नहीं होता



साभार : कार्टून मूवमेंट

## स्पीड न्यूज

### मनोज मुंडा हत्याकांड में एक गिरफ्तार



**रामगढ़।** 15 फरवरी 2023 को बरकाकाना ओपी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-लोवाडीह झंझीटोला में मनोज मुंडा को मुर्गा लड़ाने के द्वौरान अज्ञात चार अपराधकर्मियों ने गोली मारकर हत्या की थी। मृतक मनोज मुंडा के भाई जनक मुंडा के फर्दबयान के आधार पर पतरातु (बरकाकाना) थाना कांड संख्या-25/23, दिनांक-16.02.2023, धारा-302/120बी भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट के अर्न्तगत अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया। यह जानकारी शनिवार को बरकाकाना ओपी में प्रेस वार्ता के दौरान पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विरेंद्र राम ने दी। उन्होंने बताया कि इस कांड के अनुसंधान के दौरान पाया गया कि इस घटना को अंजाम मूर्गा पाडा संचालक से लेवी लेने के लिये प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी द्वारा दिया गया। इस घटना में संलिप्त अपराधकर्मी विनोद गंझू पे चन्दरू गंझू साकिन-लोवाडीह थाना-पतरातु जिला-रामगढ़ को घटना में प्रयुक्त अग्नेयास्त्र के साथ पूर्व में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त ने पूछताछ में घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों का नाम बताया है।

### सीपीएम की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक शनिवार को भुरकुंडा शाखा कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता कॉ. किरण कुमार ने किया। संगठन में नये सदस्यों की भर्ती, जनसमस्याओं को सूचीबद्ध कर भविष्य में बैठक कर आन्दोलन करने की रुपरेखा तैयार करने की बात कही गई। बैठक में सर्वसम्मति से अगस्त माह में मंहगाई और बेरोजगारी सहित अन्य जनसमस्याओं पर प्रखंड एवं जिला स्तरीय प्रदर्शन करने, जिला में पार्टी संगठन के शाखा और लोकल/अंचल सम्मेलन की तिथि तय की गई। बताया गया कि राज्य कमेटी की बैठक 23 एवं 24 जुलाई को बुंडू में होगी। जिसमें जिला सचिव कॉ. आरपी सिंह चंदेल भाग लेंगे। बैठक में मांडू सांगठनिक लोकल कमेटी का गठन किया गया। जिसमें कॉ. बलभद्र दास प्रभारी चुने गये। वहीं कॉ. रफीक, कॉ. प्रभात कुमार, कॉ. बिरजू नोनिया, कॉ. गोवर्धन गुप्ता एवं कॉ. कैलाश महतो सदस्य मनोनित किये गये।

### रास्ते के विवाद का हुआ समाधान



**गोला(रामगढ़)।** गोला प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के सोनडीमरा व नावाडीह सीमा पर रास्ते को लेकर कुछ लोगों ने जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था जिससे उसपर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। शनिवार को रामगढ़ उपायुक्त के निर्देश पर जिला अमीन मुरेश चौधरी ने नापी कर दोनों गाँव के सीमा को 7 फीट के जमीन अलग किया और चिन्हित जगह पर पत्थर गाड़कर सीमांकन कर दिया। इससे रास्ते को लेकर चल रहा विवाद अब खत्म हो गया। मौके पर अंचल अधिकारी समरेश कुमार भंडारी, अंचल निरीक्षक, बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह के अलावा नावाडीह पंचायत के मुखिया राजकिशोर कोटवार, सरपंच सुधीर कोटवार तथा दोनों मौजा के खाता रैयत एवं दोनों गाँव के ग्रामीण रैयत मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत



**रामगढ़।** फोरलेन मार्ग के चुटूपालू घाटी में शनिवार को सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। इस संबंध में बताया जाता है की घाटी से गुजरने के क्रम में चिप्स लदा ट्रेलर असंतुलित होकर पलट गया। जिससे दब जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य घायल की इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। बताया गया कि ट्रेलर जब घाटी से गुजर रहा था तो उसका ब्रेक फेल हो गया। जिस कारण अनियंत्रित होकर ट्रेलर पलट गया। जिससे दब जाने से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई।

### महाप्रबंधक ऑफिस के समक्ष धरना 30 को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** संयुक्त श्रम संगठन बरका-सयाल क्षेत्र की बैठक शनिवार को यूसीडब्ल्यूयू कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता अशोक गुप्ता एवं संचालन बासुदेव साव ने किया। बैठक में सभी श्रम संगठन के नेताओं ने एक स्वर में कहा कि बरका-सयाल क्षेत्र में महाप्रबंधक कार्यालय एवं परियोजना कार्यालय पूर्ण रूपेण निष्क्रिय हो चुका है। प्रबंधन कई महीनो से किसी भी संचालित समितियां जैसे एसीसी, वेलफेयर, सेफ्टी आदि की बैठक नहीं की है। बैठक नहीं होने के कारण मजदूरों का कोई काम नहीं हो पा रहा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 30 जुलाई को बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष संयुक्त श्रम संगठन द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसी आलोक में संयुक्त श्रम संगठन 15 जुलाई को बरका- सयाल प्रबंधक को मांग पत्र सौंपेगा।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरे दिन का मैच संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एला एंग्लाइज विद्यालय का कूप मैदान में चल रहे अन्तर सदनीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का दूसरे दिन का पहला मैच शनिवार को आर्यभट्टा सदन बनाम टीएएन मिश्रित टीम के बीच खेला गया। आर्यभट्ट टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सात ओवर में 104 रन का विशाल लक्ष्य रखा। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी टीएएन की 35 रन पर ही ऑल आउट हो गई। बेहतर प्रदर्शन के लिए आर्यभट्टा सदन के पवन करमाली को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच अशोका सदन और भीबीए मिश्रित टीम के बीच खेला गया। भीबीए की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अशोका सदन की टीम ने 7 ओवर में 116 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी भीबीए की टीम मात्र 52 रन ही बना सके। अशोक सदन के अनस अहमद को 86 रनों की पारी के लिए मैच में मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश की धज्जियां उड़ा रहीं हैं कोल कंपनियां

## एनटीपीसी चट्टीबरियातू व केरेडारी कोल परियोजना में अवैध बालू का कारोबार, प्रशासन मौन

**समसाद अंसारी**

- जनता अबुआ आवास निर्माण में बालू के कण कण को मोहताज
- पुख्ता जानकारी मिलने पर होगी कार्रवाई : सीओ

**केरेडारी।** हजारीबाग जिला के केरेडारी में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश की धज्जियां उड़ रहीं हैं कोल कंपनियां। वहीं सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। केरेडारी अंचल क्षेत्र में बालू का सर्वाधिक अवैध कारोबार खुले आम चल रहा है।

एनजीटी के रोक के बावजूद भी दिनदहाड़े एनटीपीसी चट्टीबरियातू एवं केरेडारी कोल परियोजना में ट्रैक्टरों के माध्यम से बालू की अवैध ढुलाई की जा रही है। वहीं दूसरी और अबुआ आवास समेत अन्य सरकारी योजनाओं के लिए लाभुक बालू के कण कण के लिए मोहताज हैं। वहीं क्षेत्र कई कोल कंपनियों में सैकड़ों ट्रैक्टर बालू अवैध रूप से स्टॉक कर रखा गया है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पचड़ा पंचायत के ग्राम जोरदाग के नयाखाप रोड कुर कुटिया गढ़ा के बगल में चट्टी बरियातू कोल माइंस के एमडिओ कंपनी ऋत्विक के गेट के सामने दर्जनों ट्रैक्टर बालू स्टॉक कर रखा गया है।

**कौन है बालू सिंडिकेट का मास्टर माइंड :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह साबित होता है कि कोल कंपनियों में बालू सप्लाई के लिए एक बड़ा सिंडीकेट हावी है जो क्षेत्र के विभिन्न कंपनियों में बालू का सप्लाई अवैध रूप से करता है।

सीओ राम रतन वर्णवाल ने कहा कि अवैध रूप से रखे बालू की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि पुख्ता जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।



### सरकार कालाबाजारी में लिप्त : रोशन लाल चौधरी



वर्तमान सरकार गोरखधंधे और कालाबाजारी में लिप्त है,इन्हें आम जनमानस की जन समस्याओं और उनके निदान से कोई मतलब नहीं है। सरकार के व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ आजसू पार्टी ने लगातार अंचल कार्यालय से लेकर के सदन तक आवाज बुलंद की है, लेकिन फिर भी यहां के वर्तमान विधायक और सरकार की आंख नहीं खुली है। एक तरफ सरकार अबूआ आवास बनाने का फरमान जारी करती है वहीं दूसरी ओर जनता बालू के लिए त्राहिमाम है।लेकिन कई प्रतिनिधियों व बड़े-बड़े ठेकेदार का हाइवा बालू बड़े-बड़े कंपनियों में दिनदहाड़े बेचा जा रहा है। अगर इस पर प्रशासन जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई नहीं करती है तो आजसू पार्टी पुरजोर आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का आइसेक्ट यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू

## कई कार्यक्रमों में होगी साझेदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग का सदर प्रखंड के तरबा-खरबा स्थित आईसेक्ट यूनिवर्सिटी के साथ शनिवार को एमओयू हुआ। मौके पर डॉ. मुनीष गोविंद, कुलसचिव, आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग, डॉ. एसआर रथ, आईक्यूएसी निदेशक सह डीन एडमिन, डॉ. बिनोद कुमार, वोकेशनल निदेशक, मोहम्मद शमीम अहमद, पीआरओ के अलावा गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरविन्द कुमार यादव, आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर डॉ. बसुंधरा कुमारी और आईक्यूएसी कोर टीम के सदस्य एवं सहायक प्राध्यापक संदीप कुमार सिन्हा मौजूद थे। दोनों शिक्षण संस्थानों का एक-दूसरे के साथ एमओयू होने पर उनमें आपसी सहभागिता बढ़ेगी। आईसेक्ट यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद और गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरविन्द कुमार यादव ने बताया कि दोनों संस्थान राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले सेमिनार, सिम्पोजियम और वर्कशॉप में एक-दूसरे के सहभागी बनेंगे। वहीं खेल-कूद, पुस्तक प्रकाशन, जर्नल के सम्पादन, स्टूडेंट्स-फैकल्टी आदान-प्रदान, मूल्यवर्धित कोर्स आदि कर पाएंगे। विभिन्न कार्यक्रमों में एक-दूसरे की साझेदारी होगी। इस प्रकार हर क्षेत्र में दोनों संस्थानों के संबंध प्रगाढ़ होंगे। इसका लाभ दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों, प्रशिक्षुओं और शिक्षकों को मिल पाएगा। इन्हें करियर के लिहाज से भी आगे बढ़ने और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट का बेहतर मौका मिल पाएगा। सभी का एक-दूसरे से इंटरेक्शन बढ़ेगा और कुछ नए पहलू और विचार भी उभरकर सामने आएंगे। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अपने-अपने संस्थानों में लागू करने में भी भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे पहले गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य समेत अन्य शिक्षाविदों का आईसेक्ट यूनिवर्सिटी के कुलसचिव को बुके देकर स्वागत किया गया।

### आकांक्षी अभियान को लेकर डीसी ने की बैठक

**रामगढ़।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत 30 सितंबर तक चलने वाले संपूर्णता अभियान को लेकर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में छतरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ।उपायुक्त चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अधिकारियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। उपायुक्त ने सभी को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत 30 सितंबर तक चलने वाले संपूर्णता अभियान एवं इसके उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी का यह लक्ष्य होना चाहिए कि हमारा जिला विकास के हर क्षेत्र में अव्वल स्थान पर रहे। मौके पर उन्होंने संपूर्णता अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों, विभिन्न सूचकांकों को लेकर भी सभी को जानकारी दी। उपायुक्त ने अधिकारियों, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मियों को गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं व बच्चों के मृत्यु दर को कम करने को लेकर भी जानकारियां सभी को दी।

# पत्रकार का एफआइआर में नाम देना गलत : प्रेस क्लब



**बरही।** बीते कुछ दिनों पूर्व चौपारण में दो पक्षों के आपसी झड़प में अलग अलग लोगों द्वारा दिए गए आवेदन के माध्यम से चौपारण के तीन पत्रकारों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। दर्ज प्राथमिकी को लेकर प्रेस क्लब, बरही की शनिवार को एक आपात बैठक एनएच डाक बंगला में हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अनुज यादव व संचालन सचिव अनुज सिंह ने किया। बैठक में पत्रकारों पर हुए प्राथमिकी को लेकर घटना की निंदा की गई और घटना को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारियों को लिखित ज्ञापन देने पर सहमति बनी। बैठक में प्रेस क्लब बरही से पत्रकार अंकित कुमार ने सदस्यता ग्रहण करते हुए प्रेस क्लब बरही का विधिवत सदस्य बनाया गया। इस बाबत प्रेस क्लब बरही के अध्यक्ष अनुज यादव ने कहा कि पत्रकार भीड़ का हिस्सा नहीं है, ना ही वह वैसा कोई काम करते है जिससे विधि व्यवस्था बाधित हो। ऐसे में दो पक्षों के आपसी झड़प में अन्य लोगो के साथ पत्रकारों पर नामजद एफआईआर करना सरासर गलत है। उन्होंने चौपारण व बरही के प्रशासनिक पदाधिकारियों से आग्रह किया कि मामले की उचित जांच करते हुए जल्द से जल्द पत्रकारों का नाम प्राथमिकी से हटाया जाए अन्यथा संवैधानिक रूप से इसका विरोध करेंगे। मौके पर अध्यक्ष अनुज कुमार, सचिव अनुज सिंह, पत्रकार रितेश कुमार, अब्दुल मनान वारसी, राकेश रोशन, सुजीत प्रधान, पंकज कुमार, गन्नू कुमार, अंकित कुमार आदि उपस्थित थे।

### क्षत्रिय महासभा के सभापति गोपाल सिंह की बेटी बनीं शिक्षक, लोगों दी बधाई



**बरही।** दहेज उन्मूलन समिति क्षत्रिय महासभा के सभापति गोपाल सिंह के पुत्री का पोस्ट ग्रेजुएट टीचर अंग्रेजी शिक्षिका नियुक्ति पर क्षत्रिय महासभा बनगांवां परगना के लोगों ने बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में क्षत्रिय महासभा बनगांवां परगना के लोगों ने सभापति गोपाल सिंह के पुत्री लवली कुमारी का उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से नरेश सिंह, दिनेश्वर सिंह, प्रभु नारायण सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, विनोद नारायण सिंह, बसंत सिंह, नरेश सिंह, कैलाशपति सिंह, शंभू सिंह, विनय सिंह, सकलदेव सिंह, भोला सिंह, प्रद्युम्न सिंह, लोकेश सिंह, संजय सिंह, किशोर सिंह, अरुण सिंह, सुशील सिंह (अधिवक्ता), मोती सिंह, राजदेव सिंह, मिथिलेश सिंह, रविंद्र सिंह, विकास सिंह, अनुज सिंह, वृंदा सिंह, सुखदेव सिंह, उपेंद्र सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, राजेश सिंह, मनोज सिंह, गंगो सिंह, परमेश्वर सिंह, चंद्रदेव सिंह के साथ क्षत्रिय महासभा के सैकड़ों लोग शामिल रहे। शुक्रवार को सभापति गोपाल सिंह की पुत्री लवली कुमारी को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में दिया था।

# रोटरी क्लब ने शुरू किया गो ग्रीन अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पर्यावरणीय ससंरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रोटरी क्लब ऑफ रांची ने विश्राम कंस्ट्रक्शन के साथ मिलकर गो ग्रीन अभियान की शुरूआत की है। अभियान के तहत शनिवार को अंगारा में बिश्राम कंस्ट्रक्शन परियोजना स्थल पर 500 विदेशी पौधे लगाए गए।

कहा गया कि यह अभियान रांची में हरियाली और स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने में कारगर साबित होगा। रोटरी क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने कहा कि पर्यावरण के प्रति प्रत्येक नागरिक को गंभीरता से सोचने और इसकी सुरक्षा के लिए पहल करने की जरूरत है। हमारी पृथ्वी का वातावरण जितना अच्छा होगा, हम उतने स्वस्थ रहेंगे। क्लब ने इसी सोच के साथ गो ग्रीन अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान का दायरा और बढ़ाया जाएगा। मानसून के मौसम में लगभग 5000 पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सतत विकास में अग्रणी बिश्राम कंस्ट्रक्शन का साथ मिलने से यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा।

विदेशी पौधे लगाकर बिश्राम कंस्ट्रक्शन ने अपनी कॉर्पोरेट जिम्मेदारी का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस कार्यक्रम में भंडारीलाल, रमेश धरनीधरका, हरमिंदर सिंह, अतुल अग्रवाल, दीपक श्रीवास्तव, ख्याति मुंजाल, भावना तनेजा, कृतिका चौहान, शीतल अग्रवाल, लोकेश साहू, पीहू, सनी सहित कई रोटरी सदस्य मौजूद थे।




## एक नजर में

### झरपो की अमृता बनीं प्लस-2 की शिक्षिका



**टाटीझरिया।** दृढ़ संकल्प हो तो मंजिल दूर नही की कहावतें आखिरकार उदाहरण स्वरूप टाटीझरिया प्रखंड की गरीब परिवार की बहू ने क्षेत्र का नाम रौशन कर दिखाया। झरपो पंचायत अंतर्गत चरका पत्थर टोला झरपो निवासी बिलाश कुमार की पत्नी अमृता रानी अंग्रेजी विषय से स्नातककोत्तर प्रशिक्षण पीजीटी शिक्षक प्रतियोगिता पास कर +2 उच्च विद्यालय की शिक्षिका के पद पर उन्हें रांची प्रभात तारा मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में सबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गणों संग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र दिया।मुखिया सह बीस सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अज्ञात वाहन ने मारा टक्कर,एक बच्चा घायल

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया चौक से विष्णुगढ़ बगोदर हजारीबाग जाने वाले मुख्य सड़क का स्थिति बहुत ही दयनीय है। इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों की संख्या में पैदल ,दो पहिया ,चार पहिया वाहनों से राहगीरों का आवागमन होता है। टाटीझरिया बैंक ऑफ इंडिया के समीप सड़क पार करने के दौरान टाटीझरिया निवासी अजीत गुप्ता के लगभग 10 वर्षीय पुत्र आकाश गुप्ता को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारा, जिससे घायल हो गया।

### चरही में मुहर्रम को ले शांति समिति की बैठक

**चरही।** मुहर्रम को लेकर चरही थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने की, जबकि संचालन पूर्व मुखिया दशरथ महतो ने किया। एसडीपीओ ने कहा कि शनिवार से लेकर 19 जुलाई तक निषेधाज्ञा लागू रहेगा।कानून के उलंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। शराब पीकर उन्माद फैलाने वालों पर भी कार्रवाई होगी। मौके पर चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार,नंदकिशोर दास,बैजनाथ मेहता,जीतमोहन महतो,तरुण महतो अमित सिंह,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,अधिवक्ता किशोर कुमार,बीस सुत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो,भाजपा के मुरारी सिंह,भुनेश्वर ठाकुर,पूर्व मुखिया महादेव शोरें,दशरथ महतो,कुर्बान अंसारी,डॉ.रामसेवक प्रसाद,मिन्हाज अंसारी, सतीश साहू, आरिफ अंसारी, तौफिक अंसारी, मोनाजिर अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।


### टुन्नू गोप ने पेयजल को ले डीसी को लिखा पत्र

**बरही।** हजारीबाग लोकसभा संयोजक सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टुन्नू गोप ने कहा कि ब्लॉक बरही, पदमा व चौपारण में पानी आपूर्ति के समस्या है और बरही में विभाग के द्वारा पूर्व घोषित 10 जुलाई तक जल आपूर्ति प्रारंभ करने की घोषणा की गई थी, किंतु दुर्भाग्यवश वर्तमान समय तक आपूर्ति प्रारंभ नहीं हो पाया है। जिसके कारण बरही क्षेत्र में जल मीनार होने के बावजूद जल की समस्या बनी हुई है। उक्त समस्या पर उन्होंने उपायुक्त हजारीबाग को पत्र लिखा है। जलमीनार से बरही क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति यथा शीघ्र प्रारंभ किया जाए। इसी प्रकार पदमा में भी पेयजल की समस्या बनी हुई है वहां भी पेयजल आपूर्ति की सुगमता पूर्वक प्रारंभ किया जाए। श्री गोप ने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया है कि एक माह के अंदर इसका निदान किया जाए, अन्यथा बाध्य होकर प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

### 16 जुलाई को भाजपा का अभिनंदन समारोह

**बरही।** 16 जुलाई को भाजपा बरही विधानसभा स्तरीय अभिनन्दन समारोह सह बूथ स्तरीय कार्यक्रम रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही में होगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के प्रथम पूर्व मुख्यमंत्री सह झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगमन होना सुनिश्चित हुआ है। साथ ही हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल को पूरे लोकसभा में बरही विधानसभा की देवतुल्य जनता ने आपार जनसमर्थन और आशीर्वाद दिया है। फलस्वरूप बरही विधानसभा भाजपा परिवार की ओर से उन्हें भी विशेष अभिनन्दन व सम्मानित करने का कार्यक्रम सुनिश्चित हैं। कहा कि कार्यक्रम को सफलीभूत हेतु पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिन्होंने पूरी तन्मयता से लोकसभा चुनाव को अच्छा परिनाम दिलाने में महत्ती भूमिका निभाई है उनके नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल करने में पूरे बरही विधानसभा के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### कोर्रा न्यू कॉलोनी में करंट से गाय की मौत



**हजारीबाग।** कोर्रा देवांगना चौक स्थित न्यू कॉलोनी में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। यहां बाबा आदम जमाने के कमसे कम दस से ऊपर लोहे के पोल लगे हुए है। इन पोलो से लोगो के घर में विद्युत की सप्लाई होती है। कई पोल तो सीना तान ठीक ठाक खड़े है लेकिन कुछ की स्थिति जर्जर है। वैसे ये बाबा आदम के जमाने के लोहे के खम्भे है बड़े खतरनाक। क्योकि बारिश के दिनों में इन खंभो में में करंट प्रवाहित होती है जिससे जान माल का खतरा बना रहता है। आज कल हर जगह सुरक्षा के दृस्टि से विद्युत सप्लाई के लिए सीमेंट के खम्भो का इस्तेमाल होता है। लेकिन इस मुहल्ले में विभागीय लापवाही कहिये या यहाँ के निवासियो का आलसपन की अभी तक यहाँ लोहे के खम्भे इस्तेमाल किये जा रहे है। शनिवार दोपहर न्यू कॉलोनी के ऐसे ही एक लोहे के खम्भे के प्रभाव में आने से एक गाय की मौत हो गयी है। पहले भी एक बकरी की मौत हो चुकी है, जबकि लोगों को कई बार झटके लग चुके हैं। सबसे बड़ी बात है यह जो कॉलोनी है यहाँ कई सारे लॉज है। इन लॉजों में छात्र- छात्राएं रहते हैं। रोज इनका आना जाना है। कभी ये इन खम्भों के चपेट में आ गए तो एक बड़ी घटना घट सकती है। अंजाम भयावह हो सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि करंट के चपेट में जानवर के मरने सुचना दूरभाष के माध्यम से पीड़ितों द्वारा बिजली विभाग को दी गई। मिस्त्री द्वारा लाइन को काट दिया गया है। लेकिन ये समस्या का समाधान नहीं है। बारिश होने के बाद करंट दौड़ने लगता है और खंभा गर्म रहता है। समय रहते हुए अगर बिजली विभाग नहीं चेता तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। मुहल्ला वासियों का कहना है कि उन्होंने खम्भों को बदलने को लेकर कई बार बिजली विभाग से आग्रह की लेकिन हुआ कुछ नहीं। बहर हाल इस मामले पर विभाग और जिला प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। ऐसे में जरूरत है की मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इन सारे लोहे के खम्भो को सीमेंट के खम्भों से रेप्लस कर दिया जाए।

### डीटीओ ने कई योजनाओं का किया निरीक्षण



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के परियोजनाओ का सीसीएल मुख्यालय डीटीओ हरीश दुहान ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान करमा परियोजना का औचक निरीक्षण करते हुए व्यू प्वाइंट से खान को देखा। साथ ही वस्तु स्थिति का जायजा लिया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इधर क्षेत्र के तोपा परियोजना पहुंचकर भूमि अधिग्रहण, खदान विस्तारीकरण व अन्य विभिन्न समस्याओं की जानकारी लिया। इसके बाद व आरा व सारूबेड़ा परियोजना का भी निरीक्षण किया। मौके पर महाप्रबंधक आरके सिन्हा, पीओ पवन कुमार, तोपा पीओ एमके सिंह, मैनेजर संजय सिंह, चंद्रवीर नारायण, राजकुमार अभियान, सर्वेयर संजय सिंह, देवेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

चतरा में आयोजित हुआ अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा, कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

# झारखंड में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनाने को ले पूरे प्रदेश के कार्यकर्ता प्रतिबद्धः अर्जुन मुंडा

▸▸ झारखंड की क्षेत्रीय पार्टियों लोक लुभावन वायदों से प्रदेश की जनता कर रही है भ्रमित

## भ्रष्टाचार में डूबी हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकना है लक्ष्य : विधायक किशुन कुमार दास

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि नए संकल्पों के साथ प्रतिबद्ध होकर पुनः भाजपा को विजय संकल्प दिलाने के लिए प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा देश बनाने के लिए राजनीति करती है जबकि दूसरी राजनीतिक दल देश बेचने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाजपा देश की एकता को एक सूत्र में बांधने का और विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ चल रही है। जबकि झारखंड प्रदेश की क्षेत्रीय पार्टियों लोक लुभावना वायदा देकर प्रदेश की जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिसने झारखंड बनने से पहले ही झारखंड के भ्रूण हत्या का प्रयास किया था, उन्हीं के साथ मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा आज प्रदेश की सरकार चला रही है। ऐसे में इसे क्षेत्र की जनता का कल्याण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार जन विरोधी नीतियों के साथ-साथ भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का संरक्षण और संसाधनों के दोहन में लगी हुई है। चतरा जिला मुख्यालय स्थित धामनिया के पास आयोजित अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन प्रथम पाली में चतरा विधानसभा के कार्यकताओं के साथ की गई जबकि द्वितीय पाली में सिमरिया विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस मौके पर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के कई



समाजसेवियों ने भाजपा का दामन थामा है। दामन थामने वालों में सिसई के जयप्रकाश रजक, कुलदीप पासवान, पुष्पा देवी सहित अन्य शामिल है। इस मौके पर मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा ने उन्हें शाल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में सिमरिया विधानसभा के एदला पश्चिमी पूर्वी के बूथ अध्यक्ष को सबसे सशक्त बूथ के लिए सम्मानित भी किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि क्षेत्र से भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के बदौलत ही लोकसभा चुनाव में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से तकरीबन 76000 मतों से दूसरे कांग्रेस के प्रत्याशी से बढ़त बनाई थी। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी कार्यकर्ता झारखंड में सबसे अधिक मतों से सिमरिया विधान सभा से जीत दिलाएंगे। जबकि चतरा विधानसभा के कार्यकताओं से भी उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनाव पर जीत का लक्ष्य संकल्प के साथ रखना है। ताकि आने वाले समय में प्रदेश से इस भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। इस मौके पर सिमरिया के लोकप्रिय विधायक किशुन कुमार दास ने कार्यकताओं से उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सक्षम बनाना और गांव को आत्मनिर्भर बनाना, वंचित लोगों को सम्मान दिलाना भाजपा का लक्ष्य है। भाजपा के नेतृत्व में बनी सरकार ही झारखंड को सजा और संवार सकती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चतरा विधानसभा के संयोजक जनार्दन पासवान ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनाव की तैयारी करेंगे। कार्यक्रम में सभी मंडल अध्यक्षों को शाल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। चतरा विधानसभा के चतरा विधानसभा के हंटरगंज प्रखंड स्थित बूथ संख्या 153, 393, 398, 461, 472 के बूथ अध्यक्षों को भी सम्मानित किया गया। अभिनंदन अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का संचालन पार्टी के जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह ने की। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ,विनय जायसवाल आदि ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश सिंह, युगल किशोर खंडेलवाल, नवीन साह, अशोक शर्मा, विनय सिंह, राम विलास सिंह के साथ-साथ जीतन राम अमित साहू, अक्षय वट पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

### पुलिस अधीक्षक ने की क्राइम मीटिंग



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग (मासिक अपराध गोष्ठी) का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान एसपी ने थानावार विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों की समीक्षा कर कांडों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मोहर्रम को लेकर सतर्क रहें, असामाजिक तत्वों, हुड़दंगियों और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखें, त्यौहार के दौरान किसी भी हाल में शांति व्यवस्था भंग न हो, इसके लिए नियमित रूप से गश्ती करें, विधि व्यवस्था चाक चौबंद रखें। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के अलावे विभिन्न थानों के थाना प्रभारी आदि मौजूद थे।

### डीडीसी ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा जयनगर प्रखंड के तमाय पंचायत के सोनपुरा आंगनवाड़ी केन्द्र व चंदवारा प्रखंड के कांटी पंचायत के मूर्तिया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में चल रहे ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित एएनएम को बच्चों का टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं के हेल्थ चेकअप व जांच से संबंधित कार्यों करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके पश्चात कांटी स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्री और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदनों का सत्यापन किया गया।

### सिमरिया सुभाष चौक पर यात्री सेड नहीं होने से ग्रामीण परेशान

**सिमरिया।** सिमरिया सुभाष चौक पर यात्री सेड नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को बसों का इंतजार करने के लिए दुकानों या सड़कों पर खड़ा होना पड़ता है। सिमरिया संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास पहले एक यात्री सेड था, लेकिन उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों ने सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी से अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। पूर्व में बने यात्री सेड को अवैध रूप से कब्जा कर भाड़े पर लगा दिया गया है और अब उसे होटल में बदल दिया गया है। ग्रामीणों ने जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उपायुक्त ने नगर प्रशासकों के साथ बैठक कर दिये कई निर्देश

## शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से हो साफ सफाई की व्यवस्था, जलापूर्ति में नही हो कोई शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में नगर निकायों की बैठक की गयी। बैठक में झुमरीतिलैया नगर पर्षद कोडरमा व डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने तीनों शहरी क्षेत्रों के नगर प्रशासकों को नियमित रूप से शहरी क्षेत्रों में साफ सफाई करवाने और आमजनों को सुचारू रूप से जलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावे शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीसी ने तीनों शहरी क्षेत्रों में वेंडिंग जोन और गोवर्धन पार्क बनाने आदि का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नगर प्रशासकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, नियमित रूप से निर्माण कार्यों का जायजा लें, वहीं राजस्व संग्रहन पर भी विशेष यान देने का निर्देश दिया। वहीं डीसी ने झुमरीतिलैया नगर प्रशासक को ब्लॉक मैदान के चारों ओर पौरोपण करवाने, दुकान के बाहर अतिक्रमण किये जगहों से अतिक्रमण हटाने, सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोकथाम को लेकर नियमित रुप से अभियान चलाने, तीनों शहरी क्षेत्रों में कैम्प लगाकर व्यावसायिक भवनों रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच कर इसे लागू करवाने, शहरी क्षेत्रों के चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण करने, निर्धारित समय सीमा के अंदर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने, नो इंट्री में वाहनों के प्रवेश करने पर आर्थिक जुर्माना लगाने आदि का निर्देश दिया। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, तीनों शहरी क्षेत्रों के नगर प्रशासक आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री बहन-बेटी योजना पर कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री बहन बेटी मई-कुई स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस योजना का उद्देश्य 21 वर्ष से अधिक और 50 वर्ष से कम उम्र की कमजोर महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना है। योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदिका की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए, उसका आधार खाता से लिंक होना चाहिए, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड से आच्छादित होना चाहिए। सरकारी लाभ लेने वाले जैसे एएनएम, सहिया, सहायिका, पारा शिक्षक स्वयं और उनके परिवार के लोग इस योजना के लिए योग्य नहीं हैं। वर्तमान में किसी भी तरह की पेंशन पाने वाले और आयकर दाता भी इसके लिए योग्य नहीं हैं। उपायुक्त ने कहा कि लोगों के प्रति संवेदना रखकर कार्य करें और महिला दिव्यांगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसका ध्यान रखें। सीएससी सेंटर संचालकों को भी ध्यान देना चाहिए कि पेंशन प्राप्त करने में किसी को असुविधा न हो और किसी भी तरह की अवैध वसूली या निकासी न हो। कार्यशाला में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कुमारी वेदवंती, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सीएससी संचालक, सभी प्रखंडों के कंप्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

एक नजर में

### शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारा के साथ मुहर्रम पर्व मनायें: उपायुक्त




**चतरा।** चतरा में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त रमेश घोलप और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से मुहर्रम पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने पर जोर दिया। उन्होंने भड़काऊ भाषण, गीत, आपत्तिजनक तथ्यों को फैलाने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी तरह की आपत्तिजनक पोस्ट मिलने पर तुरंत जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन को सूचित करें।उन्होंने सभी समुदायों के लोगों से आपसी समन्वय और सहयोग की भावना से पर्व मनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति की बैठक में लोगों को आश्वस्त किया कि संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल के जवानों की तैनाती की जाएगी और प्रशासन विधि व्यवस्था की समस्या से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उपायुक्त रमेश घोलप ने जिले वासियों को मुहर्रम की अग्रिम शुभकामनाएं दी और कहा कि जिले में शांतिपूर्ण मुहर्रम सम्पन्न हो। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, निदेशक डीआरडीए, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा, जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारीगण, जिले के विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के थाना प्रभारी, पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी, चतरा जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए जनप्रतिनिधि, समन्वय समिति के सदस्यगण, सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

### कर्माधाम मंदिर में हाथी ने जमकर मचाया उत्पात



**मरकच्चो (कोडरमा)।** जंगली हाथी ने प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थस्थल कर्माधाम मंदिर में जमकर उत्पात मचाया। बताते चलें कि जंगल स्थित कर्माधाम में झुंड से बिछड़ा एक जंगली हाथी पहुंचकर खूब उत्पात मचाया। दिन होने की वजह से प्रतिदिन की भांति शनिवार को भी श्रद्धालु काफी संख्या में पूजा पाठ करने पहुंचे थे। पूजा पाठ कर वे वहीं खाना बनाने की तैयारी में थे, इसी दौरान एक हाथी पहुंच गया। वहीं हाथी को देख लोग सुरक्षित स्थान में भागने लगे इस दौरान हाथी श्रद्धालुओं के द्वारा खाना बनाने के लिए लाये गए खाद्य सामाग्री को खाया व बर्बाद कर दिया। वहीं हाथी घरों में घुस घुस कर खाने की तलाश कर रहा था। इसे देख श्रद्धालुओं के बीच भगदड़ मच गई और सभी इार-उधर भागने लगे।

### जिला प्रशासन फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ करेगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त



**कोडरमा।** विभिन्न सूत्रों से सूचना प्राप्त है कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री बहन बेटी मई-कुई स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना का फॉर्म शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भरने तथा जमा करने के लिए अवैध वसूली की जा रही है। विभाग द्वारा उक्त योजना हेतु कोई भी फॉर्म अब तक उपलब नहीं कराया गया है, केवल मात्र विभागीय संकल्प ही प्राप्त है और न ही सामाजिक सुरक्षा कार्यालय के द्वारा किसी प्रकार के फॉर्म का वितरण अथवा प्रचार किया गया है। विदित हो कि इस योजना के अंतर्गत 21 से 49 वर्ष की सभी वर्ग की महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपये प्रोत्साहन राशि दिया जाना है। भविष्य में विभाग से सूचना अथवा फॉर्म प्राप्त होने पर उक्त योजना से संबंधित फॉर्म का वितरण नि:शुल्क किया जाएगा। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि 'मुख्यमंत्री बहन बेटी मई-कुई स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना' झारखण्ड सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। यदि जिला प्रशासन को इस योजना के नाम पर गलत प्रचार एवं किसी के द्वारा अवैध फॉर्म वितरण की कालाबजारी की सूचना प्राप्त होती है तो कृत कार्रवाई के लिए सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### 75 वर्षो से दखल कब्जा वालो को मिलेगा वन पट्टा

**सिमरिया।** शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में वन पट्टा को लेकर बैठक हुई जिसमें प्रमुख रोहन साव, पंचायत के मुखिया और वन समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 75 वर्षों से वन भूमि पर दखल कब्जा कर जोत कोड करते आ रहे लोगों को चिन्हित कर उन्हें वन पट्टा का अधिकार दिया जाएगा। अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य जाति के भूमिहीन लोगों को भी वन पट्टा का अधिकार दिया जाएगा। इसके लिए हर पंचायत में मुखिया के अध्यक्षता में ग्राम सभा की जाएगी, जहाँ वन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में वन पट्टा के अधिकार के लिए लोगों का चयन किया जाएगा। चयनित लाभार्थियों की रिपोर्ट अंचल कार्यालय को सौंपी जाएगी। बैठक में अंचल कर्मी और प्रखंड कर्मी भी मौजूद थे।

## मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे हंटरगंज



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** मंत्री सत्यानन्द भोगता ने हंटरगंज दौरे के दौरान जोरी में राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय जोरी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यालय के बच्चों के बीच साईकल और खरछढर महिला समूहों के बीच डेमो ऋण चेक वितरित किए इसके बाद उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव, चतरा विधानसभा भावी प्रत्याशी रश्मि प्रकाश, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, प्रखंड मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## योग्य अभ्यर्थियों को दें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा कोषांग और कल्याण विभाग की बैठक की गयी। बैठक के दौरान तीनों विभागों से संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। समाज कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने योग्य अभ्यर्थियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना व मातृत्व योजना का लाभ देने का निर्देश दिया, वहीं कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने शतप्रतिशत योग्य अभ्यर्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना और निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ देने ,छात्रवृत्ति योजना से सम्बंाित प्राप्त आवेदनों को सत्यापित करते हुए लाभुकों को योजना का लाभ देने आदि का निर्देश दिया, साथ ही सामाजिक सुरक्षा कोषांग के पदाधिकारी को पेंशन से संबंधित शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करते हुए योग्य अभ्यर्थियों को पेंशन का लाभ देने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीसी के अलावे डीएसडब्ल्यूओ शिप्रा सिन्हा, डीडब्ल्यूओ अभिषेक आनन्द, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नीतीश कुमार निषाद आदि मौजूद थे।

जिला स्तरीय स्कूल रूआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन को लेकर बैठक

## बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्कूल रूआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन को लेकर बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से स्कूल रूआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन के सफल संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में 5-18 आयु वर्ग के नामांकित सभी बच्चों का उपस्थिति सुनिश्चित करना, विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना, प्रवासी, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चे का नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना। पिछले वर्षों में कक्षा 1 से 11 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति की पुष्टि करना, सभी बच्चों की उपस्थिति ई-विद्यावाहिनी में दर्ज कराना एवं नियमित अनुश्रवण करना और नव-नामांकित बच्चों का शत्-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना समेत कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य लक्ष्य 5-18 आयु वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालयीय शिक्षा पूर्ण कराना है। ड्रॉप आउट बच्चों का स्कूल में ठहराव हो, इस कार्य में प्रगति लाने को कहा गया। वहीं उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें और एक अच्छी शिक्षा दें। उन्होंने जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने पंचायत के विकास के धरोहर हैं और अपने पंचायत में शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था को देख सकते हैं। बच्चों की स्कूल में शत-प्रतिशत उपस्थिति हो, इसके लिए अपने पंचायत, गांव के लोगों को जागरूक करें, ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल लाना है। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई से लेकर 31 जुलाई 2024 तक स्कूल रूआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन चलाया जाएगा। इस दौरान विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों की विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति करने का प्रयास किया जायेगा। वहीं उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक, माता समिति की बैठक कर लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों को चिन्हित करना एवं घर का भ्रमण कर नियमित उपस्थिति हेतु प्रेरित करना, बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना, प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत नो कॉस्ट गतिविधि की समीक्षा एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सहयोग से पूर्ण करना, इको क्लब, स्पोर्ट्स क्लब, आर्ट एंड क्राफ्ट क्लब, सिंगिंग एंड डांसिंग क्लब आदि के माध्यम से विद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाना एवं प्रत्येक वर्ग में कूड़ेदान की व्यवस्था करना, विद्यालय प्रबंधन समिति की सहायता से किचन गार्डन एवं वृक्षारोपण कराना आदि कार्य किये जायेंगे। उपायुक्त ने इस अभियान को लेकर सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिये। बैठक में जिप अध्यक्ष रामधन यादव, एसडीओ रिया सिंह, डीईओ सह डीएसई अजय कुमार, प्रखंड प्रमुख डोमचांच, सभी बीईईओ, बीपीओ, मुखिया समेत अन्य लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## शिक्षा के बिना किसी भी मुकाम को हासिल करना असंभव : भूषण तिर्की



गुमला। विद्यालयों में शत प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं नामांकन को लेकर राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा स्कूल रुआर 2024 (बैक टू स्कूल कैंपेन) अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम एसएस+2 उच्च विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक भूषण तिर्की, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्त देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मई महीने से अब तक सभी विद्यालयों में नए सेशन के लिए बच्चों के नामांकन करने की प्रक्रिया की जा रही है। मौके पर विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि राज्य एवं जिले को शिक्षित बनाने में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के किसी भी मुकाम को हासिल करना आज के समय में संभव नहीं है। इस अभियान के जरिए सभी छुटे हुए बच्चों का विद्यालय में नामांकन करवाया जा सके। इसके लिए सभी मिल के संकल्प लें। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि जब भी हम शिक्षा के स्तर एवं आउटकम की समीक्षा करते हैं तो कई ऐसे पॉजिटिव रिजल्ट भी देखने को मिलते हैं, जो वाकई सराहनीय है। परंतु यदि एवरेज स्थिति की गणना की जाए तो गुमला के विद्यार्थी कई मामले में पीछे हैं। आज के समय में विज्ञान ही भविष्य है। परंतु बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि कम देखने को मिल रही है। कई ऐसे विद्यार्थी है जो विद्यालय नियमित रूप से नहीं आते हैं। ऐसे तमाम कारण है जो बच्चों को शिक्षा से वंचित रख रहा है। मौके पर जिला परिषद अध्यक्षा किरण माला बाड़ा ने कहा कि यह अभियान की जिम्मेदारी केवल शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग की नहीं बल्कि अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की भी है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील टोप्पो, शिक्षा पदाधिकारी रकीब अंसारी, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## जिप सदस्य ने किया मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उदघाटन



चैनपुर। चैनपुर के पिपल चौक स्थिति आंगनबाड़ी केंद्र का जिप सदस्य मेरी लकड़ा के द्वारा शनिवार को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा द्वारा सेविका व सहायिका को ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि काम वैसा हो जिसमे शिकायत की कोई गुंजाइश न हो। बच्चों को सरकारी सुविधाओं से लाभान्वित करें। आज के बच्चे कल के भविष्य हैं इन्हें संवारने में कोताही ना बरतें। चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने कहा कि बच्चों के भविष्य संवारने और उन्हें कुपोषण से बचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर पर्यवेक्षिका कावेरी गुप्ता, स्वस्ति देवी, रश्मि मिंज, इमरेंसिया लकड़ा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्री बड़ादै दुर्गा मंदिर के सदस्य के निधन पर शोक व्यक्त

गुमला। श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के वरिष्ठ सहयोगी गनसा मिस्त्री के आकस्मिक निधन पर पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है। गौरतलब है कि स्व गनसा श्री बड़ा दुर्गा मंदिर से पिछले पचास वर्षों से भी अधिक समय से जुड़े हुए थे तथा जीवन पर्यन्त मंदिर में रह कर मंदिर के रखरखाव की जिम्मेवारी भी उन्होंने निभाई। उनके निधन पर पूजा समिति के अध्यक्ष निर्मल गोयल, सचिव रमेश कुमार,पूर्व सचिव राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, विश्वनाथ पांडेय, ओम प्रकाश साहु, भूपन साहु, अवधेश गोप, रुपेश भगत, मिथुन कुमार, द्वारिका मिश्र सुमन, किशोर रजक ने शोक व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 120 ईसाई धर्मावलियों को किया गया रवाना



गुमला। पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2024 के तहत वरिष्ठ नागरिकों हेतु निः शुल्क तीर्थ यात्रा कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित 120 ईसाई धर्मावलियों को गोवा जाने हेतु रांची हटिया रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, डीडीसी दिलेश्वर महत्तो, जिला नजारत उप समाहर्ता ललन कुमार रजक, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, गुमला सीओ हरीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से तीर्थयात्रियों के बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त ने सभी तीर्थयात्रियों को उनके 6 दिवसीय इस तीर्थ यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने जानकारी दी कि राज्य सरकार के मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2024 के तहत झारखंड राज्य से लगभग 1000 ईसाई धर्मावलियों को तीर्थयात्रा के लिए गोवा भेजा जा रहा है। जिसके तहत गुमला जिले से सबसे अधिक ईसाई धर्मावली इस तीर्थयात्रा में शामिल हो रहें है। जिले के यात्रियों की देखभाल के लिए नोडल पदाधिकारी के रूप में सुशील कंडिर, पणन पदाधिकारी बलासियुस लकड़ा को सहयोग के लिए भेजा गया है। इसके बाद 20 जुलाई को हिंदू तीर्थ यात्रियों को द्वारिका एवं अगस्त में मुस्लिम तीर्थ यात्रियों को अजमेर शरीफ भेजा जाना है।

## जंगली हाथियों का झुंड पहुंचा कैरो

कैरो। भंडरा प्रखंड क्षेत्र के बाद शनिवार सुबह सुबह कैरो प्रखंड मुख्यालय से महज 2 किलोमीटर दूर गोपालगंज पतरा में दर्जनों की संख्या में जंगली हाथियों के आने की सूचना है। सूचना आग की तरह फैलते गई और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण पतरा के पास जमा होकर हाथी के एक झलक के लिए लालायित दिखे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 12 बड़े और 5 से 6 छोटे हाथी देखे जाने की बात कही जा रही है। इधर चाल्हो, खरता, टाटी, बकसी के राहगीर शाम होने के पहले ही किसी तरह अपने अपने घर जाने के लिए भागते दिखे।

# जिस बूथ पर कम वोट मिले हैं विधानसभा चुनाव में वहां वोट प्रतिशत बढ़ायें : नवीन जायसवाल





खबर मंत्र संवाददाता

घाघरा। घाघरा प्रखंड के नवडीहा ग्राम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सभागार में शनिवार को भाजपा का बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जायसवाल थे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष व बूथ पदाधिकारी का अभिनंदन कर अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बीते लोकसभा चुनाव में जो कड़ी मेहनत बूथ के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने चिलचिलाती धूप में की है। वो असली हीरो है। कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है। हम सभी को यह देखना है जिस बूथ में हमने जीत हासिल की है। उसमें आने वाले विधानसभा में प्रचंड जीत हो और जिस बूथ में वोट प्रतिशत कम हुआ है। उस बूथ पर कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए विजय का संकल्प लिया गया। जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू ने कहा कि पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। मौके पर प्रवीण सिंह, समीर उरांव, रमेश उरांव, शिवशंकर उरांव, भिखारी भगत, मिशिर कुजूर, अशोक उरांव, तिम्बू उरांव, मनोज मिश्रा, श्याम किशोर पाठक, आशीष कुमार सोनी, विपिन बिहारी सिंह, गोपाल गोप, किशोर जायसवाल, पप्पू गुप्ता, केदार साहू, बादल राम, सनोज वर्मा, सरवन साहू, अमित ठाकुर, बैजू पहान, सुदर्शन कुमार आदि मौजूद थे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक न्यू रोड स्थित होटल गैलेक्सी में कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शामिल हुए। इस मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि विधानसभा चुनाव बहुत जल्द होने वाला है जिला कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता इसके लिए तैयार हो जाएं। लोहरदगा जिला में कांग्रेस संगठन काफी मजबूत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने एवं पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। और आशा व्यक्त किया और कहा कि लोहरदगा विधानसभा से कांग्रेस का परचम लहराएगा। उन्होंने जिला के वरिष्ठ कांग्रेसियों का एक कमिटी का गठन कार्यकर्ताओं के आपसी सहमति के पश्चात किया। जिसमे जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, अभिनव सिद्धार्थ, जिप अध्यक्ष रीना भगत, आलोक साहू, नेसार अहमद, जगदीप भगत, मोहन दुबे, मनोज भगत, अध्यक्ष जिला आदिवासी कांग्रेस शामिल है। बैठक में साजिद अहमद, सलीम अंसारी बड़े, रीना भगत, आलोक साहू, मोहन दुबे, शाहिद अहमद बेलु, फहद खान, सनियारो उरांव, सदरुल अंसारी, अनीस अहमद, नंदकिशोर शुक्ला, प्रकाश उरांव, फुलदेव उरांव, मनोज भगत, मनोज सोन तिर्की, विनोद सिंह खेरवार, लाल विकास सहदेव, गुलाम जिलानी, तारीख अनवर, रफीक अंसारी, सोनू कुरैशी, सैफ अहमद, प्रत्यूष पांडे, रिजवान अंसारी, माजीद अहमद, दयानंद उरांव समेत कांग्रेसी उपस्थित थे।

# हेसाग लूट कांड का रायडीह पुलिस ने किया उदभेदन, तीन अभियुक्त गिरफ्तार



खबर मंत्र संवाददाता

रायडीह। रायडीह पुलिस ने हेसाग में हुए लूट कांड का उदभेदन किया है। पुलिस ने लूटकांड में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, चार जिंदा गोली एवं दस हजार रूपया नगद बरामद किया है। इस संबंध में शनिवार को थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि 27 जून को चैनपुर बाजार जा रहे धान व्यापारी मनोज कुमार गुप्ता पिता रामजी प्रसाद, चेटर गुमला निवासी को हेसाग जंगल के समीप अज्ञात अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर 60000 नगद एवं दो मोबाइल फोन लूट लिया था। इसके बाद लूट कांड का शिकार मनोज कुमार गुप्ता के बयान के आधार पर एसपी के निर्देश पर चैनपुर एसडीपीओ अमिता लकड़ा के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। अभियान के दौरान 12 जुलाई को पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई। जिसके आधार पर महेंद्र पन्ना उर्फ काड़ा गुमला निवासी को पकड़ा गया। अभियुक्त के निशान देही पर लुटा गया दोनों मोबाइल फोन बरामद किया। उसके द्वारा बताए गए सहयोगी रॉबिंसन भगत उर्फ तूफानी बाबा तथा वीरेंद्र खड़िया को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान तूफानी बाबा के घर से एक देसी कट्टा एवं चार जिंदा गोली तथा बाइक बरामद किया गया। वंही वीरेंद्र खड़िया के घर से लूटा गया दस हजार रूपया बरामद किया गया। इस अभियान में एसआई विनय साव, एएसआई विनय राम एवं थाना सेट 11 के जवान शामिल थे।

# अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने का कर रहे हैं प्रयास : मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव





खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। सदर ब्लॉक परिसर स्थित नगर भवन में विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा मुहर्रम त्योहार के उपलक्ष्य पर वाद्ययंत्र डंका, ताशा का वितरण लाइसेंसी अखाड़ों के बीच किया गया। इस मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हम सब मिल करके अपनी संस्कृति सभ्यता एवं परंपरा को बचाने का प्रयास कर रहे हैं पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, समाजसेवी अब्दुल जब्बार, और रोहित उरांव के आपसी विचार विमर्श एवं सहयोग से तय किया गया की इस तरह से अपनी संस्कृति सभ्यता को बचाने के लिए आदिवासी भाई बहनों के बीच पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया गया। उसी तर्ज पर मुस्लिम भाइयों के बीच मोहर्रम पर्व के अवसर पर डंका, ताशा का वितरण किया जा रहा है ताकि परंपरा संस्कृति जो हमें पूर्वजों ने दिया है उसे बरकरार रखा जाए। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि आधुनिक युग में परंपरा को बचाना हमारा कर्तव्य है। जिस निमित्त विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम भाइयों के बीच ताशा, डंका का वितरण किया जा रहा है ताकि त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके। आने वाले समय में हिंदू भाइयों के बीच में रामनवमी के शुभ अवसर पर पारंपरिक वाद्य यंत्र का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर अशोक यादव, रोहित उरांव, हाजी जबारूल अंसारी, विनोद सिंह खेरवार, नेहाल कुरैशी, विशाल डुंगडुंग, राजू उरांव, असलम अंसारी, इमरोज अंसारी, नेहाल कुरैशी, कमरूल इस्लाम, सूरज मुंडा, फारुख हुसैन, अफरोज आलम, हातिम, आसिफ कुरैशी, एजाज अंसारी, हैदर अली, सहूद आलम, नयुम शाह, कबीर अंसारी, फिरोज शाह, सफीक, रुस्तम, अब्दुल अंसारी, राजा अंसारी, इदरीस अंसारी, इकराम अंसारी, नेजाम अंसारी, मो मुस्ताक, माजिद हुसैन, खालिद अंसारी, सैफ अंसारी, मो हाशिम अंसारी, मो इकबाल आदि उपस्थित थे।

# ट्रक मालिको की मांगों को हिंडाल्को ने माना, हड़ताल समाप्त

यह जीत ट्रक मालिकों की चट्टानी एकता की बदौलत मिली है : धीरज प्रसाद साहू



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन, झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला के संयुक्त आंदोलन में 6 राउंड कंपनी के साथ वार्ता के बाद आखिरकार 25 जून से बॉक्साइट में चलने वाले लगभग 1500 ट्रक अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल पर थे। अनिश्चितकालीन हड़ताल के 18 वाँ दिन कंपनी ने एसोसिएशन की सभी मांगों को मानते हुए संरक्षक के साथ लिखित समझौता किया। जिसके पश्चात हड़ताल समाप्त हुई। एसोसिएशन की सबसे प्रमुख मांगों में सभी माइंसों में जहां खनन होता है वहां 6 चक्का ट्रक का ही परिचालन होना चाहिए ना कि किसी प्रकार के बड़ी गाड़ी का, जिस पर कंपनी ने लिखित आश्वासन दिया कि किसी भी माइन्स में बड़े गाड़ी का परिचालन नहीं किया जाएगा, दूसरी मांग हेसल से जो गाड़ियां परिवहन करेंगी वह एसोसिएशन के साथ और संरक्षक के साथ कंपनी बैठकर सारे चीजों को तय करेगी, सभी माइंसों में पिछला जो एग्रीमेंट हुआ था उसके मुताबिक कंपनी ट्रिप नहीं दे रही थी कंपनी ने स्पष्ट किया कि सभी माइंसों में एग्रीमेंट के मुताबिक पूरा ट्रिप दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य सभी मांगों को मान लिया गया। मौके पर संरक्षक धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हम सभी ट्रक मालिकों का आभार प्रकट करते हैं कि उन्होंने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए 18 दिनों तक अपने मांगों के समर्थन में चट्टानी एकता का परिचय देते हुए हिंडाल्को कंपनी की मनमानी पर अंकुश लगाने का काम किया है। आज सभी ट्रक मालिको की एकता का परिचय है कि सारी मांगे हिंडाल्को ने मान ली। और आने वाले समय में भी इसी तरह एकता का परिचय देना है। लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, मुद्रिका यादव, विजय जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार, फिरोज राही, राजेश शर्मा, विनय राम बिन्नू, संदीप कुमार गुप्ता आदि ने संबोधित किया। हड़ताल को समाप्त करने की घोषणा संरक्षक धीरज प्रसाद साहू ने की। बैठक में अभय सिंह, रहमत अंसारी, मो अमानुल्लाह, संजीव शर्मा, एन कुजूर, मो गुड्डू, पंकज सिंह, समसुल अंसारी, शकील खान, विनय सिंह, मो सुल्तान, मो साजिद, बरज सिंह, विनोद सिंह, इनामुल अंसारी, दीपक साहू, महेंद्र प्रसाद, बच्चन चौरसिया, ओम सिंह, रामखेलावन साहू, हरिचरण साहू, संजू कुमार, विष्णु साहू, मुकेश साहू, शंकर प्रजापति, तारकेश्वर, जतरू मुंडा, अशोक उरांव उपस्थित थे।

## तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

लोहरदगा। जिले के सदर थाना क्षेत्र के मुंदो पिपरा टोली में तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के उपरांत स्वजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक की पहचान लोहरदगा जिला के सदर थाना क्षेत्र के मुंदो पिपरा टोली निवासी स्वर्गीय हेंदा उरांव के 75 वर्षीय पुत्र खदी उरांव के रुप में हुई है। बताया जाता है कि खदी तालाब की ओर गया हुआ था। इसी दौरान पैर फिसलने से वृद्ध गहरे पानी में डूब गया। काफी देर बाद घर वालों को इसकी जानकारी हुई, जिसके बाद ग्रामीणों से पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के उपरांत स्वजनों को सौंप दिया है।

## महिला ने की आत्महत्या

लोहरदगा। जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के चमडू गांव में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के सूचना मिलने के बाद सेन्हा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। महिला की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के चमडू गांव निवासी मनीष चिकबड़ाई की 25 वर्षीय पत्नी सुष्मिता चिकबड़ाई के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुषमा चिकबड़ाई और उसका पति मनीष चिकबड़ाई शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चले गए थे। इसी बीच देर रात सुष्मिता ने दूसरे कमरे में जाकर दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब देर रात मनीष उठा तो उसने सुष्मिता को दूसरे कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ पाया। इसके बाद मामले की सूचना आसपास के लोगों को दी गई। साथ ही पुलिस को भी सूचित किया गया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## युवक ने किया कीटनाशक का सेवन

लोहरदगा। जिले के सदर थाना क्षेत्र के निंगनी गांव में एक युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके बाद युवक की हालत बिगड़ गई। युवक को आनन-फानन में इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर युवक का इलाज किया जा रहा है। युवक की पहचान निंगनी गांव निवासी मदन साहू के 35 वर्षीय पुत्र अजय साहू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अजय ने पारिवारिक विवाद में कीटनाशक का सेवन कर लिया था। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। घरवालों को इसकी जानकारी हुई तो अजय को तत्काल इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल अजय की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

## भाजपा द्वारा अभिनंदन समारोह सह विजय संकल्प सभा का आयोजन आज

लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय संगठन द्वारा निर्धारित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह एवं विजय संकल्प सभा विधानसभा स्तरीय आयोजन सदर प्रखंड समीप स्थित टाउन हॉल में 14 जुलाई दिन रविवार को किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि,मुख्य वक्ता के रूप में बोकारो विधानसभा विधायक बिरंची नारायण होंगे। साथ ही कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, पूर्व लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत उपस्थित होंगे। यह जानकारी देते हुए पार्टी के पशुपति नाथ पारस ने बताया की कार्यक्रम में भाजपा के लिए बूथ पर संघर्षशील जुझारू कार्यकर्ताओं को सम्मानित करेगी। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता पद सर्वोपरि है। चुनाव में हार जीत होती रहती है। परंतु कार्यकताओं का सम्मान सदैव भाजपा करती है। भारतीय जनता पार्टी केवल संगठन के लिए समर्पित कार्यकताओं का उपयोग नहीं करती उसके साथ ससम्मान खड़ी रहती है। यह सभा में आगामी कार्यक्रम एवं लक्ष्यों पर विजय हासिल करने के लिए संकल्प भी लेंगे।

# निरंजन उरांव हत्याकांड का खुलासा, 3 गिरफ्तार



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। सिसई थाना क्षेत्र के ठेठईटांगर गांव निवासी निरंजन उरांव उर्फ रंजु हत्याकांड का सिसई पुलिस ने उदभेदन करते हुए घटना में संलिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर, मोबाईल व सीम के साथ अभियुक्तों के घटना के वक्त पहना गया कपड़ा जिसमें मृतक का खून लगा था। उसे पुलिस ने बरामद किया। इस संबंध में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि 9 जुलाई को ठेठईटांगर गांव स्थित नगड़र गढ़ा के पास खेत में निरंजन उरांव का शव पुलिस ने बरामद किया था। मृतक के पिता दशरथ उरांव के बयान पर पुलिस ने अनुसंधान आरंभ किया था। अनुसंधान के क्रम में अभियुक्त सुलेंद्र उरांव उर्फ बैहरा, सोमरा उरांव व जतरू उरांव उर्फ ढेला तीनों ग्राम ठेठईटांगर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि शराब पीने के दौरान मृतक से उनका विवाद हो गया था। तीनों ने अपने एक साथी मुनर उरांव के साथ मिलकर घटना के दिन रात्रि में निरंतन उरांव को घर से उठाकर मारते पीटते नगड़ा गढ़ा खेत तक ले गये। जहां पतथर से कूचकर उसकी हत्या कर दी। छापामारी दल में थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव, पुअनि अजय कुमार, आशीष कुमार, अनवर अंसारी, आरक्षी धनंजय सिंह व नगीना यादव शामिल थे।

## इंटर हॉउस फुटबॉल टूर्नामेंट के सिनियर में शास्त्री व जूनियर में गांधी हाउस बना विजेता

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के संत पीटर उच्च विद्यालय टोंगो में इंटर हॉउस फुटबॉल टूर्नामेंट का शनिवार को फाइनल मैच खेला गया। जिसमें सेनियर में शास्त्री हॉउस और नेहरू हॉउस बीच मैच खेला गया। जिसमें शास्त्री हॉउस ने 1-0 गोल से विजय हुई और जूनियर में फाइनल मैच गांधी और राजेंद्र हॉउस के बीच खेला गया। जिसमें गांधी हॉउस ने टाई ब्रेकर में 4-3 से जीत दर्ज की। पूरे टूर्नामेंट को खेल शिक्षक रोशन लकड़ा की अगवाई में सम्पन्न किया गया। फाइनल मैच के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक फा. तेज कुमार बाखला, हॉस्टल अधीक्षक फा. रोहित कुजूर, शिक्षक, थादेउस तिर्की, रोशन लकड़ा, रेमेजियुस कुजूर, सेवरेन बेक, अजीत किंडो, अवित जेम्स, बरनाबस, अनिमा तिग्गा, अंकिता मिंज, शशि शारदा, अनल एक्का, अरविद बेक, लेवनर्ड लकड़ा सहित विद्यायल के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पलायन रोकने में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना होगी कारगरः विधायक

>> 108 लाभुकों को दिया गया मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ, 5,07,00,943 रूपये का हुआ ऋण वितरण



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़े वर्ग के बीच कल्याण विभाग द्वारा उन्नति का पहिया एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत साइकिल एवं ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को नगर भवन गुमला में किया गया। कार्यक्रम में गुमला विधायक भूषण तिर्की एवं उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से लगभग 200 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया एवं जिले भर के विभिन्न विद्यालयों से चयनित कुल 5800 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण प्रखंड स्तर से किया जाएगा। इस दौरान गुमला विधायक एवं उपायुक्त के द्वारा संयुक्त रूप से सांकेतिक रूप से लाभार्थियों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत अनुदान आधारित ऋण उपलब्ध कराया गया। जिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए ने बताया कि कार्यक्रम से पूर्व ही जिले के चयनित कुल 108 लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुदान आधारित 5,07,00,934 लाख की राशि का ऋण लाभुकों के बैंक खाते में उपलब्ध करा दिया गया है। जिसमें ट्रैक्टर, बोलेरो, टेंपो एवं स्कॉर्पियो आदि शामिल है। मौके पर गुमला विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार की योजना से जिले के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार हेतु अवसर प्रदान किया जा रहा है। आने वाले समय में यह भी प्रयास रहेगा कि जिले के अधिक से अधिक लाभुकों को उक्त योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि गुमला जिले में सबसे अधिक पलायन की स्थिति देखने को मिलती है एवं मुख्य मंत्री रोजगार सृजन योजना इस पलायन को रोकने में कारगर साबित हो रहा है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने उन्नति का पहिया के संबंध में कहा कि वे कई ऐसे विद्यार्थियों को जानते हैं जो बेहद दूर से पैदल चल कर भी विद्यालय जाते हैं। वैसे बच्चों के लिए यह उन्नति का पहिया कारगार साबित होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के संबंध में कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी लाभुकों के बीच अनुदान आधारित ऋण का वितरण किया गया है। आवदानों पर कार्रवाई तेजी से की जा रही है। जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिला परिषद उपाधीक्षक संयुक्ता देवी, परियोजना निदेशक आईटीडीए ने भी मंच को संबोधित किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1837 केसों का हुआ निष्पादन, 2.66 करोड़ रूपए की हुई वसूली





खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार 13 जुलाई को वर्ष के दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय, डालसा उपाध्यक्ष सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पोक्सो के स्पेशल जज अखिलेश तिवारी, बार के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं बताया गया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बेंचो का गठन किया गया था। पीडीजे ने इस अवसर पर कहा कि लोहरदगा के गरीब जनता को ध्यान में रखते हुए विभाग के अधिकारी नरमी का रूख रखा करें। तथा ऐसे आयोजन का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। आपसी समझौते से मामले को सुलह को बढ़ावा दें। डीसी ने कहा कि भारतीय न्याय प्रणाली का यह एक अच्छा कदम है। आयोजन के माध्यम से छोटे- छोटे मामलों को समाप्त कर आपस में मिलजुल कर रहे। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए डालसा के सचिव राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। वहीं उन्होंने आंकड़ों को बताते हुए कहा कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1837 केसों का निष्पादन किया गया। जबकि 2.66 करोड़ रूपए की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 333 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे।

स्पीड न्यूज

## बालूमाथ में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्वक तरीके से मनाने को लेकर आज शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया की मुहर्रम त्यौहार शांतिपूर्ण मानने को लेकर बालूमाथ थाना में शनिवार शाम को शांति समिति की बैठक बुलाई गई है। जिसमें प्रखंड के सभी समाजसेवी, जनप्रतिनिधी, राजनीतिक दलों एवं ग्रामीणों से शांति समिति की बैठक में भाग लेने का अपील किया और आयोजित शांति समिति की बैठक को सफल बनाने का अपील किया।

## अभिभावक-शिक्षक की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा


बैठक में मौजूद शिक्षक व अन्य।

**गारू।** राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय में शिक्षक अभिभावक की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक उमेश कुमार पाठक ने की। अभिभावकों के साथ हुई शिक्षकों की बैठक में बच्चो की उपस्थिति में निरंतरता बनाए रखने, विधि-व्यवस्था, रखरखाव आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधानाध्यापक श्री पाठक ने अभिभावकों से बच्चो को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की बच्चों से अनुशासित रहने की बात कही। अभिभावकों ने भी सभी प्रकार के कार्यों में सहयोग देने की बात कही। उपस्थित तमाम अभिभावकों ने अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया। अभिभावकों ने बताया एक साथ सबसे मिलकर बहुत हुई। बहुमूल्य विचारों का आदान-प्रदान हुआ। मौके पर लिपिक बीरेंद्र उराव, घंटी शिक्षक शत्रुघ्न कुमार सिंह, कमल किशोर उराव, प्रियंका कुमारी,अभिभावक सत्येंद्र सिंह, शनिदेव सिंह जयनंदन भगत, सुरेन्द्र उरांव समेत अन्य मौजूद थे।

## भाजपा नेता सह पूर्व विधायक ने चलाया जन संपर्क अभियान


जनसंपर्क अभियान में शामिल भाजपाई।

**बारियातू।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरियातू प्रखंड के डाढ़ा पंचायत के कटईटोला में विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम ने जनसंपर्क अभियान चलाया। जन संपर्क करने के दौरान उपस्थित महिला पुरुषों से विधानसभा चुनाव को लेकर बातचीत की। वहीं लोगों को विधानसभा चुनाव मे सहयोग करने की अपील की. साथ ही कई गाँवो मे लोगों से जन संपर्क अभियान चलाया. मौके पर भोक्ता समाज के योगेंद्र भोगता, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष देवनंद प्रसाद सहित जगदीश उरांव, किशोर प्रसाद, विकेश, रामकिशुन उरांव के अलावे आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे।

## मुखिया की अगुवाई में ग्रामीणो ने श्रमदान कर लोहरसी बाजार में चलाया सफाई अभियान


श्रम दान कर सफाई अभियान चलाते मुखिया व ग्रामीण।

- एकता और श्रम दान से बड़े बड़े कार्य भी हो सकता है संभव :जतरू मुंडा

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत माल्हन पंचायत में मुखिया संघ चंदवा के अध्यक्ष जतरू कुमार मुंडा की अगुवाई में लोहरसी के ग्रामीणों ने लोहरसी बाजार टांड़ में श्रम दान कार्यक्रम के माध्यम से सफाई अभियान चलाया। इस दौरान बाजार टांड एवं आसपास फैली गंदगी एवं बरसात में उगे झारियों को हटाया गया। इस मौके पर जतरू मुंडा ने ग्रामीणो को प्रेरित करते हुये कहा कि एकता और श्रम दान से बड़े बड़े कार्य संभव कर सकते हैं। बरसात के मौसम में घरो के आसपास झाड़ियों के उगने व गड्ढो पर में पानी के जमाव के कारण मलेरिया समेत कई प्रकार की बिमारियां फैलती है, आप सभा ग्रामीण बरसात के मौसम में अपने गांव का साफ सफाई रखेंगे तो कई बिमारियों से बचेंगे व गांव भी स्वच्छ बनेग है। इसलिए सभी ग्रामीण श्रमदान को बढ़ावा दें। ग्रामीणों ने मुखिया जतरू मुंडा के इस प्रयास का स्वागत करते की। मौके पर ग्राम प्रधान प्रमेश्वर मुंडा, भुनेश्वर साव, आजाद अंसारी, बहुरन सिंह, प्रवेज आलम, मुबारक अंसारी सुखारी मुंडा, प्रकाश भुइया गणेश महतो एवं दर्जनों लोग उपस्थित थें।

## सीएम तीर्थ दर्शन योजना के तहत 15 तीर्थ यात्रियों को गोवा हेतु रवाना किया गया


दर्शनार्थियों को रवाना करते अधिकारी।

**लातेहार।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत शनिवार को जिला से कुल 15 ईसाई तीर्थयात्रियों के जत्थे को गोवा के लिए रवाना किया गया। जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार के द्वारा सभी तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया गया। लातेहार जिले से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्री रांची पहुंचेंगे। पर्यटन विभाग द्वारा हटिया से गोवा के लिए विशेष ट्रेन के द्वारा तीर्थ यात्रा के लिए यात्रियों के विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। मुख्यमंत्री, झारखंड एवं माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के द्वारा आज दिनांक 13 जुलाई को झारखंड के विभिन्न जिला से आए तीर्थ यात्रियों को गोवा के लिए रवाना किया जाएगा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत लातेहार जिला से पहले दल ईसाई धर्म लंबियों/तीर्थ यात्रियों को आज रवाना किया गया। इसके बाद 20 जुलाई को हिंदू तीर्थ यात्रियों को द्वारिका भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के बीपीएल बुजुर्ग व्यक्तियों को तीर्थ स्थलों को भ्रमण कराया जाता है। इस मौके पर जिला खेल कार्यालय के पर्यटन विशेषज्ञ अभिजीत कुमार, जिला खेल समन्वयक लखेश्वर मंडल आदि उपस्थित थे।

# मनिका प्रखंड के जगतु में लाभुक को बिना बताये ग्राम प्रधान करवा रहे थे कूप का निर्माण, लाखों के गबन का आरोप

## पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं जनप्रतिनिधियों के मिली भगत से चल रहा सारा खेल

- 8 से 9 फिट कुआं का गहराई कर काम से अधिक पैसे की हुई निकासी

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देती लाभुक।


निमार्णाधीन कूप।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के कोपे पंचायत स्थित जगतु गांव में लाभुक को बिना बताए ग्राम प्रधान अरुण सिंह के द्वारा कूप का निर्माण करवाया जा रहा था। वहीं 8 से 9 फिट कूप का गहराई करके काम से अधिक योजना के लाखों रुपए निकालकर गबन कर लिया गया है। मौके पर लाभुक मानती देवी पति बैजनाथ सिंह घर जगतु ने बताया कि मेरे नाम से कूप योजना का लाभ मिला है यह मुझे पहले से पता नहीं था ग्राम प्रधान अरुण सिंह बिना बताए ही योजना का निर्माण करवा रहे थे जब मुझे पता चला तो योजना स्थल पर जाकर उनसे बात की। तब ग्राम प्रधान ने बताया कि तुम्हारे जमीन में कुआं का निर्माण करवा दे रहे हैं। वहीं लाभुक ने बताया कि योजना का प्राक्कलन राशि कितना है और अभी तक कितना पैसा निकाला गया है इसकी जानकारी मुझे बिल्कुल नहीं है। ग्राम प्रधान अरुण सिंह हम लोगों को डरा धमका कर बिना बताए ही योजना का निर्माण करवाते रहते हैं इसी तरह से पूर्व में भी ग्राम प्रधान के द्वारा मेरे नाम से डोभा का निर्माण करवाया गया था कुछ गलतियों के कारण हम लोगों के ऊपर केस भी हो गया था इसीलिए हम लोग उन्हें मना भी करते हैं लेकिन वे हमारे बात को नहीं मानते हैं। बता दें की ग्राम जगतु में मानती देवी के नाम से बिरसा सिंचाई कूप निर्माण 2023-24 योजना का लाभ दिया गया है जिसकी प्राक्कलन राशि 3 लाख 93 हजार 300 रूपए हैं और अभी केवल कूप निर्माण में 8 से 9 फीट गहराई किया गया है जिसमें 555 हाजिरी लगाई गई है और 1 लाख 43 हजार 259 रुपए अभी तक पैसे की निकासी की गई है। जबकि योजना स्थल पर देखा जा सकता है कि मात्र एक सप्ताह के काम के बदले काम से अधिक राशि निकाली गई है। वहीं जब इस विषय में कोपे पंचायत सेवक भिखु प्रसाद से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि योजना स्थल पर देखने के बाद कुछ कहूंगा। वहीं जब रोजगार सेवक मनीष कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मुझे मालूम है कि काम से अधिक प्राक्कलन राशि की निकासी हुई है काम को जल्द पूरा करवाया जाएगा। जिससे साफ प्रतीत होता है कि पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व जनप्रतिनिधियों के मिली भगत से यह सारा खेल चल रहा है क्योंकि लाभुक को योजना निर्माण का पता भी नहीं और लाभुक को जरुरत भी नहीं है फिर भी बिना बताए ही योजना का अधूरा निर्माण करवा कर सरकार के पैसे हजम करने का काम किया जा रहा है।

### नियम संगत होगी कारवाई : बीपीओ

वहीं जब इस विषय में वर्तमान बीपीओ केतन कुमार गुप्ता से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है मामले की जांच की जाएगी और जांच उपरांत उक्त व्यक्ति पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

### 18 दिनों से चला रहा ट्रक ऑनर एसोसिएशन की हड़ताल समाप्त

## संघ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा ट्रक मालिकों की एकता की हुई जीत

खबर मन्त्र संवाददाता


धीरज प्रसाद साहू के साथ वार्ता करते एसो. के लोग।

**चंदवा।** पिछले 25 जून से बॉक्साइट खनन क्षेत्र में चलने वाले लगभग 1500 ट्रक अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल पर थे। जिसकी समाप्ति की आधिकारिक घोषणा एसोसिएशन के द्वारा गुरुवार को कर दी गई है। हिंडाल्को कंपनी ने एसोसिएशन की सभी मांग पर अपनी सहमति जताई है। लगभग 18 दिनों के बाद अब ट्रकों के रुके पहिये को फिर से गति मिलेगी। शनिवार को सभी बन्द हुए माइंसो से ट्रकों का परिचालन शुरू हो गया। गुरदारी माइंस से प्रतिदिन 120 ट्रकों को ही बॉक्साइट लोड दिया जाएगा। एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन, झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संयुक्त आंदोलन में 6 राउंड कंपनी के साथ वार्ता के बाद शुकवार को कंपनी ने एसोसिएशन की सभी मांगों को मानते हुए संरक्षक धीरज साहू के साथ लिखित समझौता किया। मौके पर संरक्षक धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हम सभी ट्रक मालिकों का आभार प्रकट करते हैं कि उन्होंने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए 18 दिनों तक अपने मांगों के समर्थन में चट्टानी एकता का परिचय देते हुए हिंडाल्को कंपनी की मनमानी पर अंकुश लगाने का काम किया है। आज आपकी एकता का परिचय है कि आपकी सारी मांगे हिंडाल्को ने मान ली है। आने वाले समय में भी इसी तरह एकता का परिचय आप सभी को देना है और मैं आप लोगों के साथ हूं। जहां जरूरत पड़ेगी मैं ट्रक मालिकों के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। इधर पठारी ट्रक ओनर एसोसिएशन अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने सभी ट्रक ओनर व संगठन के साथियों के एकता की जीत है। उन्होने सभी को धन्यवाद करते हुए बधाई दी है।

## एक बाइक में पांच सवार लोगों को हाइवा ने लिया अपनी चपेट में, सभी घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-हेरहंज मुख्य पथ पर नवादा ग्राम के समीप एक बाइक में सवार एक ही परिवार के पांच लोग सड़क दुर्घटना में घायल हो गए ।घायलों में फुलकेश गंझु 38 वर्ष पिता घूरा गंझु, एव फुलकेश गंझु की पुत्री सीमा कुमारी 4 वर्ष,आरती कुमारी 5 वर्ष, सूर्यकांती कुमारी 2 वर्ष, पत्नी बबीता देवी 30 वर्ष सभी ग्राम भड़गांव थाना हेरहंज निवासी शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग नवादा ग्राम शादी समारोह में शामिल होने आए हुए थे। जहां से वापस अपने घर भड़गांव लौट रहे थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित हाईवा ने टक्कर मार दिया जिससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## जिले में बैक टू स्कूल कैंपेनिंग 2024 अभियान की शुभारंभ


कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर मौजूद अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्कूल रूआर 2023 (बैक टू स्कूल कैम्पेनिंग) जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास व उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि बच्चों को वापस लाने और उनकी नियमित उपस्थिति बनाये रखना अतिआवश्यक है। इसके लिए सामुहिक प्रयास की आवश्यकता है। विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मी की बेहतर भागीदारी शुरू करने की आवश्यकता है। सभी मिलकर प्रवासी बच्चों, स्कूल से बाहर रह गए बच्चों के अभिभावकों से मिलने और जागरूक करने का प्रयास करें, ताकि इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाय कि एक भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे और 5 वर्ष से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों का स्कूल में नामांकण हो और वो अपनी शिक्षा पूरी करें। इस दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई ने कहा कि समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य 5-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों का विद्यालयीय शिक्षा पूर्ण कराना है। विगत वर्षो में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं 5-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों की शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। साथ ही 5-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों के सभी बच्चों को पुनः विद्यालय में वापस लाना एवं नियमित अध्यापन कार्य का सम्पादन किया जाना है। इसको ध्यान में रखते हुए विद्यालय स्तर पर एक अभियान स्कूल रुआर, 2023 (बैक टू स्कूल कैंपेनिंग) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जो 13 से 31 जुलाई तक संचालित की जाएगी। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि, चतरा विनीत मधुकर, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, डीपीएम जेएसएलपीएस संतोष कुमार, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, बीपीओ, बीओ एवं शिक्षा विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## रात में बिजली की आंख मिचौली से चंदवावासी रहे परेशान

### शहर से सटे अलौदिया समेत कई गली मुहल्लों में जर्जर है 11 हजार वोल्ट का तार

खबर मन्त्र संवाददाता

- आये दिन कहीं न कहीं फॉल्ट होकर तार गिरने से घंटो रहती है बिजली बाधित

**चंदवा।** चंदवा टाउन फीडर से जुड़े चंदवा शहर समेत आसपास के क्षेत्र के लोगो को लगातार लचर बिजली व्यवस्था की मार झेलनी पड़ रही है। जिससे लोगो का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बरसात शुरू होने के बाद से जब जब बारिश हो रही है चंदवा में बिजली संकट गहरा जा रहा है। शुक्रवार को भी दोपहर बाद हुई बारिश के बाद चंदवा की बिजली गुल हो गयी। इसके पीछे का कारण बताया गया की कई स्थानों पर बिजली का तार फॉल्ट हो गया है जिसे दुरुस्त किया जा रहा है। लेकिन देर रात तक फॉल्ट होने कभी आगे से पावर कम होने की बात कह बिजली बाधित रही। कभी 10 तो कभी 20 मिनट बिजली रहने के बाद बार-बार बिजली के गुल होने से लोग रात भर परेशान रहे। मध्यरात्रि के बाद तो चंदवा टाउन फीडर से जुड़े शहरी क्षेत्र पूरी तरह से ब्लैक आउट रहा। आम उपभोगता विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर चंदवा में बिजली व्यवस्था को लेकर सवाल जवाब करते रहे लेकिन विभाग के अधिकारी भी गोल मटोल जवाब देकर बचते रहे। चंदवा वासियों ने कहा कि यह समस्या मात्र एक दिन की नही है बल्कि विगत कई वर्षों से चंदवा बिजली सुविधा के मामले में उपेक्षा का शिकार है। कई बड़ी कम्पनियों को बिजली के लिए कोयला मुहैया कराने वाले लातेहार जिला का चंदवा प्रखण्ड लचर बिजली व्यवस्था से जूझ रही है। शहर से सटे अलौदिया ग्राम, देवी मंडप समेत शहर की कई गली व मुहल्लों में 11 हजार वोल्ट का पूरी तरह से जर्जर होकर सर पर मौत बनकर झूल रहा है जिसे देखने वाला न ही कोई जनप्रतिनिधि और न ही कोई अधिकारी है। सभी मूकदर्शक बन बड़ी घटना होने का इन्तेजार कर रहे हैं। समस्या को लेकर विभाग के अधिकारी कहते हैं कि तार बदली होने को लेकर सर्वे का काम पूरा हो चुका है, तार बदली जाएगी, लेकिन कब यह शायद उन्हें भी नही पता।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना बालूमाथ खलारी मार्ग पर साहू पेट्रोल पंप के समीप घटी जहां एक बाइक मे सवार दो युवक मो दानिश 22 वर्ष पिता जमालूदिन,मो अनीश 14 वर्ष पिता जमालूदिन दोनो ग्राम बसिया थाना बालूमाथ निवासी मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनो घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा दोनो घायल युवकों का प्राथमिक उपचार किया गया।

वही दूसरी घटना रांची-चतरा पथ पर बरछिया ग्राम के पास घटी जहां एक बाइक सवार युवक ठोकर में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में बाइक में सवार युवक मो मेराज 40 वर्ष स्व सलाम बालूमाथ निवासी गिर का गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक को ग्रामीणो की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।

### व्यवहार न्यायालय लातेहार में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

# 11 हजार वादों का हुआ निपटारा, 02 करोड़ रुपये का हुआ सेटलमेंट तथा 66 लाख परिसंपति का हुआ वितरण

- वर्षों तक चलने वाले वाद का त्वरित निष्पादन आप लोक आदालत के माध्यम से करके घर में आन्नद से रहें: मनोज कुमार सिंह
- आम जनता के हित में है लोक अदालत- उपायुक्त गरिमा सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता


संबोधित करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व मंचासिन अतिथि।

**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व्यावहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष गरिमा सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जो वाद वर्षों तक चलता है उसका निष्पादन लोक अदालत के माध्यम से तुरंत किया जा सकता है। वादों के निपटारा के लिए सबसे सुगम मार्ग है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक वाद को चलाने से बचना चाहिए। लबें समय तक वाद को चलाने के बाद जो न्याय मिलता है, उससे ज्यादा अच्छा और समझदारी वाद को लोक अदालत के माध्यम से खत्म करने में है। उन्होंने विभिन्न वभागों से आये अधिकारियों से आग्रह किया कि सरकार के गाइडलाइन को फॉलो करते हुए ज्यादा से ज्यादा वादों का निपटारा करायें साथ ही इस बात का भी ख्याल रखें कि दूर दुरस्त-गांव से आये गरीब और मजबूर लोगों को रहत देने का काम करें। लोक अदालत में आये लोगों के वादों का निपटारा कर के ही वापस भेजें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि जनता यह कोशिश करें कि उनका वाद लोक अदालत के माध्यम से खत्म हो। इससे उनके समय और पैसे की बचत होगी। बचत किये हुए पैसे से वह अपने अन्य कार्य को कर सकते हैं। उन्होंने विभाग के अधिकारियों, बैंक कर्मियो, विभिन्न विभाग के अधिकारियों एवं आम जनता से ज्यादा से ज्यादा वादों का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से कराने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश, कुटूम्ब न्यायालय श्री राजीव आन्नद, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, सीजेएम अब्दूल नसीर, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने लोगों को लोक अदालत के महत्व के बारे में बताया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 2 करोड़ का हुआ सेटलमेंट

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 11 हजार सुलहनीय मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न वादों में लगभग 02 करोड़ का सेटलमेंट किया गया। इसके अलावा 66 लाख रुपए का परिसंपति का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दूबे, सिविल जज तृतीय सह न्यायिक दण्डाधिकारी स्वाति विजय उपाध्याय, जिला विधिक सेवा प्रधिकार के सचिव शिवम चैरसिया, एसडीजेएम प्रणव कुमार, प्रभारी न्यायाधीश सह प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट जेजेबी उत्कर्ष जैन, अपर समाहर्ता रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, एलएडीसी के अधिवक्ता राजेश कुमार, बार एसोसिएशन लातेहार के सदस्य, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी, एवं पीएलवी के सदस्य, बैंक कर्मी सहित सैकड़ों की संख्या में वादकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सिविल जज तृतीय सह न्यायिक दण्डाधिकारी स्वाति विजय उपाध्याय ने किया।

# उपचुनाव : रूपौली विधानसभा से निर्दलीय शंकर सिंह ने राजद व जदयू को दी पटखनी

एजेंसी



**पूर्णिया।** पूर्णिया में निर्दलीय उम्मीदवारों का जीतना का हवा चल रही है। पहले पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव ने बाजी मारी। अब रूपौली विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर भाग अजमा रहे शंकर सिंह ने भी उपचुनाव में अपना जीत का परचम लहराया है। शंकर सिंह ने इस सीट से बड़ी जीत हासिल की है। उन्होंने भी पप्पू यादव के तरह ही राजद और जदयू प्रत्याशियों को पटखनी दी। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी के बागी शंकर सिंह ने 19 साल बाद जीत का स्वाद चखा। एनडीए को इस सीट पर जीत आसान लग रही थी। उधर, पप्पू यादव और तेजस्वी भी इस सीट पर राजद प्रत्याशी बीमा भारती के समर्थन में खड़े थे। इसी बीच शंकर सिंह ने बाजी मार ली। जीत के बाद शंकर सिंह ने कहा कि जनता भगवान होती है। यह जीत मैं जनता की है। उन्होंने मुझे अपना आशीष दिया। यह जीत मैं जनता को समर्पित करता हूं।

### रूपौली सीट से साल 2000 अजमा रहे किस्मत

शंकर सिंह रूपौली विधानसभा सीट से साल 2000 से लगातार चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा चुनाव 2020 में लोजपा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया, इसमें 44,994 वोट लाकर वह दूसरे स्थान पर थे। वहीं शंकर सिंह फरवरी 2005 में रूपौली विधानसभा से लोजपा के टिकट पर विधायक बने थे। हालांकि, दोबारा फिर नवंबर 2005 में चुनाव हुआ तो, उनकी हार हो गई थी। वह छह बार रूपौली सीट से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। 2010 के विधानसभा चुनाव में शंकर सिंह राजद समर्थित लोजपा के उम्मीदवार थे। चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं, 2015 में पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय ही चुनाव लड़ा, इसमें वह तीसरे स्थान पर रहे थे। इसी तरह 2020 में लोजपा ने उन्हें फिर से उम्मीदवार बनाया, जिसमें 44,994 वोट लाकर वह दूसरे स्थान पर थे। इस चुनाव से पहले रूपौली सीट जदयू के पाले में थी। शंकर सिंह लोजपा (रामविलास) के सदस्य थे। टिकट मिलने की उम्मीद पर पानी फिरते देख शंकर सिंह ने इस्तीफा दे दिया और निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे।

### शंकर सिंह ने छठे राउंड से आगे थे

निर्दलीय प्रत्याशी शंकर सिंह ने जदयू उम्मीदवार कलाधर मंडल से पहले राउंड लगातार पीछा करते रहा। जैसे ही छठा राउंड का रिजल्ट आया तो शंकर सिंह ने कलाधर मंडल से 501 वोट अपनी बढ़त बनाई उसके लगातार आगे बढ़ते रहा। वहीं बारहवें में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने जीत की घोषणा की। बारहवें राउंड में शंकर सिंह ने 8204 वोट से जीत हासिल की है। चुनाव परिणाम आने के बाद शंकर सिंह ने समर्थक एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दे रहे। साथ ही अपने नवनिर्वाचित विधायक के समर्थक नारेबाजी कर रहे।

## स्पीड न्यूज

### मुहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर बैठक

**कांडी।** मुहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शनिवार को कांडी थाना में दोनों समुदाय के साथ शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने की। बैठक में बीडीओ सह सीओ श्री सहाय ने कहा कि व्हाट्सएप या सोशल मीडिया में आने वाले झूठी खबर को फॉरवर्ड न करते हुए प्रशासन को अविलंब सूचित करें। डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। साथ ही विभिन्न इस्लामिया कमिटी द्वारा जो जुलूस को लेकर जो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम है उसमे कोई बदलाव मान्य नहीं होगा। बैठक में प्रखंड प्रमुख ने दोनों समुदाय के लोगों से मुहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न कराने की अपील की। बैठक को प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विकास उपाध्याय, भाजपा किसान मोर्चा के गढ़वा जिला अध्यक्ष रामलाला दुबे, कांडी, पतीला व रानाडीह पंचायत के मुखिया सहित अन्य कई गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष जवाहर राम, भाजपा के कांडी मंडल महामंत्री शशिरंजन दुबे, कांडी पंचायत मुखिया विजय राम व रानाडीह पंचायत, पतीला पंचायत मुखिया अमित दुबे, राणाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा, विनोद प्रसाद, इकबाल खलीफा, शौकत अली, बाबू खान, विजय सोनी, अलमुद्दीन खलीफा, शौकत अंसारी, सतीश कुमार पासवान सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### केतार में शांति समिति की बैठक

**केतार।** थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर बीडीओ सह सीओ सावित्री कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। इस दौरान प्रमुख चंद्रावती देवी एवं थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी उपस्थित थे। मौके पर प्रभारी ने बताया कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी प्रकार की तथ्यहीन, भार्मक, हिंसक, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ मैसेज व वीडियो, फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर पोस्ट एवं शेयर ना करें। जिसे प्रखंड क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था खराब होने की संभावना हो। गढ़वा पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी हुई है। ताकि शांति व्यवस्था भंग ना हो। प्रभावित करने वाले भार्मक सूचना फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने वाले व्यक्ति को सीधे तौर पर जिम्मेवार ठहराते हुए सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना बिना विलंब किए हुए संबंधित थाना को दें। समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन को हर सम्भवतः मदद करें। बैठक के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों के बीच पौधा का वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया प्रमोद कुमार, मुखिया मुंगा साह, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, कलेंदर पासवान, पूर्व मुखिया विक्रमा सिंह, पूर्व मुखिया अनिल कुमार पासवान, समाजसेवी अजय वर्मा, हेमंत पाठक, बाबूलाल यादव, बिंदु राम, कुंडल सिंह, अशोक पासवान, सदर शमीम अंसारी, सदर हकीमुद्दीन अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## इस क्षेत्र की जनता के सपने को दो राजाओं ने कुचलने का काम किया है : पंकज चौबे

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते समाजसेवी पंकज चौबे।

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर की जनता परिवर्तन चाहती है। पिछले 25 वर्षों से इस क्षेत्र की जनता के सपने को दो राजाओं ने बारी-बारी कुचलने का काम किया है। उक्त बाते समाजसेवी पंकज चौबे ने भवनाथपुर के होटल अनुराग में प्रेसवार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सेल सिटी से मशहूर टाउनशिप इन प्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण वीरान हो गया है। हजारों लोगों की रोजी-रोटी चली गई लेकिन इन दोनों जनप्रतिनिधियों ने एक बार भी पहल नहीं किया। तुलसीदामर माइंस बंद हो गया मजदूरों की नौकरी चली गई। वहां काम करने वाले मजदूर आज विभिन्न प्रदेशों में पलायन के लिए मजबूर हैं लेकिन इस क्षेत्र के दो जन प्रतिनिधि बारी बारी से विधानसभा जाकर सिर्फ अपना तिजोरी भरने का काम किए हैं। यही वजह है कि क्षेत्र की जनता अब बदलाव चाहती है। इस क्षेत्र में हर सीजन में लोग अपने घर परिवार को छोड़कर पड़ोसी राज्य बिहार में बनिहारी करने का काम करते हैं। भेड़ बकरी की तरह भरकर उन्हें विभिन्न राज्यों में ले जाया जाता है। दोनों जनप्रतिनिधि इस समस्या को विधानसभा में कभी नहीं रखा। यही वजह है कि भवनाथपुर की जनता 25 वर्ष पहले जैसे थी वैसे ही बदहाली में आज भी है। यहां की जनता इस क्षेत्र में परिवर्तन लाकर विकास चाहती है। इस क्षेत्र की जनता की मांग पर उनकी सेवा करने के लिए क्षेत्र में उतर गया हूं। हम चाहते हैं कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से हो रहे पलायन खत्म हो, इस क्षेत्र में पुण लोगों को रोजगार मिले उसके लिए काम करेंगे। 25 वर्ष बाद भी कई ऐसे घर हैं जिनके घर में खाने के लिए लाले पड़ते है। लेकिन आज तक उनका न तो राशन कार्ड है और ना ही उनके घर तक बिजली की सुविधा पहुंची है। आज भी भवनाथपुर की कई इलाका ऐसा है जो ढ़िबरी युग में जीने को मजबूर है। लेकिन अब इस क्षेत्र की जनता के साथ किसी को छल करने नहीं दिया जाएगा। जनता ने इन दोनों ही जनप्रतिनिधियों के चाल को समझ गई है। और इस बार के चुनाव में उन्हें सबक सिखाने का काम करेगी। प्रेस वार्ता में मुकेश गुप्ता, विनोद सिंह, बबलू सिंह, सचिता यादव, महफूज आलम, साकेत चौबे, सुशील चौबे, दूदून चौबे, उपेंद्र चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन



**भागलपुर।** भागलपुर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय हो कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश नारायण सेवक पांडे ने भागलपुर से पांच मामले चिन्हित किये हैं, जिसमें पक्षकारों को नोटिस देकर बुलाया गया है। जिसमें पहले दोनों पक्षों को वीडीयो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये बात कर सुलह कराने का प्रयास जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्यों द्वारा किया जायेगा। पूरे राज्य में 120 ऐसे मामले सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चिन्हित किये गये हैं। जिसमें पांच मामले भागलपुर जिला में निष्पादित किये जा रहे हैं। भागलपुर के कोर्ट परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का नेतृत्व कर रहे जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि कोई भी व्यक्ति पर मुकदमा होता है, तो उसका विकास प्रभावित होता है। जो समय वह अपने विकास के कार्यों में देता वह समय उसे कोर्ट में गुजारना पड़ता है। कोर्ट का एक केस भी किसी कर्म के दंड से कम नहीं माना जाता है।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में मलेरिया-डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम



प्रशिक्षुओं के साथ कुलसचिव।

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन तथा एसबी पांडेय सनातन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज रेहला के संयुक्त तत्वावधान में मलेरिया तथा डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की। मौके पर मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ ललन कुमार ने कहा कि बारिश के मौसम में मलेरिया एवं डेंगू एक माहामारी का रूप ले लेता है। इसका उपचार सतर्कता पूर्वक करने की जरूरत है। सनातन टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ आभा गोस्वामी ने मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के प्राथमिक उपचार को विस्तृत रूप से बताया। सनातन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सहायक प्राध्यापक आनंद कुमार यादव ने डेंगू एवं मलेरिया के फैलने का कारण गंदगी को बताया और अपने आस-पास के परिवेश को स्वच्छ रखने की बात कही। दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्य डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि मलेरिया एवं डेंगू एक खतरनाक बीमारी है। मौके पर महाविद्यालयों के प्राध्यापकों में जनार्दन शुक्ला, आनंद यादव, शशिकांत सिंह यादव, आनंद कुमार, चौबे अभिमन्यु शुक्ला, एसएन ठाकुर, बीएन सिंह, रविशंकर मेहता, ज्योति चौबे सहित काफी संख्या में प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते पदाधिकारी।

**मझिआंव।** मुहर्रम त्यौहार को लेकर शनिवार को थाना परिसर में सीडीपीओ नीरज कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान उन्होंने थाना क्षेत्र से आए मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारी से जुलूस के दौरान होने वाली समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान मझिआंव मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदर मंसूर खान ने त्योहार से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि 17 जुलाई को मोहर्रम के दिन बाकोईया, जोगी वीर, रतनुआ, करमडीह एवं चंदना आदि गांव से आए इलाकाई जुलूस का मिलनी मस्जिद के समीप स्थित कादंबिनी चौक पर किया जाएगा। उसके पश्चात मुख्य बाजार ब्लॉक रोड होते हुए कर्बला में रात्रि के लगभग 8:30 बजे तक पहलाम किया जाएगा।साथ ही जुलूस में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन की मांग की है। इस दौरान एसडीपीओ नीरज कुमार ने कहा कि मुहर्रम का त्यौहार मातमी त्यौहार है। इसको उसी तरह ही मनाएं। निर्धारित रूट से ही जुलूस निकाले, वरना किसी प्रकार की अनहोनी की जिम्मेदारी कमेटी के पदाधिकारी की होगी। उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जुलूस के दौरान किसी प्रकार के अनहोनी की सूचना मिलने पर तत्काल थाना को दें, हुडदंगियों एवं असामाजिक प्रवृत्ति के लोगों के ऊपर प्रशासन की पैनी नजर है। बैठक में बीडीओ सतीश भगत, अंचलाधिकारी शंभू राम, पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, थाना प्रभारी आकाश कुमार, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, सांसद प्रतिनिधि शोभा जयसवाल, युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी, मुखिया महताब आलम, नागेंद्र सिंह, नीरज कमलापुरी, विवेक सोनी, वीरेंद्र नाथ दुबे, अजय पाठक, इबरार खान, शहजाद अंसारी, जिया खान, मुन्ना खान, गयासुद्दीन अंसारी, फखरुद्दीन खलीफा सहित दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## विशेष समुदाय के उपद्रवियों ने बाजार क्षेत्र में की पत्थरबाजी

▶▶ आधा दर्जन लोग घायल, बाजार क्षेत्र में तनाव

खबर मन्त्र संवाददाता



बंद पड़ी दुकानें।

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के बभनी गांव स्थित मैदान में अंडर (18) दो क्रिकेट टीमों के बीच क्रिकेट खेलने के दौरान दो खिलाड़ियों में कहा सुनी और विवाद हुआ। इसके बाद खेल बंद हो गया और सभी अपने अपने घर चले आये। उसके बाद मझिआंव थाना क्षेत्र के घुरुवा और बरडीहा बभनी के खिलाड़ी मझिआंव आए तो खेल विवाद पर ही कहा सुनी हुई और मार-पीट भी हुई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार उसके बाद दो समुदायों के रंग देने के लिए ख्याल से बभनी, घुरुवा खुर्द एवं तलसबरिया के मुस्लिम समुदाय के लगभग 40 से पैंतालीस मोटरसाइकिल से लगभग डेढ़ सौ की संख्या में लाठी डंडे से लैस होकर मझिआंव मुख्य बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे और गाली गलौज करते हुए सभी लोग मुख्य बाजार के तीन मुहान पर पहुंचे और आक्रोश जताते हुए हो हंगामा किया एवं पत्थर बाजी भी की। और गाली गलौज करते हुए दुकानों को बंद करवा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके बाद अपनी शक्ति का प्रदर्शन को दिखाते हुए मुख्य बाजार के पीपल पेड़ के समीप एवं तीन मुहान चौक के समीप आकर प्रदर्शन करने का असफल प्रयास किए जाने को लेकर हिंदू संगठन के युवकों ने इसका विरोध जताया। ऐसा लग रहा था कि दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए आपस में भिड़ जाएंगे। इस बीच भी पथराव किया गया। इस दौरान कुछ लोग घायल भी हुए। कुछ दो पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ। यहां तक कि उपद्रवियों ने बराती वाहन को रोक कर गाली गलौज किया और उनके वाहनों को नुकसान पहुंचाया। इसकी सूचना पाते ही थाना प्रभारी आकाश कुमार ने काफी संख्या में पुलिस बल बाजार भेजा और स्थिति पर नियंत्रित करते हुए इसकी सूचना जिला मुख्यालय को दी गई। जानकारी मिलते ही नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी और थाना एएसआई आलोक कुमार के द्वारा समझा बुझा कर मामला को शांत कराया। सूचना के आलोक में डीएसपी नीरज कुमार और आस-पास के थाना पुलिस भी दल बल के साथ पहुंचे। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत एवं अंचल अधिकारी शंभू राम भी पहुंचे। तब तक स्थिति कुछ सामान्य हो चुकी थी। हालांकि सूत्रों के अनुसार देर रात तक तनाव की स्थिति देखी गई। वहीं मिली जानकारी के अनुसार उपद्रवी रात में ही अधौरा मोड़ पर सभी वाहनों को रोका और मारपीट भी किया। वहीं पुलिस सारी स्थिति पर पैनी नजर बनाए रखी रही। वहीं इसके बाद डीएसपी नीरज कुमार घुरूआ क्षेत्र में कैंप किए। इधर दोनों समुदाय के बीच तनाव बरकरार है। इस घटनाक्रम में मारपीट एवं पत्थरबाजी में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं।

वहीं दूसरी घटना बकोईया ए जोगीबीर के लोगों के बीच की है। मालूम चला है कि विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा मुहर्रम का झंडा नए स्थान पर गाड़ा गया था। तो वहीं दूसरे पक्ष के लोगों के द्वारा उखाड़ दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष के द्वारा झंडा उखाड़ने की सुचना पर दोनों पक्ष के लोग भिड़ गए। जिसमें गौरी शंकर और मोहम्मद ताज घायल हो गए। जिसे रेफरल अस्पताल में इलाज किया गया।

### बाजार क्षेत्र के अधिकतर दुकानें रही बंद

शुक्रवार की घटनाओं को निंदा करते हुए और पुन: कोई घटना का पुनार्वृति ना हो जिसको लेकर दुकानदार अपने अपने दुकान को बंद रखा। वहीं दूसरी ओर दुकानदारों में रोस व्याप है। कहा कि झगड़ा किसी एक दो व्यक्ति से होता है और विशेष समुदाय के लोग 7 से 8 किलोमीटर दूरी तय कर आते हैं और दुकानदारों को टारगेट करते हैं और गाली गलौज कर दुकान को बंद करवा देते हैं। इस संबंध में पुलिस प्रसाशन को ध्यान देने की और कार्यवाई करने की जरूरत है।

## खबर एक नजर में

### सबुआ स्कूल की भूमि पर दशकों से अवैध कब्जा के बाद हुआ सीमांकन व खुंटागड़ी



सीमांकन व खुंटागड़ी करते लोग।

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के लमारी कला पंचायत अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय सबुआ की जमीन पर कई दशकों से अवैध कब्जे की शिकार सबुआ स्कूल की जमीन का सीमांकन किया गया। मुखिया प्रतिनिधि, पुलिस बल व ग्रामीणों की उपस्थिति में अंचल अमीन ने सीमांकन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही कुछ लोगों ने कई दशकों से अवैध कब्जा जमाकर उस पर बराबर खेती बारी किया करते हैं। इधर जमीन के अभाव में स्कूल के विद्यार्थी व शिक्षक प्रतिदिन परेशानी झेलते रहे हैं। इस गंभीर मामले को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार को पूरी जानकारी देते हुए कार्रवाई का आग्रह किया गया। अगले ही दिन एसडीओ ने सबुआ गांव पहुंचकर स्कूल की जमीन पर दशकों से अवैध कब्जा से उत्पन्न परिस्थिति का जायजा लिया। मामले को गंभीर पाकर उन्होंने कांडी सीओ राकेश सहाय को जमीन की मापी कराकर डिमार्केशन कराए जाने का निर्देश दिया। साथ ही मौके पर मौजूद लमारी कला पंचायत की मुखिया शशि कुमारी के प्रतिनिधि रिंकू सिंह व बीडीओ को 15वें वित्त से विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण का भी निर्देश दिया। ताकि फिर से कोई स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं जमा सके। इसी आदेश के आलोक में शुक्रवार 12 जुलाई को अंचल अमीन धर्मदेव राम ने कांडी थाना के पुलिस बल, मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह व कई ग्रामीणों की उपस्थिति में स्कूल की जमीन की मापी करके सीमांकन करते हुए पत्थर गाड़ दिया। इस मौके पर कब्जा धारी लोग भी उपस्थित थे। इसके बाद सीओ को प्रदान करने के लिए अंचल अमीन ने संपूर्ण कार्यवाही की रिपोर्ट तैयार किया। जिसपर मुखिया प्रतिनिधि रिंकू सिंह, प्रधानाध्यापक नवीन कुमार दुबे व ग्रामीणों के साथ कब्जा धारियों ने भी सहमति स्वरूप हस्ताक्षर व अंगुठे का निशान लगाया। वर्षों से परेशान एचएम ने सीमांकन व खुंटागड़ी के लिए एसडीओ, सीओ व सभी संबंधित लोगों को धन्यवाद देते हुए जल्द से जल्द बाउंड्री निर्माण की गुहार लगाई है। मौके पर उक्त के अलावा अक्षयवर चंद्रवंशी, अनोज सिंह, शिवशंकर राम, विदेशी राम, सुनंद कुमार चंद्रवंशी, प्रमोद कुमार, प्रेम शंकर कुमार, कबुतरी देवी, हरिगंगा राम, रवींद्र कुमार साव, सोशिला देवी, लक्ष्मण पासवान, दिलीप पासवान, गुड्डी देवी, विमला देवी व दुलारी देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### वज्रपात से दो महिलाओं सहित चार बकरियों की मौत



घटनास्थल पर सीओ।

**मेराल।** प्रखंड के संगबरिया पंचायत अंतर्गत लामी गांव में शनिवार को बारिश के साथ हुए वज्रपात की घटना में दो महिला तथा चार बकरियों की मौत हो गई। जबकि तीन महिला घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी व शिक्षक नेता रघुराई राम, बीडीसी रमेश बैठा मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया तथा घायलों को अस्पताल भिजवाने का प्रबंध किया। लोगों ने बताया कि गांव के दामर में गीता देवी बकरी चरा रही थी तथा पास में चार अन्य महिला पहुंचकर आपस में बातचीत कर रही थी, इसी दौरान अचानक बारिश होने लगी। सभी महिलाएं एक ही जगह छाता लगाकर बैठ गई इस दौरान चारों बकरियां भी उन्हें लोगों के पास आकर बैठ गई। थोड़ी ही देर में गरज के साथ वज्रपात की घटना हुई जिसमें गीता देवी (48) पति जुगल राम, तेतरी देवी (50) पति ललिता राम तथा चार बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महेश्वरी देवी (42), प्रमिला देवी (35) तथा शारदा देवी (38) गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों का इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर सीओ जसवंत नायक घटनास्थल पर पहुंच मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए सांत्वना दिया तथा घायलों से मिल समुचित इलाज की व्यवस्था की जानकारी लिया। सीओ जसवंत नायक ने बताया कि वज्रपात की घटना में मृतक के परिजनों को प्रति व्यक्ति सरकारी प्रावधान के अनुसार 4 लाख की मुआवजा तथा घायलों के इलाज का खर्च दिया जाएगा। बीडीओ जागो महतो ने वज्रपात की घटना पर दुख जताते हुए संवेदना व्यक्त की तथा सरकारी प्रावधान के अनुसार हर संभव मदद का भरोसा दिया। थाना प्रभारी विष्णु कांत घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

### जीएन कॉन्वेंट में पर्यावरण संरक्षण पर कई कार्यक्रम आयोजित

गढ़वा। शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर किया। इस दौरान पेंटिग प्रतियोगिता, पर्यावरण संरक्षण पर भाषण प्रतियोगिता, जागरूकता अभियान के साथ साथ स्लोगन और काव्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वायु, जल, भूमि या पारिस्थितिकी तंत्र की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने का अभ्यास है। पर्यावरण संरक्षण हाल के दशकों में एक व्यापक मुद्दा बन गया है क्योंकि पर्यावरण पर मानवीय दबाव तेजी से बढ़ा है। वृक्षारोपण ग्लोबल वार्मिंग, मृदा अपरदन आदि को कम करके हमारे पर्यावरण की रक्षा करने में मदद करते हैं। पर्यावरण में जितना महत्व मनुष्यों का है उतना ही अन्य जीव-जंतुओं एवं पेड़- पौधों का भी है।

## पेज एक का शेष

### उपचुनाव में भाजपा को ...

**देश की जनता तानाशाही के खिलाफ : कांग्रेस:** चुनाव नतीजों पर से खुश कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा को लिया आड़े हाथों। उन्होंने कहा, 'जनता भाजपा की राजनीति में अहंकार देखती है। भाजपा का 'भय और भ्रम का जाल टूट चुका है। हर वर्ग तानाशाही का समूल नाश करना चाहता है। संविधान की रक्षा के लिए जनता पूरी तरह से इंडिया गठबंधन के साथ है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव नतीजों से यह साफ हो गया है कि भाजपा का बुना गया भय और भ्रम का जाल टूट चुका है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर अपनी बात साझा की। किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी और नौकरीपेशा समेत हर वर्ग तानाशाही का समूल नाश कर न्याय का राज स्थापित करना चाहता है।

### समय पर गरीबों तक न्याय ...

**डोरंडा से आन लाइन उद्घाटन** : चीफ जस्टिस बीआर सारंगी ने शनिवार को ऑनलाइन उदघाटन न्याय सदन, डोरंडा में किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, राज्य में झालसा गरीबों को कानूनी सहायता दिलाने में बेहतर कार्य कर रही है। डालसा को तीन बातों पर विशेष ध्यान रखना होगा। इसमें पहला लोगों को समय पर कानूनी सहायता पहुंचाना, दूसरा बिना थके काम करना और तीसरा जहां कानूनी सहायता की जरूरत है वहां तक उसकी टीम का पहुंचाना। चीफ जस्टिस ने कहा कि झालसा लोक अदालत के माध्यम से मामलों के निष्पादन में बेहतर कार्य कर रही है। मामलों के त्वरित निष्पादन में तेजी आयी है। यह झारखंड के लिए अच्छा संकेत है। मौके पर विशिष्ट अतिथि झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, हाई कोर्ट के कई जज, हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मो. शकीर, महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के लिए तैयार अभियान का शुभारंभ हुआ। साथ ही न्यूज लेटर का भी अनावरण किया गया। वही झालसा के लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा आयोजित लेख, भाषण, रंगोली प्रतियोगिता के विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम में पीड़ित मुआवजा का भी भुगतान किया गया।

स्पीड न्यूज

## हाउसफुल 5 में काम करेंगे संजय दत्त



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त की एंट्री हाउसफुल 5 में हो गयी है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बनाने जा रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख की अनाउंसमेंट पहले ही चुकी थी और अब हाउसफुल 5 में संजय दत्त की एंट्री कन्फर्म हो चुकी है। सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर साजिद नाडियाडवाला ने लिखा कि एनजीईएफ फैमिली को ये घोषणा करते हुए खुशी महसूस हो रही है कि संजय दत्त, हाउसफुल 5 की फैमिली को ज्वाइन कर रहे हैं।

## इद्दत मामले में इमरान और पत्नी बुशरा बरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को शनिवार को जिला एवं सत्र अदालत ने इद्दत मामले में बरी कर दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने गैर-इस्लामिक निकाह मामले में दोषसिद्धि को रद्द करने की उनकी याचिका स्वीकार कर ली। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुहम्मद अफजल मजोका ने पहले संक्षिप्त आदेश की घोषणा की।

## बीजापुर में इनामी समेत पांच नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में डीआरजी व थाना गंगालूर की संयुक्त टीम ने पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है,जिसमें एक लाख का इनामी माओवादी भी शामिल है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि माओवादी विरोधी अभियान के तहत क्षेत्र में सघन सर्चिंग के दौरान थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत मेटापाल,पुसनार के जंगलों में डीआरजी व थाना गंगालूर की संयुक्त टीम निकली थी। इस दौरान पुलिस को देख माओवादी जंगलों में छिपते व भागते नजर आए, जहां पुलिस ने एक लाख के इनामी जनताना सरकार समेत कुल पांच माओवादियों को गिरफ्तार किया।

# राष्ट्र को सही रास्ता दिखाने में मीडिया की भूमिका अहम

## डिजिटल संस्करण का उपयोग करें मीडिया घराना : प्रधानमंत्री

एजेंसी



**नयी दिल्ली/मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के जी-ब्लॉक में इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी (आईएनएस) टावर्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि आईएनएस के प्रभावी कार्य से देश को लाभ होगा। राष्ट्र को सही रास्ता दिखाने में मीडिया की भूमिका को अहम बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मीडिया राष्ट्रों की परिस्थितियों का मूकदर्शक नहीं है, बल्कि उन्हें बदलने में प्रमुख भूमिका निभाता है। उन्होंने विकसित भारत की अगले 25 सालों की यात्रा में समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने नागरिकों के अधिकारों और क्षमता के बारे में जागरूकता पैदा करने में मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने भारत में डिजिटल लेन-देन की सफलता का उदाहरण देते हुए कहा कि कैसे आत्मविश्वास से भरे नागरिक बड़ी सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रमुख राष्ट्र भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में रुचि रखते हैं। उन्होंने इन सफलताओं में मीडिया की भागीदारी की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने मीडिया घरानों से आग्रह किया कि वे इस प्रकाशन के डिजिटल संस्करण का उपयोग करें क्योंकि इसमें मुद्रित संस्करणों की तुलना में स्थान की कोई कमी नहीं है और आज दिए गए सुझावों पर विचार करें। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप सभी इन सुझावों पर विचार करेंगे, नए प्रयोग करेंगे और भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेंगे। आप जितनी मजबूती से काम करेंगे, देश उतनी ही प्रगति करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी द्वारा लिए गए निर्णय देश के मीडिया को दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू किया गया कोई भी कार्यक्रम जरूरी नहीं कि सरकारी कार्यक्रम हो और जिस विचार पर जोर दिया जाता है, वह सिर्फ सरकार का ही नहीं होता। उन्होंने आजादी का अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा जैसे अभियानों का उदाहरण दिया, जिन्हें सरकार ने शुरू किया था, लेकिन पूरे देश ने आगे बढ़ाया। उन्होंने हाल ही में शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान का भी जिक्र किया, जिसकी चर्चा दुनिया भर में हो रही है।

## 3-4 वर्षों में 8 करोड़ नये रोजगार सृजित

▸▸ पीएम ने मुंबई में 29,400 करोड़ से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मुंबई में 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए कहा कि पिछले तीन-चार वर्षों में भारत में आठ करोड़ नए रोजगार सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार पर फर्जी खबरें फैलाने वालों के मुंह बंद कर दिए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को कौशल विकास और रोजगार की जरूरत है और हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार का विजन यह सुनिश्चित करना है कि वंचित लोग आगे आएं। पिछले वर्षों में, हमने 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के घर दिए हैं और आने वाले वर्षों में, हम 3 करोड़ और लोगों को पक्के घर देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वनिधि योजना के तहत, हमने 90 लाख लोगों को लाभ दिया है। मुंबई में 1.5 लाख लोगों ने इस योजना का लाभ मांगा है। जिन लोगों ने स्वनिधि के तहत ऋण लिया है, वे पूरा ऋण भी वापस कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मुंबई में जश्न मनाए जा रहे हैं। शहर ने हमारी जीत का खुशी से स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि लोग जानते हैं कि केवल एनडीए सरकार ही स्थिरता ला सकती है। मोदी ने कहा कि मैंने कहा था कि तीसरे कार्यकाल में एनडीए सरकार तीन गुना गति से काम करेगी और आज हम इसे होते हुए देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र का इतिहास, वर्तमान और मजबूत भविष्य का सपना समृद्ध है। विकसित भारत में महाराष्ट्र की भूमिका मजबूत है। महाराष्ट्र में उद्योग, कृषि और वित्त क्षेत्र की ताकत है। इस ताकत ने मुंबई को वित्तीय राजधानी बनाया है और मेरा लक्ष्य मुंबई को फिनटेक राजधानी बनाना है। मोदी ने कहा कि आज मुंबई में शुरू की गई विकास परियोजनाओं से मुंबई और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि इनमें रोड और रेल परियोजनाओं के अलावा महाराष्ट्र के नौजवानों के कौशल विकास की बहुत बड़ी योजना भी शामिल है। इससे शहर के बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा नागरिकों को बहुत लाभ होगा।

## उपचुनाव में भाजपा की हार, मोदी व शाह की साख में गिरावट : खड़गे

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को विधानसभा उपचुनाव में पार्टी की जीत को सकारात्मक राजनीति का परिणाम बताया और कहा कि भाजपा की यह हार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की राजनीतिक साख में आ रही गिरावट का परिणाम है। श्री खड़गे ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव के सकारात्मक परिणाम के लिए हम जनता के सामने नतमस्तक हैं। उन्होंने जहाँ-जहाँ कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए वोट किया इसके लिए उनका तहेदिल से धन्यवाद और आभार।

उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रयासों के लिए उनका अभिवादन करते हैं। ये जीत दर्शाती है कि जनता ने भाजपा के अहंकार, कुशासन और नकारात्मक राजनीति को अब सिरे से नकार दिया है। यह मोदी-शाह की गिरती राजनीतिक साख का भी प्रबल प्रमाण है। जय हिंद, जय संविधान।

पार्टी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि पहले अयोध्या में प्रभु राम का आशीर्वाद इंडिया को,अब श्री बद्रीनाथ में भोले बाबा का आशीर्वाद कांग्रेस को। सत्यमेव जयतेः।

## राजनाथ सिंह को एम्स से मिली छुट्टी



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी मिल गई है। एम्स के अनुसार उन्हें शनिवार को अस्पताल छुट्टी दे गई। रक्षा मंत्री पिछले दो दिन से यहां भर्ती थे। उन्हें कमर में दर्द के बाद एम्स के प्राइवेट वार्ड में भर्ती कराया गया था। एम्स की मीडिया सेल प्रभारी डॉ. रीमा दादा के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पीठ दर्द की शिकायत थी, जिसकी जांच की गई। रीमा ने बताया कि रक्षा मंत्री अब स्वस्थ्य हैं और उन्हें शनिवार दोपहर करीब दो बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं कमला हैरिस : बाइडन

एजेंसी

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव

▸▸ कमला ने महिलाओं की स्वतंत्रता के मामले को शानदार संभाला



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि भारतवंशी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश का नेतृत्व करने के लिए योग्य हैं। बाइडन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शुरू से ही, मुझे इस बारे में कोई संदेह नहीं रहा है। वह राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं। इसीलिए मैंने उन्हें चुना। इस टिप्पणी के कारणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सबसे पहले जिस तरह से उन्होंने महिलाओं की स्वतंत्रता के मुद्दे को संभाला और दूसरा, लगभग किसी भी मुद्दे को संभालने की उनकी शानदार क्षमता इसका कारण हैं। बाइडन ने कहा कि जब तक मुझे नहीं लगता कि वह राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं, मैं उन्हें नहीं चुनता। वर्ष 2020 में अमेरिकी उपराष्ट्रपति के रूप में चुनी जाने वाली 59 वर्षीय हैरिस पहली महिला, पहली अश्वेत अमेरिकी और पहली दक्षिण एशियाई अमेरिकी हैं। पिछले महीने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक टीवी बहस में लड़खड़ाने के बाद से यह मांग उठ रही है कि 81 वर्षीय बाइडन को नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव की दौड़ से हट जाना चाहिए। इसी पृष्ठभमि में उन्होंने 59 वर्षीय हैरिस के बारे में संबंधित टिप्पणी की। संवाददाता सम्मेलन के दौरान बाइडन की जुबान फिसल गई और उन्होंने गलती से कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप बता दिया। उन्होंने कहा कि मैंने ट्रंप को उपराष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना होता, क्या मैंने ऐसा सोचा है कि वह (हैरिस) राष्ट्रपति बनने के लिए योग्य नहीं हैं। बाइडन अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति हैं। उन्होंने कहा कि मैं चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मुझे लगता है कि मैं राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए सबसे योग्य व्यक्ति हूं। मैंने उन्हें (ट्रंप को) एक बार हराया था और अब मैं उन्हें फिर से हराऊंगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इसके अलावा, यह विचार कि राष्ट्रपति पद की दावेदारी की दौड़ में शामिल सीनेटर और कांग्रेस सदस्य टिकट को लेकर चिंतित हैं, असामान्य नहीं है और मैं कहना चाहूंगा कि राष्ट्रपति चुनाव की दावेदारी की दौड़ में शामिल कम से कम पांच राष्ट्रपति ऐसे थे, जिनकी लोकप्रियता का स्तर मेरी मौजूदा लोकप्रियता की तुलना में कम था। बाइडन ने कहा कि इसलिए इस अभियान में अभी बहुत लंबा सफर तय करना है और इसलिए मैं बस चलता रहूंगा, आगे बढ़ता रहूंगा।

## ओली होंगे नेपाल के पीएम, आज लेंगे शपथ



**काठमांडू।** नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष के. पी. शर्मा ओली ने देश में नयी सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत किया है और उन्हें रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलायी जाएगी। निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की सरकार ने शुक्रवार को नेपाल की संसद का विश्वास मत खो दिया। उसके बाद श्री ओली ने नयी गठबंधन सरकार बनाने की अपनी दावेदारी पेश की है। नेपाल के समाचार माध्यमों की रिपोर्ट के अनुसार श्री ओली को रविवार सुबह प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलायी जाएगी। प्रचंड सरकार के अल्पमत में आने के बाद ओली शुक्रवार शाम नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के साथ राष्ट्रपति भवन - शीतल निवास गए और नयी सरकार के गठन का दावा पेश किया। ओली और देउबा ने राष्ट्रपति को साझा पत्र देकर यूएमएल और एनसी के 166 सांसदों के समर्थन का दावा किया और और श्री ओली के नेतृत्व में नयी सरकार के लिए आमंत्रित किए जाने का राष्ट्रपति से अनुरोध किया। ओली और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा ने संयुक्त रूप से एक आवेदन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें राष्ट्रपति से प्रतिनिधि सभा में उनके बहुमत के साथ समर्थन का हवाला देते हुए श्री ओली को नया प्रधानमंत्री नियुक्त करने आग्रह किया गया।

**शीघ्र आवश्यकता**

ब्रान्डेड फ्लाई ऐश ब्रिक्स के हजारीबाग एवं रामगढ़ क्षेत्र में विक्रय हेतू कमीशन आधारित सेल्स पर्सन की आवश्यकता है जिन्हें Construction Material के विक्रय का अनुभव हो।

संपर्क करें-
97714-63589, 79922-81043
Email-info.inlandash@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
| --- | --- | --- | --- |
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## रियलिटी शो करदाशियां में दिखायी जायेगी अनंत व राधिका की शादी



एजेंसी

▸▸ अमेरिकी रियलिटी टीवी कलाकार किम ने मुकेश अंबानी के बेटे की शादी समरोह का किया शूटिंग

**नयी दिल्ली।** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में अपनी बहन क्लो करदाशियां के साथ शामिल हुईं। अमेरिकी रियलिटी टीवी कलाकार किम करदाशियां का कहना है कि इस शानदार समारोह को उनके टीवी शो द करदाशियां में दिखाया जाएगा।

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट शुक्रवार को मुंबई में एक भव्य समारोह में परिणय सूत्र में बंध गए। शादी समारोह में किम (43) और उनकी बहन क्लो (40) ने भी शिरकत की। क्लो ने हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें फिल्म निर्माण दल के सदस्यों को कैमरे और माइक थामे देखा जा सकता है और करदाशियां बहनें भी इस वीडियो में नजर आ रही हैं।

यह वीडियो सामने आने के बाद प्रशंसकों ने संभावना जताई कि यह शूटिंग रियलिटी शो द करदाशियां के लिए की जा रही है। अपने इंस्टाग्राम पर अपनी नवीनतम पोस्ट में किम ने शानदार शादी समारोह से पहले तैयार होने के अपने और क्लो के एक वीडियो का स्क्रीनशॉट साझा किया। किम ने यह भी खुलासा किया वे वास्तव में अपने लोकप्रिय रियलिटी शो के लिए शूटिंग कर रहे थे।

